Dr. Ram Manohar Lohia : I have asked whether Government are prepared to fix the minimum wages of scavengers between 250 and 300 so that the caste system may disappear and people from the upper strata of society may be attrcted to this profession. This has not been answered.

Shri Hathi I shall forward the suggestion made by Dr. Lohia to this committee.

Dr. Ram Manohar Lohia : Mr. Speaker, he should send this suggestion to that committee at his own suggestion and not as mine. If he sends it in my name it would not suffice.

Mr. Speaker : The hon. Member put a question and the Minister has given his answer.

Dr. Ram Manohar Lohia : If he is prepared to send it in his name, then it is all right.

Shri Shiv Chandika Prasad : Mr. Speaker, through you I may submit that in Jemeshedpur, no labourer gets a wage of Rs. 250-300, as has been stated by Dr. Lohia.

Shri Ramavata Shastri : Is there any such scheme under consideration by Govern. ment by which scavengers can be saved from the cluthches of the money lenders, who take away all their wages as soon as they get it ?

श्री हाथी : मेरी राय में माननीय सदस्य का सुझाव यह है कि उनका शोषण न हो। इस पर भी विचार करेंगे।

श्री सोनावने : सरकार ने यह समिति मेहतरों की काम की शर्तों की जांच करने के लिये नियुक्त की थी। क्या सरकार ने इसकी सिफारिशों को स्वीकर कर लिया है ? उन नगरपालिकाओं या नगरनिगमों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जाती है जो इन सिफारिशों को कार्यान्वित नहीं करते ?

श्री हाथी : यह प्रश्न स्वास्थ्य मंत्रालय से सम्बन्ध रखता है।

श्री अब्राहम : क्या इस समिति की सिफारिशों पर अन्तिम निर्णय किये जाने तक सरकार इन लोगों को कोई अन्तरिम सहायता देने के बारे में सोच रही है ?

श्री हाथी : अन्तरिम सहायता का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। समिति के प्रतिवेदन की प्रतीक्षा की जा रही है।

Telephone Equipment for S. T. D. Services

\+

*936. **Shri S. C. Samanta :**
Shri A. K. Kisku :
Shri S. N. Maiti :
Shri Tridib Kumar Chaudhuri :
Shri Yashpal Singh :

Will the Minister of Communications be pleased to state:

(a) whether Government have still to import equipment from abroad for S. T. D. Services;

(b) if so, the extent thereof; and

(c) when India will be self-sufficient in manufacturing its total requirement of equipment indigenously ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी नहीं। आमतौर पर कोई सामान आयात करने की आवश्यकता नहीं है। अपवादस्वरूप ऐसा तभी करना पड़ता है जबकि बचत की दृष्टि से आधुनिकतम तकनीकों का इस्तेमाल करके बनाये गये उपस्करों को बाहर से मंगाया जाता है।

(ख) मूल्य में दस प्रतिशत कम और वह केवल एक किस्म के सूक्ष्मतरंग उपस्कर और 2700 परिपथ वाले सहधुरीय लाइन उपस्करों तक ही सीमित है।

(ग) सूक्ष्मतरंग प्रणाली का डिज़ाइन बना लिया गया है और 2700 परिपथों के ट्रांजिस्ट्रीकृत सहधुरीय लाइन उपस्करों के डिज़ाइन बनाने का काम दूरसंचार अनुसंधान केन्द्र में शुरू कर दिया गया है। ये धीरे धीरे तीन वर्ष के भीतर उपलब्ध हो जायेंगे।

Shri S. C. Samanta : The Government had a plan to connect Allahabad, Srinagar and Jammu with New Delhi by the S. T. D. Services by the end of 1967. I want to know whether the proposed link has since been established and if so, the percentage of indigenous equipement used therein ?

Shri I. K. Gujral ; So, far as Jammu-Kashmir is concerned, it will be connected with Delhi by the S. T. D. during the current year and the equipment being used therefor is indigenous.

Shri S. C. Samanta : May I know whether there is any scheme to give incentive to the factories manufacturing its total requirement of equipment indigenously ?

Shri I. K. Gujral : This does not arise out of the Main Question, however, I can give him requisite information after collecting it if he is so particular about it.

श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी : क्या बम्बई, दिल्ली तथा मद्रास जैसे भारत के प्रमुख शहरों में टेलीफोन केन्द्रों की भांति कलकत्ता में भी क्रांस बार आटोमेटिक डायलिंग सिस्टम की व्यवस्था की जायेगी ?

श्री इ० कु० गुजराल : किसी भी स्वचालित केन्द्र में, जब नये उपकरण लगते हैं, तो हम केवल क्रास बार उपकरण लगाते हैं, ऐसा प्रतीत होता है कि इस सम्बन्ध में माननीय सदस्य को गलत फहमी है ।

श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी : अन्य शहरों के साथ उसका सम्पर्क स्थापित करने के बारे में माननीय मंत्री जी ने उत्तर नहीं दिया है :

श्री इ० कु० गुजराल : माननीय सदस्य ने, गलत शब्दावली का प्रयोग किया था जिस कारण मैं उनके प्रश्न को समझ नहीं सका । जहां तक अन्य शहरों के साथ सम्पर्क स्थापित करने का सम्बन्ध है, कलकत्ता के प्रति कोई प्रतिकूल व्यवहार नहीं किया जा रहा है, सर्वभौमिक आधार पर सम्पूर्ण देश को एस० टी० डी० (सीधे टेलीफोन करने की व्यवस्था) से जोड़ने का हमने प्रक्रम-वार कार्यक्रम बनाया है और कलकत्ता अगले प्रक्रम के अन्तर्गत आयेगा । हम इस योजना को क्रियान्वित कर रहे हैं और यह हमारे कार्यक्रम का प्रथम प्रक्रम है । इस ओर ध्यान दिया जायेगा ।

Shri Kanwar Lal Gupta : May I know whether it is a fact that Government officials take undue advantage of this Direct Dialling system resulting in the wastage of Government money amounting to lakhs of rupees and secondly whether his department have received any complaints regarding misuse of telephones by the Government Officers, and if so, the action taken or proposed to be taken by the Government in this regard ?

Shri I K. Gujral : So for as the question relating to the misuse of Government telephones is concerned, we have nothing to do with it. We grant telephone connections and charge from the subscribers without going into the details as to how they make use of them.

As regards the misuse of the Government telephones, the Home Ministry deals with the subject. So the hon. Minister should either ask the Home Minister about it or the

departments concerned where, in his opinion, telephones are so misused. So far as complaints regarding misuse of telephones is concerned, so far as know, we have not received any.

Shri Kanwar Lal Gupta : Sir, in this connection, I had written a latter to Dr. Ram Subhag Singh and as he is in the House he should come forward with a reply.

The Minister of Parliamentary Affairs and Communication (Dr. Ram Subhag Singh) : Yes, Sir, he sent a letter to me and told me verbally also about it, The matter will be looked into.

Shri Kanwar Lal Gupta : Sir, it is most objectionable and deplorable that the hon. Minister is telling a lie and denying the facts. He should have consulted his collegues before replying to it. He has no knowledge of the facts. It is unfair on his part to do so.

श्री इ० कु० गुजराल : मैंने कहा था "जहां तक मुझे जानकारी है।"

अध्यक्ष महोदय : मुझे मालूम है, किन्तु एक ही मंत्रालय ऐसा नहीं कर सकता। यदि केबिनट मंत्री को एक पत्र लिखा गया है, तो मंत्री जी यह जबाव नहीं दे सकते कि "मुझे मालूम नहीं है।" यदि उन्हें जानकारी नहीं है, तो उन्हें जवाब भी नहीं देना चाहिए।

Shri Mrityunjay Prasad : Delhi has been conneceted with a number of cities by the S. T. D. and viceversa. I want to know the time by which these cities will be inter-connected with one another by the same system ?

Shri I. K. Gujral : As present there are as many as 17 cities which are inter-connected by the S. T. D. services and we will have 50 cities, inter-connected under this system during the Fourth Five Year Plan, In this context, I would like to tell to the hon. Members that now under point to point system, we have a direct link with Agra, but we cannot have it between Jaipur and Agra. But after this new system is introduced, all the cities covered by this system would have a facility of direct dialing with one another.

डा० कर्ण सिंह : क्या माननीय मंत्री जी का ध्यान इस ओर दिलाया गया है कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर शहरों और दिल्ली के बीच संचार-व्यवस्था इतनी कमजोर है कि उनके साथ सम्पर्क स्थापित करना तो प्रायः असम्भव-सा ही हो जाता है। माननीय मंत्री जी ने बताया था कि इन सेवाओं पर तारों के काटे जाने तथा काफी चोरियों के कारण ऐसा होता है। सीमा शहरों तथा दिल्ली के बीच संचार-व्यवस्था फिर से कायम करने के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है, ताकि ऐसी कोई गड़बड़ी न हो।

डा० राम सुभग सिंह : यह सच है, हमने वहां के मुख्य मंत्रियों का ध्यान इस मामले की ओर दिलाया है और सम्बन्धित मुख्य मंत्रियों का कुछ जबाव भी मेरे पास आ चुका है और वे उपयुक्त कार्यवाही कर रहे हैं। मुझे भी मालूम है कि बीकानेर शहर को मिलाने में तो बहुत ही कठिनाई होती है लेकिन हम इन कठिनाइयों को दूर करने के लिये कार्यवाही कर रहे हैं।

श्री रा० बरुआ : क्या मंत्री महोदय समूचे पूर्वी खण्ड की सूक्ष्म तरंग व्यवस्था के अन्तर्गत ला सकते हैं और यदि नहीं, तो ऐसा करने में सरकार को कितना समय लगेगा ?

श्री इ० कु० गुजराल : इस समय पूर्वी खण्ड के अधिकांश भाग में सूक्ष्म-तरंग व्यवस्था है और कलकत्ता से जुड़ी हुई है। हम इस सम्पूर्ण खण्ड में यह व्यवस्था लागू कर रहे हैं।

Shri Yashpal Singh : There are still such telephones with the people which do not respond when their numbers are dialled; may I know when the Government will remove this defect and improve the telephone services ?

श्री इ० कु० गुजराल : माननीय सदस्य की यह शिकायत उचित है, कि टेलीफोन सेवा उतनी अच्छी नहीं है जितनी होनी चाहिए। इसका कारण यह है कि धन की कमी के कारण हम टेलीफोन के लिये अपेक्षित साज-सामान पूरी तरह सप्लाई नहीं कर सकते। मुझे विश्वास है कि कुछ और अधिक धन मिलने पर टेलीफोन सेवा सुधर जायेगी।

Shri Nitiraj Singh Choudhary : The hon. Minister has just now stated that 50 Cities/Towns will be covered by the S. T. D. I want to know whether these cities or towns will include the capital of each State ?

श्री इ० कु० गुजराल : माननीय सदस्य ने नगरों की सूची मांगी है। यह एक बड़ी सूची है लेकिन मैं समझता हूँ, अधिकांश महत्वपूर्ण नगर इसमें शामिल हैं।

Shri Onkar Lal Berwa : We have been hearing for the last so many years that Telephone Directory would be prepared in Hindi or both in Hindi and English. I want to know whether Telephone Directory has been prepared in Hindi in the Hindi speaking States and if not, the steps proposed to be taken by the Government in this regard ?

Shri I. K. Gujral : The Governments' policy is to publish Telephone Directory in Hindi in the Hindi speaking States and accordingly the Directory has been published in Hindi.

अल्प सूचना प्रश्न
SHORT NOTICE QUESTIONS

डाक सम्बन्धी जालसाजी

+

अ० सू० प्र०*23. श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा :
श्री दी० चं० शर्मा :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल में कलकत्ता में डाक सम्बन्धी जाल साजी का पता लगाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो जालसाजों के इस गिरोह की कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप जनता तथा सरकार को कितनी हानि हुई है ?

संसद-कार्य तथा संचार मंत्री (डा० रामसुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) अभी तक सरकार को हुई किसी हानि का पता नहीं चला है क्योंकि ऐसा मालूम पड़ता है कि ये चीजें बेरजिस्ट्रीकृत वस्तुओं से निकाली गई थी । बरामद की गई वस्तुओं की जानकारी और पुलिस द्वारा प्राप्त की गई शिकायतों से जनता को 4133.44 डालर की रकम के बैंक ड्राफ्टों और 2 पौण्ड के ब्रिटिश पोस्टल आर्डरों की हानि हुई है । इस मामले में अभी पुलिस की तहकीकात जारी है ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : यह मामला डालरों की क्षति से सम्बन्धित है, जिसका मतलब यह है कि यह विदेशी मुद्रा की जालसाजी का एक अंग है । मैं जानना चाहती हूं कि विभाग से कितने व्यक्तियों को निलम्बित किया गया है और इस समूचे गिरोह को समाप्त करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

डा० राम सुभग सिंह : 9 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं । पी० एम० जी०, कलकत्ता ने विशेष पुलिस संस्थान को इस मामले की जांच करने को कहा है । हम इस पर कड़ी निगरानी रखेंगे ताकि इसे रोका जा सके ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : क्या विभागीय कर्मचारियों के अतिरिक्त, कुछ व्यक्तियों को, जो इन ड्राफ्टों को लाये हैं, सजा दी गई है और क्या इस जांच से यह पता चला है कि यह विदेशी मुद्रा की जालसाजी के एक बहुत बड़े गिरोह का अंग है ? सरकार ने इस बात का पता लगाने के लिये क्या कार्यवाही की है कि विदेशी मुद्रा में इतना बड़ा सौदा कैसे होता है ?

Shri Ram Sewak Yadav : Can two Biharis not speak in Hindi ?

Dr. Ram Subhag Singh : I will speak in Hindi to the people of U P. also.

As I have already stated the police has been asked to investigate the matter very carefully. A big amount of foreign exchange-amounting to 4133 dollars in bank drafts-is involved. People try to extract even the small amounts sent alongwith the letters inside the envelopes.

श्री दी० चं० शर्मा : मैं पोस्ट मास्टर जनरल को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस गिरोह का पता लगाया, परन्तु मैं यह बताना चाहता हूँ कि ऐसे गिरोह सारे देश में सक्रिय हैं । मैं जानना चाहता हूँ कि क्या इस प्रकार के गिरोहों का न केवल पश्चिम बंगाल बल्कि सारे देश में पता लगाया जायेगा तथा यह जांच कार्य विशेष पुलिस संस्थान को सौंपा जायेगा ताकि विदेशी मुद्रा की चोरी रोकी जा सके ?

डा० राम सुभगसिंह : मैं माननीय सदस्य से सहमत हूं । पंजाब में भी ऐसा किया गया है । जालन्धर में ऐसे ही एक मामले में कुछ व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं ।

श्री हेम बरुआ : क्या यह सच नहीं है कि कलकत्ता में समाज विरोध कार्य करने वाला गिरोह, अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह का अंग है, जिसकी जड़ें हमारे समूचे देश में हैं और यदि हां, तो इस

गिरोह की अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह के साथ हुई सांठ गांठ को समाप्त करने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है।

डा० राम सुभगसिंह : जैसा कि मैं पहले कह चुका हूं, हमने पुलिस अधिकारियों को इसके बारे में जांच करने को कहा है और उन्होंने लगभग 9 आदमियों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें निलम्बित कर दिया गया है।

Shri Sheo Narain : Gangstars are active in various department, such as Posts and Telegraphs Department connected with money matters. May I know whether the Police Department has been taking any action in such cases ?

Dr. Ram Subhag Singh : Though the question appears to be a complex one, but if the hon. Members looks into it he will find that the Police have taken very prompt action in this case and they have already arrested 9 persons within a very short period commencing on 17th and ending on 22nd.

Shri Molahu Prasad : My complaint is that though the Postmaster of the Rajadhani Post Office in Gorakhpur. District had been discharged from service after prosecution for embezzelment, but he had not yet handed over the charge to his successor Shri Mahendra Pratap Singh, who had been sent there on 24th May, 1967.

अध्यक्ष महोदय : माननीय मन्त्री इसे नोट कर लें।

श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी : क्या सरकार के पास यह सुनिश्चित करने के लिये, कि डाक कर्मचारी अपने कर्त्तव्य का उचित रूप से पालन कर रहे हैं तथा चिट्ठियों, पैकेटों रिजस्ट्रीकृत चिट्ठियों तथा मनीआर्डरों को ठीक ढंग से बांटा जा रहा है कोई विभागीय व्यवस्था है ? मैंने यह प्रश्न इसलिये पूछा है क्योंकि कुछ समाचार प्रकाशित हुये हैं कि कलकत्ता में कुछ चिट्ठियों को एक तालाब में फेंक दिया गया और उन्हें बिलकुल नहीं बांटा गया।

डा० राम सुभगसिंह : विभाग के कार्य संचालन को अधिक सुचारू बनाने के लिए हम हर कार्यवाही कर रहे हैं और यदि ऐसी कोई शिकायत मेरी जानकारी में लाई गई तो मैं अवश्य उस पर उचित कार्यवाही करूंगा।

Shri Bibhuti Mishra : The hon. Minister has stated that departmental action is being taken. I want to tell the hon. Minister that postal rackets are active in Raxaul on Nepal Border also and even insured articles are lost there. A postal racket as has been unearthed in Calcutta could be unearthed there also. May I know whether Government have taken any such action which would make it possible to have a prompt police enquiry ?

Dr. Ram Subhag Singh : The promptness shown in police enquiry is evident from the fact that nine persons have been arrested from 17th to 22nd i. e. only in 5 days. so far as Raxaul is concerned, if any particular case is brought to my notice, I shall definitely take proper action.

श्री नारायण राव : मैं जानना चाहता हूं कि डाक सम्बन्धी जालसाजी से विदेशी मुद्रा का क्या सम्बन्ध हो सकता है ? क्या यह संभव है कि साधारण डाक द्वारा कुछ विदेशी मुद्रा

लाई गई हो। यदि यह बात है तो हम इसे समझ सकते हैं। दूसरे यह साधारण डाक सम्बन्धी जालसाजी का प्रश्न नहीं है, अपितु इस प्रश्न में विदेशी मुद्रा संबंधी विनियमों के उल्लंघन का मामला भी शामिल है। अतः मैं यह जानना चाहता हूं कि इस विशेष मामले में यह सारी जालसाजी किस प्रकार की गई है ?

डा० राम सुभग सिंह : वास्तव में इन मामलों में अमरीका तथा इंगलैंड से कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने सम्बन्धियों एवं धर्मप्रचारकों को भेजे गये पत्रों के साथ पोस्टल आर्डरों, चैकों तथा बैंक ड्राफ्टों के रूप में कुछ विदेशी मुद्रा भेजी गई थी। ये चीजें उन लोगों द्वारा निकाल ली गई हैं, जो इस से सम्बद्ध थे।

प्रश्नों के लिखित उत्तर
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Mizo Hostiles

***932. Shri Hukam Chand Kachwai :**
Shri Y. S. Kushwah :
Shri Ram Singh Ayarwal :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 110 on the 29th March, 1967 and state :

(a) whether the work on regrouping scheme to check the activities of the Mizo hostiles has been started ;

(b) if so, the manner in which this has been regrouped ; and

(c) the number of personnel added to the Security Forces recently ?

The Minister of State in the Ministry of Home affairs (Shri Vidya Charan Shukla) (a) and (b) : The scheme of grouping was completed by 20th February 1967. The scheme involved the shifting of the entire population, resident in about 100 villages within an area of 10 miles on either side of the Vairangte–Lungleh road, to selected centres where large and compact villages had been established ;

(c) It will not be in the public interest to disclose this information.

अखिल भारतीय घुड़सवार संस्था

***933. डा० कर्ण सिंह :**
श्रीमती निर्लेप कौर :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को अखिल भारतीय घुड़सवार संस्था बनाने तथा उसे अन्तर्राष्ट्रीय घुड़सवार निकाय से सम्बद्ध करने के बारे में कोई प्रस्ताव मिला है ; और

(ख) यदि हां, तो यह मामला इस समय किस अवस्था में है।

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

मैक्सिको में ओलिम्पिक खेल

*937. **श्री प्र० के० देव** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत 1968 में मैक्सिको में होने वाले ओलिम्पिक खेलों में भाग लेगा।

(ख) यदि हां, तो किन किन खेलों में भारत भाग लेगा, और

(ग) उन खेलों में भारत के कौन से खिलाड़ी भाग लेंगे ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद) : (क) भारत 1968 में मेक्सिको में होने वाले ओलिम्पिक खेलों में भाग लेने की उम्मीद करता है।

(ख) और (ग) : टुकड़ी के आकार और विभिन्न खेलों में भाग लेने के बारे में भारतीय ओलिम्पिक संघ के प्रस्ताव अभी नहीं मिले हैं। जब वे प्राप्त हो जाएंगे, तो अखिल भारतीय खेल कूद परिषद के परामर्श से उनकी जांच की जाएगी और टोमों व व्यक्तिगत खिलाड़ियों के स्तरों को तथा धन और विदेशी मुद्रा की उपलब्धता आदि को ध्यान में रखते हुए उन पर निर्णय किया जाएगा।

पुलिस द्वारा पूर्ववृत्त की जांच

*938. **श्री स० मो० बनर्जी** :
श्री मधु लिमये :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल सरकार ने सरकारी नौकरी पाने वाले व्यक्तियों की राजनैतिक पृष्ठभूमि की पुलिस द्वारा जांच कराने की पद्धति को समाप्त करने का निर्णय किया है;

(ख) क्या उन्होंने इस निर्णय की सूचना केन्द्रीय सरकार को भी भेजी है ;

(ग) क्या इस कारण केरल के लोगों को केन्द्र में नौकरी नहीं दी जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) (क) जी, हां

(ख) जी, हां

(ग) जी, नहीं

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता

टेलीफोन कालों का रिकार्ड रखने वाले मीटर

*939. **श्री यशपाल सिंह** :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री अ० कु० किस्कु :
श्री श० ना० माइती :
श्री त्रिदिब कुमार चौधरी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टेलीफोन रखने वाले लोगों के निवास स्थान पर टेलीफोन कालों का रिकार्ड रखने वाले मीटर लगाने के किसी प्रस्ताव पर सरकार विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में कब तक निर्णय किये जाने की संभावना है ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

चीनियों द्वारा इश्तहारों का वितरण

#940. श्री बाबू राव पटेल : क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चीनी लोग नेफा सीमा पर रहने वाले लोगों को चीनी इश्तहार बांट कर भारत के विरुद्ध शरारतपूर्ण प्रचार कर रहे हैं।

(ख) यह प्रचार किस प्रकार का है तथा इससे लोगों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ;

(ग) इस प्रचार को निष्प्रभावी बनाने के लिये नेफा प्रशासन ने क्या कार्यवाही की है ; और

(ख)) यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) (क) जी, हां ;

(ख) पर्चों में उदाहरण दिये गये हैं और इनसे चीन द्वारा तिब्बत के विभिन्न क्षेत्रों में की गई प्रगति का वर्णन किया गया है इन पर्चों में विद्रोह के बाद वापिस लोट तिब्बियों का भी स्वागत किया गया है और उन्हें दिये गये पूजा के अधिकारों का भी उल्लेख किया गया है।

(ख) और (ग) नेफा प्रशासन ने निम्नलिखित कदम उठाये हैं:—

(1) हमने अपना प्रचार कार्यक्रम तेज कर दिया है

(2) सीमक्षेत्र का विकास किया जा रहा है

(3) राष्ट्रीय भावना जाग्रत करने के लिये नेफा के नवयुवकों को भारत दर्शन की यात्रा पर भेजा जा रहा है और उन्हें समस्त भारत में अच्छे स्कूलों में प्रवेश कराया जा रहा है।

(4) ग्रामवासियों से अनुरोध किया गया है कि चीनी पर्चों को पकड़ने में सहायता करें।

Corsespondence in Hindi with States

***941. Shri Vishwa Nath Pandey : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :**

(a) the progress made so far to ensure the increasing use of Hindi in correspondence with the Hindi-speaking States ;

(b) whether the Hindi-speaking States have expressed some difficulties in regard thereto ;

(c) if so, the action taken to remove those difficulties; and

(d) the names of the States which have decided to conduct official correspondence in Hindi ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) Instructions were issued in September, 1966 that all Hindi letters received from the Hindi Speking States are to be replied in Hindi or when a reply is sent in English, the same is accompanied by a translation in Hindi.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

(d) Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Rajasthan, Bihar, Maharashtra. Gujarat and Haryana.

अन्तर्राष्ट्रीय छात्र होस्टल

***942. श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री ओंकार सिंह :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने अन्तर्राष्ट्रीय छात्र होस्टल में बढ़ती हुई अनुशासनहीनता की प्रवृति के कारण उसे अपने अधिकार में लेने से इन्कार कर दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो होस्टल में रहने वाले छात्रों में अनुशासनहीनता की प्रवृत्ति को रोकने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्यमंत्री (श्री भगवत झा आजाद) (क) जी, नहीं

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य करना

***943. श्री श्रद्धाकर सूपकार** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य कर दी गई है ; और

(ख) क्या दिल्ली में छः से ग्यारह वर्ष के बीच की आयु के सभी बच्चे स्कूलों में पढ़ते हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद) (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

भारत-अमरीका शिक्षा प्रतिष्ठान

*944. श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री हो० ना० मुकर्जी :
श्री वासुदेवन नायर :

क्या शिक्षा मंत्री 24 मई, 1967 के तारांकित प्रश्न संख्या 39 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके और अमरीकी राजदूत के बीच हुई बातचीत के परिणामस्वरूप भारत–अमरीका शिक्षा प्रतिष्ठान संबंधी प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया गया है तथा उस पर अब सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो भारत सरकार किन शर्तों पर इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के लिये सहमत हुई है ?

शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) (क) जैसा पहले बताया जा चुका है, इस बैठक में इस मामले पर केवल संक्षेप में चर्चा हुई थी और कोई विशिष्ट प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Retrenchment in The Central Hindi Directorate

*945. Shri Molahu Prasad :
Shri Maharaj Singh Bharati :
Shri Rabi Ray :

Will the Minister of Education be pleased to state :

(a) whether it is a fact that large scale retrenchment has been made in the technical staff of the Central Hindi Directorate whereas the strength of the administrative staff has been retained; and

(b) if so, the reasons therefor ?

The Minister of State in The Ministry of Education (Shri BhawatJha Azad) (a) and (b) : The Staff Inspection Unit of the Ministry of Finance had recently undertaken a work measurement study of the Central Hindi Directorate. This Unit assessed the staff requirements of the Central Hindi Directorate on the basis of the actual work load as a result of which some technical staff was found surplus. Such surplus staff has been absorbed against comparable vacant posts in the Commission for Scientific and Technical Terminology, and no staff has been retrenched so far.

औद्योगिक न्यायाधिकरण को कर्मचारियों की मांग का मामला सौंपना

*946. श्री अनिरुद्धन :
श्री चक्रपाणि :
श्री ज्योतिमय बसु :
श्री अब्राहम :
श्री उमानाथ :
श्री विश्वनाथ मेनन :
श्री एस्थोस :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नई दिल्ली से प्रकाशित होने वाले समाचारपत्र 'स्टेसमैन' में हुई तालाबन्दी की अवधि की मजूरी के सम्बन्ध में कर्मचारियों की मांग का मामला औद्योगिक न्यायाधिकरण की नहीं सौंपा था ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकता स्थित 'स्टेटसमैन' लिमिटेड के कर्मचारियों की वही मांग औद्योगिक न्यायाधिकरण को सौंपी है ; और

(च) इस सम्बन्ध में स्टेटसमैन लिमिटेड के दिल्ली तथा कलकत्ता के कर्मचारियों के बीच भेद-भाव बरतने के क्या कारण हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी नहीं । दिल्ली प्रशासन ने यह विवाद 3-6-67 को अतिरिक्त औद्योगिक न्यायाधिकरण, दिल्ली, के पास न्यायनिर्णय के लिए भेज दिया है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जी हां ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

निजाम द्वारा जवाहरात बेचना

*947. **श्री गा० श० मिश्र :** क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कुछ समाचारपत्रों में प्रकाशित इस ससाचार की जानकारी है कि हैदराबाद के निजाम संभव : अपने कुछ बहुचर्चित जवाहरातों को बेचने के लिये सोथबीज सेल्स रूम ले जायेंगे ;

(ख) क्या सरकार ने कोई अनुमति दी है और यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इन जवाहरातों को, जो लगभग एक राष्ट्रीय सम्पति बन गये हैं, सुरक्षित रखने के लिये यदि कोई उपाय किये जा रहे हैं, तो वे क्या हैं ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) भारत सरकार ने समाचार पत्र में छपी रिपोर्टों को देखा है जिसमें यह आरोप लगाये गये हैं कि हैदराबाद के निजाम का अपने जवाहरातों को बेचने के लिये सोथबीज सेल्स रूम ले जाने का विचार है ।

(ख) जी, नहीं

(ग) जवाहरातों की सुरक्षा का दायित्त्व निजाम पर है वे उनकी स्वयं की सम्पत्ति है और उनके स्वयं के पास है ।

किसी भी वस्तु के गैर कानून निर्यात को रोकने के लिये यथासम्भव सावधानी के सामान्य और निवारणात्मक उपाय कर लिये गये हैं

अन्दमान द्वीप में भूमि का आवंटन

*948. **श्री अ० सिं० सहगल** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दक्षिण अन्दमान के पुराने निवासियों को सात वर्षों से अधिक समय से मकान बनाने तथा खेती करने के लिये अब तक भूमि नहीं दी गई है, जब कि सरकार का विचार वहां पर 4 लाख शरणार्थियों को बसाने तथा प्रत्येक को 5 एकड़ धान उगाने वाली भूमि तथा 5 एकड़ पहाड़ी भूमि देने का है ;

(ख) क्या इसके परिणामस्वरूप पुराने निवासियों में असन्तोष फैल गया है ; और

(ग) पुराने निवासियों की मांग पूरी करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) (क) इस समय अन्दमान और निकोबार द्वीप के 4 लाख शरणार्थियों को बसाने तथा प्रत्येक को 5 एकड़ धान उगाने वाली भूमि तथा 5 एकड़ पहाड़ी देने की कोई योजना नहीं है ;

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता

(ग) पुराने निवासी अपनी बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये अतिरिक्त भूमि की मांग पर जोर दे रहे हैं। स्थानीय प्रशासन उन व्यक्तियों को (1) दक्षिण अन्दमान और अन्य स्थानों पर मकान के लिये जगह देने (2) रूथलैंड में कृषि भूमि देने और (3) एलेक्जेन्डर लैंड में चाय के बगान को बढ़ाने के लिये भूमि देने की व्यवस्था करने के लिये कदम उठा रहा है।

पश्चिमी बंगाल में शरणार्थियों का पुनर्वास

*949. **डा० रानेन सेन :**
श्री कामेश्वर सिंह :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनका मंत्रालय पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व शिविर-स्थलों के लगभग 10,000 शरणार्थी परिवारों को पश्चिम बंगाल में केन्द्र के खर्च से बसाने के लिये पश्चिम बंगाल सरकार से सहमत हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस समझौते को क्रियान्वित करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) (क) और (ख) मंत्रालय भूतपूर्व शिविर स्थलों के शरणार्थी परिवारों को पश्चिमी बंगाल में बेकार पड़े केम्प स्थालों में बसाने के लिये सहमत हो गया है। मई, 1965 में पश्चिमी बंगाल सरकार द्वारा किये गये अन्तिम सर्वेक्षण के अनुसार बेकार पड़े शिविर

स्थलों में बसाये गये भूतपूर्व शिविर स्थलों के शरणार्थी परिवारों की कुल संख्या 6520 है।

पश्चिमी बंगाल सरकार ने इसमें से 1237 परिवारों के वर्तमान स्थल। निबटारे के लिये एक सुझाव भेजा है जिसकी जांच की जा रही है। बाकी बचे 5,283 परिवारों के निबटारे सम्बन्धी सुझावों की राज्य सरकार से प्राप्त किये जाने की अभी भी प्रतीक्षा की जा रही है।

इंजीनियरी उद्योग

*950. श्री सु० कु० तापड़िया :
श्री प्र० नं० सालंकी :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या यह सच है कि बम्बई–पूना क्षेत्र में इंजीनियरी उद्योग के विभिन्न संस्थानों ने जबरी छुट्टी तथा छंटनी करना आरम्भ कर दी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उस क्षेत्र में 2,000 से अधिक श्रमिकों को पहले ही जबरी छुट्टी दी जा चुकी है ;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) इसके अतिरिक्त और जबरी छुट्टियों से बचने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) से (घ) : यह मामला राज्य के मंत्राधिकार में आता है। राज्य सरकार के अनुसार कच्चे माल और मांग की कमी के कारण इस समय लगभग 1500 श्रमिकों को जबरी छुट्टी दी जा रही है। इस प्रकार की जबरी छुट्टी के कारणों की राज्य सरकार द्वारा जांच की जाती है और यदि इसका कारण कच्चे माल की कमी हो तो ऐसे मामले उद्योग निर्देशक को आवश्यक कार्यवाही के लिये भेजे जाते हैं।

अखिल भारतीय लान टेनिस एसोसियेशन का अध्यक्ष पद

*951. **श्री ही० ना० मुकर्जी :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि हाल में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के एक मंत्री ने अखिल भारतीय लान टेनिस एसोशियेशन के अध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड़ा था और वह उसमें विजयी रहे ;

(ख) यदि हां, तो उन मंत्री महोदय का नाम क्या है तथा उनका लान टेनिस से, यदि कोई सम्बन्ध है तो क्या है;

(ग) क्या सरकार को यह भी पता है कि में जो खेलकूद कांग्रेस की बैठक हुई थी और जिसका उद्घाटन तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने किया था, उस समय उन्होंने कहा था कि मंत्रियों को ऐसे पद स्वीकार नहीं करने चाहिये, और

(घ) इस असंगति के संबंध में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद) (क) जी, हां।

(ख) श्री फखरुद्दीन अली अहमद, जो अखिल भारतीय लान टेनिस एसोशिएशन के अध्यक्ष के रूप में चुने गए हैं, टेनिस खेलते रहे हैं और इस खेल में दिलचस्पी लेते हैं।

(ग) खेलकूद कांग्रेस के 1962 के अधिवेशन में सामान्य नियम के रूप में यह सलाह दी थी कि मन्त्री महोदय से अपने संगठनों के अध्यक्ष बनने के लिए न कहा जाए।

(घ) अखिल भारतीय लान टेनिस एसोशिएशन को खेलकूद कांग्रेस की सलाह का पता है और अपनी स्वायत्तता की दृष्टि में वे अपना अध्यक्ष चुनने में स्वतंत्र हैं।

ऐजल नगर पर विद्रोही मिज़ो लोगों द्वारा आक्रमण

*952. **श्री कामेश्वर सिंह :**
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री आतम दास :
श्री शिव कुमार शास्त्री :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री रामावतार शर्मा :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :
श्री झा० सुन्दर लाल :
श्री रामजी राम :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 16 जून, 1967 को सशस्त्र विद्रोही मिजो लोगों ने मिजो पहाड़ियों में कई अधिकारियों को मार दिया और ऐजल नगर के विभिन्न क्षेत्रों से अनेक अधिकारियों का अपहरण भी कर लिया ;

(ख) यदि हां, तो इस घटना पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) क्या विद्रोही मिजो और नागा लोगों की बढ़ती हुई गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए सरकार शान्ति समझौते को वापस लेने का विचार कर रही है;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) अपहरण किये गये अधिकारियों को मुक्त कराने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) (क), (ख) (ङ) 16 जून को रात्रि को ऐजल नगर के कुछ क्षेत्रों से विभिन्न समूह में 12 व्यक्तियों का अपहरण किया गया था। इस घटना का ब्यौरा गृह-कार्य मंत्री ने 20 जून, 1967 को लोक सभा में एक ध्यान आकर्षण सूचना के उत्तर में, एक व्यक्तव्य में दिया था।

वक्तव्य देने के बाद से 6 और व्यक्तियों को प्राप्त किया या छोड़ा गया है। अब केवल एक व्यक्ति की खोज करनी बाकी है। हमारे सुरक्षा दल की कार्यवाही जारी है और सुरक्षा की कार्यवाही मजबूत कर दी गई है।

(ग) और (घ) विद्रोही नागाओं के विरुद्ध कार्यवाही समाप्त करने का कोई समझौता नहीं हुआ है।

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिये अंकों की प्रतिशतता

*953. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :**
श्री गं० च० दीक्षित :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विश्वविद्यालयों ने छात्रों को भिन्न भिन्न डिवीजनों में उत्तीर्ण करने के लिये अंकों की भिन्न भिन्न प्रतिशतता निर्धारित की है;

(ख) यदि हां, तो क्या अभी प्रतिशतता निर्धारित करने वाले विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को उच्च कक्षाओं में प्रवेश प्राप्त करने में उन छात्रों की अपेक्षा जो कि उन विश्वविद्यालयों से परीक्षायें पास करते हैं जहां यह प्रतिशतता कम होती है, अधिक कठिनाई नहीं उठानी पड़ती है ; और

(ग) इस गलत बुराई को, जिसके कारण भेद-भाव उत्पन्न होता है और एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति के मुकाबले में अकारण ही अनुचित वरीयता दी जाती है, दूर करने के लिये क्या कार्यवाही करने का सरकार का विचार है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी, हां।

(ख) जी, हां। उन कुछ मामलों में, जहां अंकों की प्रतिशतता पर विचार किए बिना केवल डिवीजनों के आधार पर दाखिले किए जाते हैं।

(ग) यह प्रश्न शिक्षा मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा अन्तर्विश्वविद्यालय बोर्ड के विचाराधीन है। आयोग तथा बोर्ड ने एक रूप प्रक्रिया अपनाने की जरूरत के सम्बन्ध में विश्वविद्यालयों को लिखा है।

नक्सलबाड़ी

*954. **श्री दी० चं० शर्मा :**
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री रामावतार शास्त्री :
श्री क० मि० मधुकर :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नक्सलबाड़ी क्षेत्र में सीमा सुरक्षा दल ने पाकिस्तान तथा नेपाल के साथ लगने वाले अपने सारे सीमांत क्षेत्र की नाकेबन्दी कर दी है ताकि उपद्रवी लोग किसी अन्य देश में प्रविष्ट न हो सकें ;

(ख) क्या उन्होंने दूसरे देश में जाने का कोई प्रयास किया है ; और

(ग) इस मामले में किये गये उपायों का ब्यौरा क्या है ?

गृह--कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) (क) से (ग) पूर्वी पाकिस्तान के सीमान्त क्षेत्र में बिना कानूनी यात्रा दस्तावेज के घूमने की अनुमति नहीं है और पूर्वी पाकिस्तान सीमान्त क्षेत्र में अतिरिक्त सीमा सुरक्षा दल की स्थापना कर और अधिक सर्तकता बर्ती गई है। भारत-नेपाल सीमांत क्षेत्र में, दोनों देशों के नागरिकों के लिये औपचारिक यात्रा दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं है । राज्य सरकार को यह सलाह दी गई है कि वह इस सम्बन्ध में सतर्कता बर्ते कि उपद्रवी लोग सीमांत क्षेत्र पार कर बच कर न निकल जायें और इस सम्बन्ध में उचित उपाये काम में लायें ।

पश्चिम बंगाल में सेंट्रल इन्टेलिजेंस एजेंसी के सम्पर्क

*955. **श्री नायनार :** क्या गृह–कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि पश्चिम बंगाल सरकार ने सैंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के सम्पर्कों का पता लगाने के लिये राज्य पुलिस का एक स्पेशल इंटेलीजेंस विभाग स्थापित करने का निश्चय किया है ;

(ख) क्या सरकार को ऐसे समाचार मिले हैं कि सी० आई० ए० के एजेंट कार्मिक संघों, विश्वविद्यालयों, समाचारपत्रों तथा समाज की सांस्कृतिक संस्थाओं में मुख्यतः अपना प्रभाव जमा रहे हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) (क) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार इनका ऐसा करने का कोई विचार नहीं है ।

(ख) सरकार ने समाचार पत्रों में इस प्रकार की रिपोर्ट देखी है ।

(ग) इंटेलिजेंस ब्यूरों से कहा गया था कि वह हाल के निर्वाचन और दूसरे प्रयोजनों के लिये प्रयोग की गई धन राशि की जांच करे । इंटेलिजेंस ब्यूरो से हाल ही में एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है उसका ध्यान पूर्वक अध्ययन किया जा रहा है । सरकार को रिपोर्ट या निष्कर्ष देने और इस बात का निर्णय करने में कि क्या आगे और जांच की आवश्यकता है, समय लगेगा ।

संघ राज्य-क्षेत्रों के करारोपण प्रस्ताव

*956. **श्री हेमराज :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संघ राज्य-क्षेत्रों के सभी करारोपण प्रस्तावों और सभी विधानों की सब से पहले उनके मंत्रालय अथवा केन्द्रीय सरकार द्वारा जांच की जाती है;

(ख) यदि हां, तो क्या बिक्री-कर, सम्पत्ति-कर, व्यवसायिक-कर आदि की दरें, जो पुराने हिमालय प्रदेश में या तो थे ही नहीं या जिनकी दरें पंजाब में मिलाये गये क्षेत्रों की तुलना में भिन्न थी, बराबर करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ;

(ग) यदि हां, तो उस पर केन्द्रीय सरकार ने क्या निर्णय किया है ; और

(घ) हिमाचल प्रदेश सरकार से यह प्रस्ताव कब प्राप्त हुआ था ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) (क) जी नहीं, सब मामलों में नहीं ।

(ख) से (घ) हिमाचल प्रदेश के स्थानान्तरित क्षेत्रों में व्यवसायिक कर लगाया जाता है और विदेशी शराब पर 10 प्रतिशत बिक्री कर लगाया जाता है । संघीय क्षेत्र के किसी और क्षेत्र में इस प्रकार का कोई कर नहीं लगाया जाता । मई, 1967 में हिमाचल प्रदेश सरकार ने पंजाब सरकार से कर समाप्त करने के आधार पर ही व्यापारिक कर समाप्त करने का सुझाव दिया था जून, 1967 में उन्होंने विदेशी शराब पर से बिक्री कर समाप्त करने का सुझाव हरियाना सरकार द्वारा बिक्री कर समाप्त करने के आधार पर ही दिया था ।

हिमाचल प्रदेश सरकार से पंजाब में व्यापारिक कर समाप्त करने के कानून की और हरियाना सरकार से विदेशी शराब पर से बिक्री कर समाप्त कर देने के आदेश की प्रति को भेजने का अनुरोध किया गया है । ताकि केन्द्र सरकार इसका अध्यन कर सके । स्थानान्तरित और अन्य संघीय क्षेत्रों से कर को समान करने के और कोई सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं ।

हथकरघा उद्योग के लिये अध्ययन दल

*957. **श्री अटल बिहारी वाजपेयी :**
श्री मि० सू० मूर्ति :
श्री उमानाथ :
श्री स० कु० गोपालन :
श्री चिन्तामणी पाणिग्रही :
श्रीमती सुशीला गोपालन :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हथकरघा उद्योग के लिये मजूरी बोर्ड नियुक्त करने की व्यवहार्यता का विचार करने के लिये मंत्रालय द्वारा नियुक्त किये गये अध्ययन दल का प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उस प्रतिवेदन में की गई मुख्य सिफारिशें क्या हैं और उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) रिपोर्ट में दो मत व्यक्त किए गए हैं। एक मत यह है कि मजूरी निर्धारण के के सम्बन्ध में इस उद्योग के संगठित निजी क्षेत्र और औद्योगिक सरकारी हथकरघा समितियों तथा कारखाना प्रतिष्ठानों की तरह काम करने वाले उत्पाद बुनकर प्रतिष्ठानों को सूती

वस्त्रोद्योग के वर्तमान केन्द्रीय मजूरी बोर्ड के अन्तर्गत लाया जाए। दूसरा मत यह है कि अखिल भारतीय आधार पर मजूरी में संशोधन द्वारा हथकरघा उद्योग की वर्तमान अर्थव्यवस्था को भंग न किया जाए और इस मामले को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा राज्य स्तर पर हल किया जाए।

यह रिपोर्ट सरकार के विचाराधीन है।

तारों (केबल) की दरें

*958. **श्री ज्योतिर्मय बसु :**
श्री प० गोपालन :
श्री श्रद्धाकर सुपकार :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ब्रिटिश सरकार ने तारों की दरों में वृद्धि कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो कितनी वृद्धि की गई है ;

(ग) क्या सरकार ने ब्रिटिश सरकार के साथ यह मामला उठाया है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है ?

संसद्-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० क० गुजराल) : (क) और (ख) : ब्रिटिश सरकार ने 1.9.1967 से, राष्ट्रमण्डल-प्रेस-तार दर को 1 पेंस प्रति शब्द (साधारण) से बढ़ाकर 3 पेंस प्रति शब्द (साधारण) कर देने का निश्चय किया है।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

डाक तथा तार विभाग कर्मचारियों द्वारा फालतू आधा घंटा काम न करना

*959. **श्री उमानाथ :** **श्री चक्रपाणि :**
श्री प० गोपालन : **श्री एस्थोस :**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक तथा तार कर्मचारी यूनियनों के राष्ट्रीय संघ की परिषद ने 1 जुलाई, 1967 से आधा घंटा फालतू काम न करने का निर्णय किया है, जिसमें वे आपातकाल की घोषणा के समय से काम करते रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसका क्या कारण है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

संसद–कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) (क) से (ग) डाक–तार कर्मचारियों के राष्ट्रीय संघ ने अपनी यह इच्छा व्यक्त करने के लिए कि वे 1 जुलाई, 1967 से अतिरिक्त घंटों में काम नहीं करेंगे डाक-तार विभाग को कोई औपचारिक सूचना नहीं दी है। फिर भी उन्होंने इस सम्बन्ध में एक परिपत्र प्रकाशित करके जारी किया है।

नक्सलबाड़ी के लिये संसदीय प्रतिनिधि मंडल

*960. **श्री विभूति मिश्र :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य मंत्री तथा अन्य मंत्रियों ने संसदीय प्रतिनिधि मंडल के नक्सलबाड़ी जाने पर गम्भीर आपत्ति की है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) (क) और (ख) पश्चिमी बंगाल के मुख्य मंत्री ने प्रधान मंत्री को भेजे गये एक संदेश में संसदीय प्रतिनिधि मंडल के नक्सल बाड़ी क्षेत्र में भेज जाने के विरुद्ध सलाह इस आधार पर दी है कि उस क्षेत्र की समस्याएं उन मामलों से सम्बन्धित है जो राज्य के विषय हैं और 'संसदीय प्रतिनिधि' मंडल के दौरे के परिणाम स्वरूप केन्द्र और राज्य के सम्बन्धों पर प्रभाव पड़ सकता है और राज्य सरकार के लिये उलझन उत्पन्न हो सकती है, उन्होंने यह भी कहा है कि राज्य सरकार समस्याओं के प्रति जागरूक है और केन्द्रीय मंत्रियों की एक टीम कानून और व्यवस्था, संघर्ष, भूमि हित और स्थिति को सामान्य करने के लिये भेजी गयी थी।

(ग) मुख्य मंत्री के विचारों से अध्यक्ष महोदय को अवगत करा दिया गया था और उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं से बात चीत की है।

Central Intelligence Agency of America

4492. Shri K. M. Madhukar : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Central Intelligence Agency of America, which has its extensive network in most of the countries, has a branch in India also;

(b) whether Government have so far taken any steps against the Intelligence Agency of the said nature ;

(c) if not, whether Government are prepared to permit such American activities ; and

(d) if so, how far it will have its reactionary effect on the internal policies of the country ?

The Minister of Home Affairs Shri Y. B. Chavan : (a) to (d) The Government are alive to such a possibility. A close watch is kept on espionage and subversive activities and appropriate action is taken whenever a person comes to our adverse notice in that connection.

ताज महल में पर्यटकों के लिये सुविधाएं

4493. श्री नरेन्द्र सिंह महीड़ा : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ताज महल के परिसर में प्रवेश टिकटों से होता है किन्तु उसके प्रवेश द्वारा पर पर्यटकों के मार्ग दर्शनार्थ इस बात का कोई संकेत नहीं है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि वहां पर पेय जल और चाय की सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं और वहां के शौचालय भी अच्छी हालत में नहीं है; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद) : (क) ताजमहल के अहाते में प्रवेश टिकटों से होता है और उसके मुख्य द्वार के पास एक बोर्ड लगा हुआ है, जिस पर यह लिखा है कि ताज में प्रवेश टिकटों से होता है ।

(ख) पीने का पानी (नल का पानी) स्मारक में उपलब्ध है और मशीन का ठंडा पानी भी केवल दो पैसा प्रति गिलास के हिसाब से उपलब्ध हैं । स्मारक के पास, पर्यटन विभाग का एक केफेटेरिया है और शौचालयों का रखरखाव भी संतोषजनक रूप से किया जाता है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

बिहार तथा पश्चिम बंगाल में खान दुर्घटनाएं

4494. श्री बाबूराव पटेल : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों में बिहार तथा पश्चिम बंगाल में कितनी खान दुर्घटनाएं हुई ;

(ख) उनके परिणामस्वरूप कितने व्यक्ति मारे गये और कितने व्यक्तियों को चोटें आई ;

(ग) खानों में बार बार विस्फोट तथा दुर्घटनाएं होने के क्या कारण हैं ;

(घ) इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ;

(ङ) मर जाने अथवा दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की स्थिति में प्रत्येक आदमी । औरत को कितना प्रतिकर दिया जाता है ; और

(च) क्या खान मालिकों के लिये मजदूरों क बीमा करना अनिवार्य है और यदि हां, तो प्रति व्यक्ति कितने का बीमा कराया जाता है और किन किन जोखिम के लिये किया जाता है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) गत दो वर्षों में कोई खान दुर्घटना (अर्थात् एक ऐसी घातक दुर्घटना जिसमें 10 या उसके अधिक व्यक्ति मरे हों) नहीं

हुई। इससे पहले मई 1965 में बिहार के हजारीबाग जिले की घोरी कालियरी में एक दुर्घटना हुई थी।

(ख) प्रश्न नहीं उठता; घोरी कालियरी में हुए विस्फोट में 268 व्यक्ति मरे थे और 9 व्यक्ति सख्त घायल हुए थे।

(ग) यह सही नहीं है कि खानों में बार-बार विस्फोट होते हैं। छत या दीवारों के गिर जाने या कर्मचारियों की गलती अथवा मशीनों के खराब हो जाने आदि कारणों से ऐसी दुर्घटनायें समय समय पर अवश्य होती रहती हैं, जिनमें जानी हानि होती है।

(घ) इस समस्या को हल करने के लिये हर संभव प्रयत्न किये जा रहे हैं ; जैसे खान अधिनियम तथा उसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों व विनियमों के सुरक्षा संबंधी उपबन्धों को बेहतर तरीके से लागू करना, श्रमिकों तथा प्रबंधकों में सुरक्षा भावना को जाग्रत करना और श्रमिकों को शिक्षा व प्रशिक्षण देना आदि आदि।

(ङ) कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 के अन्तर्गत, मृत्यु होने पर दी जाने वाली मुआवजा की न्यूनतम राशि 1000 रुपये और अधिकतम राशि 0,000–रुपये हैं। स्थायी पूर्ण विकलांगता होने या मुआवजे की कम-से-कम रकम श्रमिक की मासिक मजूरी के अनुसार 1400 रु० और अधिक-से-अधिक 14,000/– रुपये हैं।

(च) जी नहीं।

ट्रावनकोर देवस्वम बोर्ड को अनुदान

4495. **श्री विश्वम्भरन :**
श्री मंगलाथुमाडोम :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ट्रावनकोर देवस्वम बोर्ड से अधिक अनुदान प्राप्ति के लिये कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्य-वाही की गई है ; और

(ग) क्या सरकार का विचार देवस्वम बोर्डों को अधिक अनुदान देने के उद्देश्य से संविधान के अनुच्छेद 290 क में संशोधन करने की कार्यवाही करने का है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) (क) जी, हां

(ख) अभ्यावेदन राज्य सरकार को भेज दिया गया है और पता चला है कि राज्य सरकार इसका अध्ययन कर रही है।

(ग) जी, नहीं।

लोथाल में पुरातत्वीय वस्तुओं की खोज के लिये खुदाई

4496. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लोथाल में पुरातत्वीय वस्तुओं की खोज के लिये की गई खुदाई सम्बन्धी रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की गई है यद्यपि इस खुदाई को समाप्त हुए आज सात वर्ष बीत चुके हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि गुजरात में लोथाल पुरातत्वीय स्थल, जिसे भारत का मोहनजोदड़ो समझा जाता है, उपेक्षित हालत में है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके समुचित संरक्षण के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी हां ।

(ख) एक व्यापक खुदाई की वैज्ञानिक रिपोर्ट तैयार करने और प्रकाशित करने में समय लगता है ।

(ग) यह पता नहीं कि लोथल को किस प्रकार भारत का मोहनजोदड़ो कहा जा सकता है । एक महान हड़प्पाकालीन स्थल के रूप में इसका अपना स्थान होना चाहिए, मोहन-जोदड़ो अथवा किसी अन्य स्थल से तुलना करके नहीं । तथापि खुदाई के अवशेषों की वार्षिक अथवा विशेष मरम्मतों के द्वारा यथासंभव, देखभाल की जा रही है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

गुजरात में धर्म प्रचारक

4497. श्री नरेन्द्र सिंह महोडा : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में कितने विदेशी ईसाई धर्मप्रचारक काम कह रहे हैं ;

(ख) उनकी गतिविधियां कैसी हैं तथा क्या क्या हैं; और

(ग) क्या स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उनकी संख्या में काफी वृद्धि हुई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) (क) अन्तिम उपलब्ध जानकारी के अनुसार विदेशी और राष्ट्रमंडलीय इसाईयों की रजिस्टर्ड संख्या गुजरात में क्रमश: 175 और 8 है ।

(ख) सामान्यता वे चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक और ईसाई धर्म सम्बन्धी गति विधियों में लगे रहते हैं ।

(ग) बम्बई राज्य के आंकड़ों में गुजरात के मई, 1960 तक के आंकड़े शामिल हैं । तब से गुजरात में विदेशी इसाइयों की संख्या में अधिक वृद्धि नहीं हुई है । 1 जनवरी, 1967 को रजिस्टर्ड इसाइयों की संख्या 170 थी जबकि 1 जनवरी, 1967 को उनकी संख्या 175 थी ।

गुजरात में रिक्त पदों का अधिसूचित किया जाना तथा भरा जाना

4498. श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 अप्रैल, 1957 तक गुजरात में सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में कितने रिक्त पद अधिसूचित किये गये थे' और

(ख) अप्रैल 1967 के अन्त तक विभिन्न रोजगार दिलाऊ दफ्तरों द्वारा इन संस्थानों के कितने रिक्त पद भरे गये ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) (क) और (ख) जानकारी नीचे दी गई है :—

क्षेत्र	जनवरी–अप्रैल 1967 के बीच सूचित रिक्त स्थान	जनवरी–अप्रैल 1967 के बीच भरे गए रिक्त स्थान
सरकारी क्षेत्र	7,412	3,642
निजी क्षेत्र	2,202	102
कुल	9,614	3,744

गुजरात राज्य में डाकघर

4499, श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात राज्य में इस समय कुल कितने डाकघर है और कितने डाकघरों में बचत बैंक की व्यवस्था है'

(ख) अगले दो वर्षों में गुजरात राज्य में कितनें डाकघर खोलने का प्रस्ताव है,

(ग) क्या कुछ नये डाकघर में टेलीफोन तथा तार की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है' और

(घ) यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसद–कार्य तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) (क) गुजरात राज्य में इस समय मौजूद 5,669 डाकघरों में 4,976 डाकघरों में बचत बैंक की सुविधा मौजूद है ।

(ख) 427 : बशर्ते कि नये अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर खोलने पर लगी मौजूदा पाबन्दियां हटाली जाएं और विभागीय मानक पूरे होते हों ।

(ग) और (घ) कुछ प्रस्तावित नये डाकघरों में टेलीफोन और तार सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी । फिर भी इन सुविधाओं की व्यवस्था करना इस बात पर निर्भर है कि विभाग की निर्धारित नीति के अनुसार ये डाकघर श्रेणी वाले स्थानों पर स्थित हों, अन्यथा प्रस्ताव

लाभप्रद हो या उन पर होने वाली हानि की पूर्ती की गारन्टी दी जाये। सामान्यतः श्रेणी वाले स्थान निम्नलिखित हैं –

(क) **तार सुविधाओं के लिए–** उप मंडल और तहसील मुख्यालय, 5,000 से अधिक जनसंख्या वाले स्थान, ऐसे स्थान जहां कम से कम सब इन्सपेक्टर, पुलिस के पद के अधिकारी के कार्य भार के अधीन पूलिस स्टेशन हों और खंड मुख्यालय।

(ख) **सार्वजनिक टेलीफोन घरों के लिये**— जिला और उप--मंडल मुख्यालय वाले नगर 20,000 से अधिक जनसंख्या वाले स्थान, तहसील और उसके समकक्ष नगर।

Hindi Edltion of Defence of India Rules

4500. Shri K. M. Madhukar :
Shri Ramavatar Shastri :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) Whether it is a fact that Government of India have published the Hindi edition of the Defence of India Rules; and

(b) if so, when ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) :

(a) No, sir.

(b) Dose not arise,

मध्य प्रदेश में आदिम जातियों के विद्यार्थी

4501 श्री नीतिराज चौधरी :
श्री गा० शं० मिश्र :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि में अब तक मध्य प्रदेश में आदिम जातियों की शिक्षण संस्थाओं के विकास तथा आदिम जातीय विद्यार्थियों को छात्रवृतियां देने के लिये कितनी रकम का विशेष अनुदान दिया गया है' और

(ख) चौथी पंचवर्षीय योजना की शेष अवधि में कितनी रकम देने का प्रस्ताव है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) वर्तमान आयोजना के पहले दो सालों में कुल प्रत्याशित खर्च 132.95 लाख रुपये आता है (केन्द्रीय क्षेत्र में 20.41 लाख रुपये और राज्य क्षेत्र में 112.54 लाख रुपये)।

(ख) आयोजना के बाकी तीन सालों में राज्यक्षेत्र में 253.26 लाख रुपयों की व्यवस्था की गई है। इस काल में केन्द्रीय क्षेत्र के विनिधान को अभी आखिरी रूप नहीं दिया गया है।

बिहार में डाक तथा तार घर

4502. श्री शिव चन्द्र झा : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधी में बिहार राज्य के प्रत्येक जिले में कितने डाक तथा तार घर खोले जायेंगे ?

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री, (श्री इ० कु० गुजराल) : लोक-सभा पटल पर एक विवरण-पत्र रखा जाता है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 908/67]

Employeers State Insurance Scheme

4503. Shri Ramachandra Veerappa : Will the Minister of Labour and Rehabilitation be pleased to state :

(a) the Progress made so far in regard to the setting up of hospital and dispensaries in the Mysore state under the Employees State Insurance Scheme; and

(b) the amount so far spent in this connection ?

Minister of Labour and Rehabilitation Shri Jaisukhlal Hathi : (a) Hospitals. One hospital with 170; beds and one annexe with 32; beds in S. D. T. B. Sanatorium have been functioning. at Bengalore for the last few years. 130.more beds are ready for use in this hospitlat which will ultimately have a strength of 420 beds. Construction of a Cottage Hospital with 24. beds at Dandeli is also in progress while another hospital with 150. beds has been sanctioned for Mangalore.

(b) Dispensaries. A dispensary is under construction at Ulsoor while another has been approved for construction at Rajajinagar in Bangalore Plots of lands have been sanctioned/acquired for construction of 4 more dispensaries at Bannipet, schoolai Yashwanthapur and Hubli.

(b) The amount so far sanctioned for construction of Employees; State Insurance Hospitals/Annexes/Dispensaries etc, is Rs, 1,03,31,820,77. Against which a Sum of Rs.-56,37,865,77. has so far been paid to the state Government through whom construction is undertaken.

उड़ीसा में तार की चोरी

4504. श्री रा०रा० सिंह देव :
श्री धीरेन्द्र नाथ :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उड़ीसा में तारों की चोरी होने के कारण तार और टेलफोन लाइनें बार बार खराब हो जाती है,

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर । नहीं हो; तो इन लाइनों के बार बार खराब हो जाने के क्या कारण हैं ?

संसद कार्य तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी हां

(ख) (i) अपेक्षाकृत अधिक कड़े दण्डों की व्यवस्था करने के लिये टेलीग्राफ तार (अनधिकृत कब्जा) अधिनियम, 1950. में संशोधन किया जा रहा है :

(ii) विभागीय अधिकारी स्थानिय पुलिस प्राधिकारियों से अधिक निकट का सम्पर्क बनाये हुए हैं।

(iii) चोरियां रोकने के कदम उठाने के लिए राज्य के मुख्य मंत्री को अर्ध-सरकारी पत्र लिखा गया है।

(iv) धीरे–धीरे महत्वपूर्ण मार्गों पर ताम्बे के तार के स्थान पर तांबे की पालिश लगा लोहे का तार लगाया जा रहा है ताकि चोरी की घटनाएं कम हों।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

गुजरात में पुस्तकालयों को सहायता

4506. श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1966–67. में केन्द्रीय सरकार ने गुजरात राज्य के किन–किन सार्वजनिक पुस्तकालयों तथा स्कूलों एवं कालेजों के पुस्तकालयों को वित्तीय सहायता दी' और

(ख) इस कार्य के लिये 1967–68 में कितनी रकम देने का प्रस्ताव है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भगवत झा आजाद) (क) 1966–67 के दौरान निम्नलिखित गुजरात राज्य के पुस्तकालयों को वित्तीय सहायता दी गई थी :–

1. श्री फतह सिंह राव सार्वजनिक पुस्तकालय, पत्तन
2. लंग लाइब्रेरी, राजकोट
3. ढ़ोकला एजूकेशन सोसायटी, जिला अहमदाबाद

(ख) इस प्रयोजन के लिये वित्तीय सहायता राज्य के आधार पर नहीं दी गई थी परन्तु राज्य सरकार के सिफारिश करने के बाद प्रत्येक मामले के गुण दोषों के आधार पर दी गई थी।

डाक तथा तार सलाहकार बोर्ड, अम्बाला सर्किल

4207 श्री वीरभद्र सिंह :
श्री प्रताप सिंह :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अम्बाला सर्किल का डाक तथा तार सलाहकार बोर्ड अब भी है'

(ख) यदि हां, तो लगभग पिछले दो वर्षों से इसकी कोई बैठक न बुलाने के क्या कारण हैं; और

(ग) इस बोर्ड की आगामी बैठक कब होने की आशा है ?

संसद कार्य तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) ऐसा कोई बोर्ड नहीं है । फिर भी प्रत्येक सर्किल से एक-एक प्रादेशिक डाक-तार सलाहकार समिति सम्बद्ध है ।

(ख) संघर्ष छिड़ जाने के कारण इन सलाहकार समितियों को, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में कुछ समय तक स्थगित कर देने का निश्चय किया गया था ।

(ग) पंजाब सर्किल की सलाहकार समिति का अब पुर्नगठन किया जा रहा है और पुर्नगठित समिति के अधिसूचित किये जाने के तुरन्त बाद उसकी बैठक बुलाई जाएगी ।

Higher Education of Scheduled Tribes in Madhya Pradesh

4508. Shri Ram Chandra Veerappa :
Shri J. Sundar Lal :

Will the Minister of Education be pleased to state the amount allocated in the Fourth Plan for higher education of students belonging to Scheduled Tribes in Madhya Pradesh ?

The Minister of Education (Dr. Triguna Sen) : No separate allocation has been made in the Fourth Plan of Madhya Pradesh for higher education of the students belonging to Scheduled Tribes.

गोआ में मूल्यों में वृद्धि

4509. श्री मधु लिमये : **डा० राम मनोहर लोहिया :**
श्री स० मो० बनर्जी : **श्री जार्ज फरनेन्डीज**

क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गोआ में कुछ समय से मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि हो रही है ;

(ख) क्या वहां जल की भी बहुत कमी है और इसीलिए गोआ के नगरों में इसकी कम सप्लाई हो रही है ; और

(ग) यदि हां, तो जनता की कठिनाइयां दूर करने के लिए गोआ सरकार तथा केन्द्रीय सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) देश में हुई सामान्य मूल्य स्तर वृद्धि के अलावा गोआ दमन और दाऊ में मूल्यों में असामान्य वृद्धि नहीं हुई है ।

(ख) और (ग) वास्को, मारमगोआ, पंजिम और मारगओ के शहरों में ओ. पे. ए. वाटर वर्क्स द्वारा पानी सप्लाई किया जाता है। यह वाटर वर्क्स 1.8 करोड़ गेलन पानी उत्पन्न करता है जब कि मांग अधिक है। ओ. पी. ए. वाटर वर्क्स के उत्पाद को प्रतिदिन 2.5 करोड़ गैलन और बढ़ ने की एक योजना है। आशा है यह योजना लगभग एक महीने में पूरी हो जायगी और यह आशा की जाती है कि इन शहरो में पीने के पानी की सप्लाई स्थिति सुधर जायेगी।

जहां तक पूर्वी क्षेत्र के शहरों में पानी की सप्लाई किये जाने का सम्बन्ध है स्थानीय सरकार अरसानोरा जल योजना पर कार्य कर रही है जिसकी छः महीने में पूरा होने की आशा है। आशा की जाती है कि इस योजना के पूरा होने पर इस क्षेत्र में पीने के पानी की स्थिती सुधर जायगी।

Firings

4510. **Shri Jagannath Rao Joshi :**
Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Ram Singh Ayarwal :
Shri Onkar Singh :
Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Rabi Ray :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) the total number of firings ordered in the country since the 1st January 1966 up-to date ;

(b) the names of the States where these firings were ordered ;

(c) the number of persons killed in each State in those firings ; and

(d) the reasons for the opening of fire in those cases ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) to (d) The information so far received is given in the statement placed on the Table of the House. **[Placed in Library See No. LT-909/67]** Further information is being collected and will be laid on the Table of the House in due course.

टेलीफोन के तारों की चोरी

4511. **श्री राम कृष्ण गुप्त :** क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे में टेलिफोन की तारों की चोरी की घटनायें बढ़ रही है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1967 में अब तक कुल कितने मामलों का पता लगाया गया है ; और

(ग) इस प्रकार की चोरी को रोकने के लिये क्या कर्यवाही की गई है ?

संसद कार्य तथा संचार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां।

(ख) जनवरी, 1967 से मई, 1967 तक 1166 मामलों का।

(i) अधिक कड़े दण्डों की व्यवस्था करने के लिये टेलीग्राफ तार (अनाधिकृत कब्ज़ा) अधिनियम में संशोधन किया जा रहा है।

(ii) विभागीय अधिकारी स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों से निकट सम्पर्क बनाये हुए है।

(iii) चोरियां रोकने के कदम उठाने के लिए सभी राज्यों के मुख्य मन्त्री को अर्ध-सरकारी पत्र लिखे गए हैं।

(iv) जितने साधन और विदेशी मुद्रा उपलब्ध है, उसके अनुसार उन इलाकों में जहां सबसे ज्यादा चोरियां होती है, तांबे के तार के स्थान पर तांबे से झला तार (जिस पर तांबे की पालिश चढ़ी हो) लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष के मकान को जला डालने का प्रयास

4512. **श्री जार्ज फरनेंडीज :**
श्री मधु लिमये :
श्री जे० एच० पटेल :
डा० राम मनोहर लोहिया :

क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने 7 नवम्बर, 1966 को नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष के मकान को जला डालने को प्रयास के सम्बन्ध में अपनी किसी एजेंसी के माध्यम से जांच करवाई थी ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या निष्कर्ष निकले हैं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल): (क) 7 नवम्बर, 1966 को घटी घटनाओं से उत्पन्न होने वाले मामलों की जांच, दण्ड प्रकिया संहिता के अन्तर्गत, दिल्ली पुलिस के डिप्टी इन्सपेक्टर जनरल की देखरेख में की गई थी। श्री कामराज के निवास स्थान पर हमला करने के सम्बन्ध में एक मामला भारतीय दंड संहिता को धारा 147, 148, 149 452, 436, 186, 380, 506, 360, 394 और 395 के अन्तर्गत रजिस्टर किया गया है। मामला सैसन को सौंप दिया गया है और मुकदमें के लिये रुका है।

Bidi Workers

4513. **Shri Jagannath Rao Joshi .**
Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Ram Singh Ayarwal :

Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that thousands of workers have been thrown out of employment as a result of the non supply of leaves used in Bidis and tobacco by the owners of Bidi factories of Rampur;

(b) if so, the action taken in the matter ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Labour and Rehabilitation (Shri Hathi) : (a) to (c) The Matter falls in the State Sphere and the Government of India have no information on it.

Class IV P. & T. Employees in Delhi

4514. Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Ram Singh Ayarwal :

Will the Minister of **Communications** be pleased to state :

(a) the number of Class IV employees in the Posts and Telegraphs Department in Delhi who are Matric and who have been promoted to Class III category so far during the last three years; and

(b) the number of employees at present who have passed Matric and are working as Class IV employees ?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I K. Gujral) : (a) 100

(b) 291

Brick Kilns in Delhi

4515. Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Ram Singh Ayarwal :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that many brick kilns, which were preparing inferior quality of bricks, have been raided recently;

if so, their names; and

(c) the action taken in the matter ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

Cracker Explosion at Regal Park New Delhi

4516. Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Onkar Singh :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to refer to the reply given to Unstarred question No. 538 on the 5th April, 1967 and state:

(a) whether the investigation into the cracker explosion in Regal Park, New Delhi on the 27th February, 1967 has since been completed;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) if not, the time likely to be taken therein ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c) An arrest was made on the day of the incident under section 286 I. P. C The case is in the final stages of investigation.

Attack by Naga Hostiles

4517. **Shri Hukam Chand Kachwai t**
Shri Onkar Singh :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to refer to the reply given to Unstar Question No. 529 on the 5th April, 1967 and state:

(a) whether investigations regarding the attack made on Chandel Headquarters of the Tengnupal Sub-Division by the Naga Hostiles on the 22nd February,, 1967 have since been completed;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the time likely to be taken therein ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charn Shukla) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Three arrests were made in this case but the investigation di t not disclose sufficient evidence to prosecute any person.

Unemployment Insurance Scheme

4518. **Shri Onkar Singh :**
Shri Hukam Chand Kachwai :

Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be ple sed to refer to the reply given to Unstarred Question No. 134 on the 29th March, 1967 and state :

(a) whether any decision regarding Unemyloyment Insurance Scheme was taken in the meeting of the Standing Labour Committee held on the 25th April, 1967 ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Labour and Rehabilitation (Shri Hathi) : (a) No.

(b) Does not arise.

(c) The matter could not be taken up for discussion by the Standing Labour Committee, for want of time.

उर्दू को बढ़ावा देना

4519. **श्री स० मो० बनर्जी :**
श्री मधु लिमये :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में उर्दू को बढ़ावा देने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ;

(ख) क्या मजलिस-ए-मशवरत तथा अंजुमन-तरक्की उर्दू जबान जैसी गैर-सरकारी संस्थाओं के द्वारा दिये गये विभिन्न सुझावों पर विचार कर लिया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार की उन पर क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) (एक) मन्त्रालय ने अपने द्वारा प्रशासित योजनाओं के अधीन उर्दू को बढावा देने के लिए नीचे लिखे अनुदान दिए थे :—

		रुपये
1958-59	—	1,02,500
1959-60	—	89,167
1960-61	—	1,12,689
1961-62	—	98,100
1962-63	—	1,30,250
1963-64	—	73,261
1964-65	—	75,873
1965-66	—	52,920
1966-67	—	1,27,905
	जोड़	8,62,665

अनुदान स्वैच्छिक संगठनों, राज्य सरकारों और व्यक्तियों को दिये गये थे ।

(दो) मंत्रालय हर साल उर्दू में सर्व श्रेष्ठ बाल पुस्तकों के लिए एक-एक हजार रुपयों के पुरस्कार देता है । 1954-55 से अब तक 18 पुरस्कार दिए गए हैं । पुरस्कार पाने वाले इन पुस्तकों में से प्रत्येक दो-दो हजार प्रतियां वितरण के लिए खरीदी जाती हैं ।

(ख) इस मन्त्रालय को कोई अभिवेदन प्राप्त हुआ नहीं लगता ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

वैज्ञानिकों का समुच्चय

4520. श्री स० मो० बनर्जी :
श्री मधु लिमये :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वैज्ञानिक समुच्चय में शामिल वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को देश में नौकरी दे दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो 1 अप्रैल, 1967 को इस समुच्चय में ऐसे कुल कितने वैज्ञानिक और इंजीनियर थे ;

(ग) इन में से कितने व्यक्तियों को 1 अप्रैल, 1967 तक विभिन्न स्थानों पर नौकरियां दी गई हैं ; और

(घ) इन में से कितने व्यक्ति अभी तक बेरोजगार हैं और सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है ?

शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी हां।

(ख) वैज्ञानिक तथा इंजीनियरों को सामिल करते हुए, ऐसे कुल व्यक्तियों की संख्या जिन्हें 1 अप्रैल, 1967 तक वैज्ञानिकों के पूल में जगह देने का प्रस्ताव किया गया था, 4979 थी।

(ग) 1 अप्रैल, 1967 तक 1948 व्यक्तियों ने रोजगार प्राप्ति के बाद पूल को छोड़ा था।

(घ) 1 अप्रैल, 1967 को 504 व्यक्ति वैज्ञानिकों के पूल में कार्य कर रहे थे और देश में नियमित्त रोजगार की तलाश में थे। वे किसी भी उपयुक्त जगह के लिए आवेदन करने और पूल को किसी भी समय छोड़ने के लिए स्वतन्त्र हैं। एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है [**पुस्तकालय में रखा गया देखिये संख्या एल० टी० 910/67**] जिसमें रोजगार तलाश करने में उनकी सहायतार्थ उठाये गए विभिन्न कदम बताए गए हैं।

Position of Sanskrit in Three Language Formula

4521. Shri Prakash Vir Shastri : Will the Minister of Education be pleased to state.

(a) the position of Sanskrit in the theree language formula;

(b) whether any thought was given to this question in the Education Ministers' Conference also ; and

(c) if so, the conclusions arrived at ?

The Minister of Education (Dr. Triguna Sen) : Sanskrit is not included in the three Language formula approved by the Chief Ministers' Conference in 1961.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

पूर्वी पाकिस्तान से आए हुए शरणार्थी

4523. श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री ना० स्व० शर्मा :
श्री शारदा नन्द :
श्री बृज भूषण लाल :
श्री राम सिंह अयरवाल :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में पूर्वी पाकिस्तान से शरणार्थी भारी संख्या में आने लगे हैं ;

(ख) क्या पिछले दो महीनों में पूर्वी पाकिस्तान से 2000 से अधिक परिवार त्रिपुरा में आये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो पाकिस्तान से शरणार्थियों का भारी संख्या में आना रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम रोजगार तथा पुनर्वास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र) (क) हाल के कुछ महीनों में पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले प्रवासियों की संख्या में कुछ वृद्धि हुई है। यद्यपि यह वृद्धि 1964 और अगस्त 1965 के अन्त तक दिये गये आंकड़ों की तुलना में अधिक नहीं है।

(ख) जी, नहीं 23 अप्रैल, 67 से 24 जून, 1967 तक 537 परिवारों के पूर्वी पाकिस्तान से त्रिपुरा पहुंचने की सूचना मिली है।

(ग) भारत सरकार ने अल्पसंख्यकों के वहां आने के सम्बन्ध में पाकिस्तान सरकार से बार बार विरोध किया है और उन्हें नेहरु लियाकत सन्धि करार का स्मरण कराया है जिसके अनुसार अल्प संख्यकों की सुरक्षा, पूर्ण स्वतन्त्रता और अधिकारों की समानता की सरकार को गारन्टी देनी आवश्यक है। दुर्भाग्यवश पाकिस्तान सरकार ने अल्प संख्यकों की स्थिती में सुधार लाने के लिये बहुत कम कार्य किया है।

लौह अयस्क की खानें

4524. श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या किसी कल्याण संस्था के माध्यम से लौह अयस्क की खानों में श्रमिकों की दशा को सुधारने के लिये विशेष व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचार धीन है; और

(ख) यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख) इस समय हमारे पास कच्चा लोहा खानों के प्रधान राज्यों बिहार, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश और मैसूर, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र तथा गोआ, दमन और दीव की पांच विभिन्न सलाहकार समितियों के कार्य का समन्वय करने के लिए पदाधिकारियों की एक समन्वय समिति है। 28-4-1967 को जमशेदपुर में हुई समन्वय समिति की बैठक में यह निर्णय किया गया है कि निधि के कार्य को तेज करने के लिए समन्वय समिति को केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड में बदल देना चाहिए जिसमें उक्त पांवों क्षेत्र से सरकार, श्रमिकों और नियोजकों के प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने चाहिए। समन्वय समिति को केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड में बदलने से कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

उत्तर प्रदेश में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षाएं

4525. श्री मधु लिमये :
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री जार्ज फरनेंन्डीज :
डा० राम मनोहर लोहिया :
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश की नई सरकार ने केन्द्र को सूचित किया है कि वह राज्य में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षाओं को समाप्त करना चाहती है;

(ख) क्या अन्य राज्यों ने भी केन्द्र को इस प्रकार की सूचना दी है;

(ग) यदि हाँ, तो इसके बारे में केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) क्या राज्यों के परामर्श से सारे देश में परीक्षा प्रणाली में सुधार करने के बारे में एक समान नीति बनाने का केन्द्र का विचार है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद, राज्य शिक्षा बोर्डों के साथ अन्य बातों के साथ-साथ प्रश्न पत्रों की किस्म और अंक प्राप्त करने के तरीकों में सुधार करके, स्कूल स्तर पर परीक्षा की वर्तमान पद्धति में सुधार करने के लिए कार्य कर रही है।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिये छात्रवृत्तियां

4526. श्री मधु लिमये :
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री जार्ज फरनेंन्डीज
डा० राम मनोहर लोहिया :

क्या शिक्षा मंत्री 9 नवम्बर, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1038 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने निर्वाह व्यय में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के स्कूलों तथा कालेजों में पढ़ने वाले छात्रों के लिये बोर्डिंग की छात्रवृत्तियों की दर को बढ़ाने के प्रस्ताव पर इस बीच निर्णय कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो छात्रवृत्ति में कितनी वृद्धि की गई है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) मामले का पुनर्निरीक्षण कर लिया गया है और इस सम्बन्ध में निर्णय ले लिया गया है। मूल्यों की जांच करने पर शिक्षा शुल्क आदि जैसी छूटों पर विचार करने के बाद जो कुल मूल्य बैठता

है. ऐसा पता लगा है कि यह मूल्य राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत स्वीकार किये गये मूल्यों की तुलना में अनुपयोगी नहीं है। इसके अतिरिक्त योजना के अन्तर्गत आंशिक कर्मचारी भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं जो कि राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना प्राप्त करने वालों को प्राप्त नहीं थे। योजना के अन्तर्गत यह व्यवस्था की गई है कि एक विद्यार्थी राज्य सरकार या किसी और साधन से अनुदान या धन सम्बन्धी सहायता पुस्तकें या उपकरण खरीदने या आवास या खानपान के व्यय का सहन करने के लिये ले सकता है।

अखिल भारत राज्य कर्मचारी सम्मेलन

4527. **श्री विभूति मिश्र :**
श्री क० ना० तिवारी :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 24 अप्रैल 1967 को पटना में अखिल भारत राज्य कर्मचारियों का सम्मेलन हुआ था ;

(ख) क्या सम्मेलन में यह मांग की गई थी कि केन्द्रीय सरकार विभिन्न राज्य सरकारों से यह अनुरोध करें कि वे अपने कर्मचारियों का वेतन केन्द्रीय सरकार के समान श्रेणी के कर्मचारियों के बराबर करें; और

(ग) यदि हां, तो इस के बारे में केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी, हां।

(ख) हमें कोई औपचारिक जानकारी नहीं है। राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन मान के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में राज्य सरकारें विचार करती हैं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

कर्मचारी राज्य बीमा योजना

4528. **श्री सुदर्शनम : क्या श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा हाल में औद्योगिक उपक्रमों को दिये गये इस आदेश के विरुद्ध कोई अभ्यावेदन मिला है कि बोनस भुगतान अधिनियम के अधीन कर्मचारियों को दिये जाने वाले वार्षिक लाभांश के लिए नियोजकों तथा कर्मचारियों दोनों को अंशदान करना पड़ेगा; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां। यह अभिवेदन किया गया है कि वार्षिक बोनस पर अंशदानों की वसूली करने में व्यावहारिक कठिनाइयां है।

(ख) इस मामले पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 को दृष्टि में रखकर विचार कर रहा है।

अध्यापकों के लिये तीन लाभ वाली योजना

4529. **श्री स० मो० बनर्जी :**
श्री मधु लिमये :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अध्यापकों के लिये तीन लाभ वाली योजना सभी राज्यों ने लागू कर दी है ;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) योजना को क्रियान्वित कराने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ग) अधिकांश राज्य योजना को अमल में लाने के लिये पहले ही कार्रवाई कर चुके हैं, कुछ राज्य अभी इस पर विचार कर रहे हैं, जबकि कुछ दूसरे राज्य विभिन्न कारणों से इसे अमल में नहीं लाना चाहते। इन कारणों में ये भी शामिल हैं :

(एक) वित्तीय लागत।

(दो) सहायता प्राप्त स्कूलों को हाथ में लेने की संभावना।

(तीन) सहायता-प्राप्त स्कूलों की थोड़ी संख्या।

खेलकूद में प्रशिक्षण

4530. **श्री प्र० के० देव :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय खेलकूद संस्था ने विभिन्न राज्य केन्द्रों में खेलकूद में कुशल लड़के और लड़कियों को प्रशिक्षण देने के लिए जोनल कोचिंग सुपरवाइजर बनाने की सिफारिश की है;

(ख) क्या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भी ऐसी ही सिफारिश की है; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) (क) राष्ट्रीय खेल संस्थान के शासी मंडल ने राज्य खेल परिषदों आदि से सम्पर्क बनाए रखने और प्रादेशिक कोचिंग केन्द्रों के कार्य की देखभाल करने के लिए महाखंड पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की सिफारिश की है।

(ख) जी नहीं।

(ग) इस समय बचत के उपाय के रूप से महाखण्ड पर्यवेक्षक की कोई नई नियुक्ति नहीं की जा सकती।

मंत्रियों को यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता

4531. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री स० चं० सामन्त :

क्या **गृह कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ मंत्रियों ने राष्ट्रपति पद के अपने उम्मीदवार का समर्थन करने के लिये किये दौरों के लिए यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता लिया है;

(ख) यदि हां, तो उन मंत्रियों के नाम क्या हैं; उन्होंने किन किन स्थानों का दौरा किया और 15 अप्रैल तथा 6 मई, 1967 के दौरान किये गये उनके दौरों का प्रयोजन क्या था; और

(ग) इस सम्बन्ध में कितना धन व्यय किया ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) जी नहीं। नियमों के अनुसार मंत्रियों को केवल सरकारी कार्य के सम्बन्ध में किये गये दोरों के लिये यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता प्राप्त करने का अधिकार है।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए शरणार्थियों का पुनर्वास

4532. **श्री देवेन सेन** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिमी बंगाल से बाहर के उन स्थानों की संख्या कितनी है और उनके नाम क्या हैं जहां पूर्वी बंगाल से आये हुए शरणार्थियों को बसाया गया है और प्रत्येक क्षेत्र में बसाये गये शरणार्थियों की संख्या कितनी है ;

(ख) प्रत्येक क्षेत्र में पूंजीगत व्यय को छोड़कर कितना व्यय हुआ है;

(ग) प्रत्येक क्षेत्र में आजीविका के साधन क्या हैं;

(घ) कितने स्कूल अस्पताल, तालाब, तथा कुएं स्थापित किये गये हैं; और

(ङ) पश्चिम पाकिस्तान से आये हुए शरणार्थियों पर किये गये व्यय की तुलना में पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए शरणार्थियों पर कितना व्यय किया गया है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) पूर्व पाकिस्तान से आने वाले नये परिवारों की संख्या बताने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 911/67]**

(ख) पूंजीगत व्यय को छोड़कर 1.1.1964 से 31.3.1967 के बीच शरणार्थियों के पुनर्वास पर किया गया अनुमानित व्यय 10.40 करोड़ रु० हैं।

(ग) जानकारी संलग्न विवरण के स्तम्भ 2, 3 और 4 में दी गई है। [पुस्तकालय में में रखा गया देखिये संख्या एल० टी० 912/67]

(घ) नये प्रवृजकों की सहूलियत के लिये 31.3.1967 तक 23 प्राथमिक स्कूल, 2 माध्यमिक स्कूल, 1 उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल 1 कालिज, 2 होस्टिल और 3 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंजूर किए गए हैं। 3 हाई स्कूलों/उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के मामले में वर्तमान स्कूलों का विस्तार मंजूर किया गया है।

1 डिसपेंसरी, 4 डिसपेसंरी एवं प्रसूती केन्द्र, 2 कम्पाउडर एकक एवं प्रसूती केन्द्र विभिन्न राज्यों में मंजूर किये गये हैं। एक राज्य में वर्तमान राज्य का विस्तार मंजूर किया गया है।

सिंचाई प्रयोजनों के लिये विभिन्न राज्यों में 54 निस्तार तालाब और 305 खुले कुए। नलकूप बनाये गये हैं।

(ङ) भारत के विभाजन से वित्तीय वर्ष 1966–67 तक पश्चिम पाकिस्तान के शरणार्थियों पर 260.04 करोड़ रु० पूर्वी पाकिस्तान के शरणार्थियों पर 262.51 करोड रु० खर्च हो चुके होंये।

महाराष्ट्र में स्पेन का पादरी

4533. श्री उमानाथ :
श्री पं० गोपालन :
श्री नम्बियार :
श्री चक्रपाणि ;

क्या गृह–कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र सरकार ने स्पेन के नागरिक एक कैथोलिक पादरी को भारत से चले जाने का नोटिस दिया है;

(ख) पादरी का नाम क्या है; और

(ग) ऐसी कार्यवाही करने के कारण क्या हैं ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग) स्पेन के एक राष्ट्रक फादर विन्सेंट फैरर को, जिनकी ठहरने की अवधि मार्च, 1967 में समाप्त हो गई थी, पहली प्रार्थना पर अवधि बढ़ाने की आज्ञा नहीं दी गई थी।

दूर संचार व्यवस्था में रुकावट

4534. श्री त्रिदिब कुमार चौधरी :
श्री स० चं० सामन्त :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में दूर टेलीफोन संचार व्यवस्था में समय–समय पर होने वाली रुकावट को कम करने क लिये दीर्घकालीन तथा अल्पकालीन क्या उपाय किये गये हैं;

(ख) क्या हाल के महीनों में शिकायत की संख्या बहुत बढ़ रही है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं।

संसद कार्य तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) देश में दूरस्थ टेलीफोन संचार प्रणालियों में गड़बड़ी निम्न कारणों से होती है–

(1) लाइनों से तांबे के तार की चोरियां।

(2) स्थानीय विद्युत सप्लाई के मुख्य यंत्रों का खराब होना और उनमें अस्थिरता।

(3) प्राकृतिक कारणों से क्षति।

उन्हें दूर करने के उपाय ये हैं–

(1) खुली तार लाइनों से तांबे के तार की चोरी के कारण होने वाली गड़बड़ी से बचने के लिए जमीन के नीचे बिछे सहधुरीय केबिलों और सूक्ष्मतरंग रेड़ियो रिले प्रणालियों पर दूरस्थ टेलीफोन संचार परिपथों की व्यवस्था।

(2) टेलीग्राफ तार (अनधिकृत कब्जा) अधिनियम, 1950 में संशोधन ताकि उसमें अपेक्षाकृत ज्यादा कड़े दण्डों की व्यवस्था हो।

(3) तांबे के तार के स्थान पर तांबे की पालिश लगा लोहे का तार लगाना और उसका देश में ही निर्माण।

(4) स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों से अधिक निकट का सम्पर्क।

(5) अर्ध सरकारी पत्र लिखकर राज्यों के मुख्य मंत्रियों का उनके राज्यों में बारबार तांबे के तार की चोरियां होने के खतरे की ओर ध्यान आकृष्ट करना, जिसमें उनसे उसे दूर करने के लिए कड़े से कड़े उपाय बरतने की प्रार्थना की गई है।

(6) मुख्य यंत्रों के खराब होने के समय प्रयोग में लाने के लिए विभिन्न संचार केन्द्रों पर आपाती इंजन परिवर्तकों की व्यवस्था।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

उड़ीसा उच्च न्यायालय में लेख याचिकाएं

4535. श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री हीरजी भाई :
श्री स० प्रधानी :

क्या गृह कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन महीनों में उड़ीसा के उच्च न्यायालय में कितनी लेख याचिकायें दायर की गई; और

(ख) उस उच्च न्यायालय में पिछले एक वर्ष से अनिर्णित पड़ी लेख-याचिकाओं की संख्या कितनी है ?

गृह कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) 94 (ख) 303 (इस संख्या में जून 1966 या उससे पहले के लम्बित मामले भी शामिल है ।

धन के लिये अपील

4536. श्री म० रं० कृष्ण : क्या गृह कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेशों में रहने वाले भारतीय राष्ट्रजनों से धन देने के लिए अपील करते समय प्रधान मंत्री ने देशी रियासतों के भूतपूर्व शासकों से मुसीबत-ग्रस्त क्षेत्रों के लोगों की सहायता करने के लिए अपनी निजी थैलियों की समूची राशि अथवा आंशिक राशि देने का अनुरोध किया; और

(ख) यदि हां, तो प्रधान मंत्री के इस अनुरोध पर कितने भूतपूर्व शासकों ने धन दिया है ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) और (ख) नवम्बर, 1966 में प्रधान मंत्री ने भारत की जनता को प्रधान मंत्री की सूखा सहायता निधि में उदारता पूर्वक अशंदान देने के लिये अपील की थी । अपील की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सरकार ने शासकों से उदारतापूर्वक अंशदान देने के लिए अनुरोध किया था । 33 शासकों ने इस अपील पर निधि में अंशदान दिया ।

कांग्रेस अध्यक्ष

4537. श्री बाबूराव पटेल : क्या गृह कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष की सुरक्षा की व्यवस्था की जाती है; और

(ख) यदि हां, तो उनकी सुरक्षा पर कितना मासिक व्यय किया जा रहा है; और

(ग) क्या अन्य राजनैतिक दलों के अध्यक्षों को भी ऐसी ही सुविधा दिये जाने का प्रस्ताव है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) श्री कामराज की सुरक्षा को भय होने के पश्चात् 1965 से उनकी सुरक्षा के लिये कुछ प्रबन्ध किया गया है ।

(ख) 513.60 प्रति मास ।

(ग) किसी राजनैतिक दल के प्रधान या सभापति के लिए सुरक्षा उपाय नहीं किये जाते हैं । सुरक्षा प्रबन्ध केवल तब ही किये जाते हैं जब वे आवश्यक समझे जाते हैं ।

राजस्थान में पाकिस्तानी रेंजरों का अवैध प्रवेश

4538. श्री बाबूराव पटेल : क्या गृह कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दस पाकिस्तानी नागरिक, जिनमें तीन पाकिस्तानी रेंजर भी थे, 28 अप्रैल, 1967 की रात को राजस्थान के गंगानगर जिले में सीमावर्ती यलीवाला गांव में घुस गये थे और उन्होंने वहां एक भारतीय नागरिक को गोली मार कर मार डाला था;

(ख) यदि हां, तो हमारे सुरक्षा सैनिकों द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने के क्या कारण थे; और

(ग) पाकिस्तानियों को भाग निकलने क्यों दिया गया ?

गृह कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) (क) से (ग) 28 अप्रैल, 1967 को ऐसी कोई घटना नहीं घटी गई। तथापि, 14 अप्रैल, 1967 को 3 पाकिस्तानी रेंजर और 7 नागरिक गंगानगर जिले, में उनके द्वारा सीमा के पार से मारे गये एक पशु को उठाने के लिये भारतीय प्रदेश में घुस आये। हमारे सीमा गश्ती दल को देखते ही वे भाग गये।

मद्यनिषेध

4539. श्रीमती सावित्री श्याम : क्या गृह कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पर्यटन उप मंत्री ने बम्बई में कहा है कि मद्यनिषेध पर्यटन के विकास में एक बाधा सिद्ध हुई है; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह सरकार का निश्चित मत है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) पर्यटन के उप-मंत्री ने अपनी राय व्यक्त नहीं की थी अपितु उन तक पहुंचाये गये अन्य लोगों के विचारों को ही उन्होंने बताया था कि मद्यनिषध से पर्यटन को प्रोत्साहन नहीं मिलता। समाचार पत्रों ने इस सम्बन्ध में बिल्कुल सही नहीं लिखा है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश में चलते फिरते डाकघर

4540, श्री विश्वनाथ पांण्डेय : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय कितने चलते फिरते डाकघर हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार उत्तर प्रदेश राज्य में ऐसे और डाकघर चालू करने का है; और

(ग) यदि हां, तो ये डाकघर किन किन क्षेत्रों में काम करेंगे ?

संसद कार्य तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री, (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) कोई नहीं।

(ख) और (ग) शीघ्र ही कानपुर में एक चलता-फिरता डाकघर चालू किया जायेगा।

Assistance to Political Sufferers of Uttar Pradesh

4541. Shri Vishwa Nath Pandey : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the amount paid to the political sufferers belonging to Uttar Pradesh during 1966-67 in the form of personal assistance ; and

(b) the number of political sufferers thus benefited and the extent of monthly assistance given to them ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) and (b) During 1966-67 a sum of Rs. 10,750/-was paid to 26 political sufferers belonging to Uttar Pradesh. No monthly assistance is given to any political sufferer from the Home Minister's Discretionary Grant.

उत्तर प्रदेश में रोजगार दिलाऊ दफ्तरों में पंजीकृत लोग

4543. श्री विश्वनाथ पांडेय : क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 अप्रैल, 1967 को उत्तर प्रदेश में रोजगार दिलाऊ दफ्तरों में कितने बेरोजगार व्यक्तियों के नाम दर्ज थे ; और

(ख) उनके नाम दर्ज होने की तारीख से एक वर्ष के भीतर उन्हें रोजगार दिलाने के लिये क्या कार्यवाही की गई ?

श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री (श्री हाथी) : (क) 3,01,864

(ख) रोज़गार कार्यालयों को सूचित रिक्त स्थानों को भरने के लिए उक्त कार्यालय योग्य उम्मीदवारों को भेजते हैं। रोजगार की वर्तमान स्थिति को देखते हुए सभी तरह के उम्मीदवारों को उनके नाम दर्ज कराने की तारीख से एक साल के भीतर नियुक्ति सहायता दिलाना सम्भव नहीं लगता।

लक्कदीव द्वीपसमूह पाकिस्तान की शरारतपूर्ण कार्यवाहियां

4544. श्री विभूति मिश्र : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ऐसा कोई समाचार मिला है कि पाकिस्तान लक्कदीव द्वीपसमूह में गड़बड़ पैदा करने का प्रयास कर रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

डाक बचत बैंक के खातों की न मांगी गई राशि

4545. **श्री ज्योतिर्मय बसु ;**
श्री उमानाथ :
श्री वि० कु० मोदक :
श्री प० गोपालन :
श्री भगवान दास :
श्री चकपाणि :

क्या **संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डाकघरों के बचत बैंक खातों में ऐसा कुल कितना धन जमा पड़ा है जिसका इस समय तक कोई दावेदार धन लेने नहीं आया ;

(ख) क्या उपयुक्त दावेदारों को ये राशियां देने के सम्बन्ध में सरकार ने कोई कार्यवाही की है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है ?

संसद कार्य तथा संचार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) डाक घर बचत बैंक में ऐसी कोई रकम नहीं होती जिसका कोई 'दावेदार' न हो। यदि किसी खाते में पूरे छः वर्ष तक कोई लेन-देन न हो तो उस खाते को 'निष्क्रिय' खाता मान लिया जाता है और उस खाते को जमा कर्ता आवेदन-पत्र देकर फिर से चालू कर सकता है। उन बचत बैंक खातों में जिन्हें निष्क्रिय मान लिया गया है, 30 अप्रैल, 1967 को निबल संचित इतिशेष रकम 9,54,32,061 रु० 25 पैं० थी।

(ख) और (ग) जमाकर्ताओं या उनके उत्तराधिकारियों को दावे पेश करने पड़ते हैं। फिर भी डाक-तार विभाग का यह प्रस्ताव है कि 'निष्क्रिय खातों' वाले उन जमाकर्ताओं को जिनके पूरे रिकार्ड उपलब्ध है तथा जिनके खाते में 100 रु० से अधिक इतिशेष रकम मौजूद है, नोटिस भेजे जाएं, जिनमें उनसे अपने खाते फिर से चालू करने की प्रार्थना की जाए।

भारतीय वैज्ञानिकों का वेतन

4546. **श्री ज्योतिर्मय वसु :**
श्री अब्राहम :
श्री उमानाथ :
श्री वि० कु० मोदक :
श्री भगवान दास :
श्री प० गोपालन :
श्री चक्रपाणि :

क्या **शिक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है कि वैज्ञानिक तथा अनुसन्धान परिषद् ने यह मत व्यक्त किया है कि भारतीय वैज्ञानिकों को कम वेतन मिल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ; और

(ग) वैज्ञानिकों की दशा सुधारने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी हां। प्रेस समाचार एक सर्वेक्षण प्रतिवेदन पर आधारित है, जिसका नाम है 'ओपीनियन सर्वे आफ साइंटिस्ट्स एण्ड टैक्नोजिस्ट्स'। इसके लेखक हैं अनुसन्धान सर्वेक्षण और आयोजना संगठन के एक्वील अहमद और एस० पी० गुप्त। इसकी एक प्रति संसद पुस्तकालय में उपलब्ध है।

(ख) और (ग) वैज्ञानिकों की सेवा शर्तों में सुधार के बारे में सरकार की नीति और उपाय सरकार के वैज्ञानिक नीति सम्बन्धी संकल्प में अच्छी तरह बताये गए हैं, जिसे संसद ने 4 मार्च 1958 को पारित किया था। वैज्ञानिक नीति सम्बन्धी संकल्प को अमल में लाया जाना एक दीर्घकालीन प्रक्रिया है और उसका लगातार पुनर्विलोकन चलता रहता है। जहां तक हो सकता है वैज्ञानिकों की सेवा शर्तें सुधारने के लिए कई कदम पहले ही उठाये जा चुके हैं जैसे योग्यता पदोन्नतियां, पेशगी वेतनवृद्धि देना आदि। पारिश्रमिक देने का प्रश्न ऐसा विषय है, जिसको देश की हालत के साथ सम्बद्ध रखना होगा और यह सापेक्ष है।

डाक तथा तार विभाग में संगणक

4547. श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री ओंकार सिंह :

क्या **संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान के पोस्ट मास्टर जनरल ने एक प्रेस सम्मेलन में संगणकों के, जिन्हें खरीदने में विदेशी मुद्रा खर्च होती है और जिसके कारण यह प्रणाली अधिक महंगी सिद्ध हुई है प्रयोग का विरोध किया था ; और

(ख) यदि हां, तो क्या संगणकों के उपयोग के बारे में कोई अध्ययन किया गया है ?

संसद-कार्य तथा संचार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री इ०कु० गुजराल) (क) और (ख) सरकार को समाचार-पत्रों में प्रकाशित हुए पोस्टमास्टर जनरल राजस्थान के विचारों की जानकारी है, जो कि उनके व्यक्तिगत विचार है। टेलीफोन के बिल बनाने और लेखा-कार्य के लिये डाक-तार विभाग में किसी संगणक का प्रयोग नहीं किया जाता। फिर भी कलकत्ता टेलीफोन प्रणाली के टेलीफोन के बिल बनाने और उसका लेखा रखने से सम्बन्धित कुछ काम, जिसे सेवा के आधार पर एक ठेकेदार को सौंप दिया गया है, उनको सर्विस ब्यूरो में संगणकों पर किया जाता है। चूंकि डाक-तार विभाग द्वारा इस कार्य के लिए अपने किसी संगणक का प्रयोग नहीं किया जाता, अतः कार्य-अध्ययन का प्रश्न ही नहीं उठता।

उड़ीसा में छात्रों को योग्यता छात्रवृत्तियां

4548. श्री रामचन्द्र उलाका : **श्री ख० प्रधानी :**
श्री धुलेश्वर मीना : **श्री हीरजी भाई :**

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उड़ीसा सरकार को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत निर्धन छात्रों को विश्व विद्यालय की परीक्षा जारी रखने के लिये योग्यता छात्रवृत्तियां देने के लिये 1966-67 में कितनी वित्तीय सहायता दी गई ; और

(ख) उस राज्य सरकार ने उस राशि में से उस अवधि में कितनी राशि खर्च की और उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद) : (क) 3.40 लाख रु० ।

(ख) 2.50 लाख रु० का व्यय राज्य सरकार द्वारा किया गया था । 6,4930 रु० 1966-67 में चुने गये उम्मीदवारों को छात्रवृत्तियां देने के लिये और 1,85,070 रु० पिछले वर्षों में चुने गये उम्मीदवारों की छात्रवृत्तियों के नवीनीकरण पर ।

उड़ीसा की तकनीकी संस्थाओं में योग्यता एवं साधन छात्रवृत्तियां

4549: श्री रामचन्द्र उलाका ; श्री ख० प्रधानी :
श्री धुलेश्वर मीना : श्री हीरजी भाइ :

क्या शिक्षा मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उड़ीसा की प्रत्येक तकनीकी संस्था को 1966–67 में योग्यता–एवं–साधन छात्र-वृत्तियों के लिये कितनी धनराशि दी गई; और

(ख) इस काम के लिए उस राज्य को 1967-68 में कितनी धनराशि देने का विचार है?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) :

(क) :

	रुपये
1. विश्वविद्यालय इंजीनियरी कालेज, बुरला	48,600
2. उड़ीसा इंजीनियरी स्कूल, कटक	6,250
3. भद्रक इंजीनियरी स्कूल, भद्रक	1,350
4. झारसुगुड़ा इंजीनियरी स्कूल, झारसुगुड़ा	2,700
5. बरहमपुर इंजीनियरी स्कूल, बरहमपुर	7,800
6. केन्द्रपाड़ा इंजीनियरी स्कूल, केन्द्रपाड़ा	1,700
7. उड़ीसा खनन इंजीनियरी स्कूल, क्योंझरगढ	1,050
जोड़	69,450

(ख) 1,11,400 रुपये

उड़ीसा में सांस्कृतिक केन्द्र

4550. श्री रामचन्द्र उलाका : श्री ख० प्रधानी :
श्री धुलेश्वर मीना : श्री हीरजी भाई :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उड़ीसा को राज्य में सांस्कृतिक केन्द्र बनाने के लिए 1966-67 में कोई वित्तीय सहायता दी गई थी; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

उड़ीसा में इंजीनियरी के कालेजों को अनुदान

2551. **श्री रामचन्द्र उलाका :** **श्री हीरजी भाई :**

श्री घुलेश्वर मीना : **श्री ख० प्रधानी :**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1966-67 में उड़ीसा में इंजीनियरी के कालेजों को वास्तव में कितनी राशि दी गई थी; और

(ख) उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) अनुदान.....17,56,449.53 रु. ऋण.....7,05,000,00 रु.

संख्या लाखों में

स्थान का नाम	अनावर्ती				आवर्ती	कुल सहायता अनुदान	ऋण		
	इमारत	उपकरण	कर्मचारियों के क्वार्टर	कुल			होस्टिल	कर्मचारी क्वार्टर	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
(एक) रिजनल इंजीनियरिंग कालेज, रूरकेला	4.60	0.30	0.35	5.31	10.663	15.973	5.7	1.35	7.05
(दो) यूनीवर्सिटी कालेज आफ इंजीनियरिंग उत्कल, यूनीवर्सिटी, बुरला	0.0414953	0.55	1.00	1.5914953	–	1.5914953	–	–	–

उड़ीसा में प्रौढ़ शिक्षा

4552. **श्री धुलेश्वर मीना :**
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री हीरजी भाई :
श्री ख० प्रधानी :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1966–67 में सरकार ने प्रौढ़ शिक्षा के लिये उड़ीसा को कितनी राशि दी थी; और

(ख) वर्ष 1967–68 में इस कार्य के लिये उड़ीसा राज्य को कितनी राशि देने का विचार है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) विकास के किसी विशिष्ट शीर्षक, उदाहरणार्थ सामान्य शिक्षा पर वास्तविक व्यय के आधार पर आयोजना की योजनाओं के लिये केन्द्रीय सहायता दी जाती है, प्रत्येक योजना या उप-शीर्षक के लिये अलग से नहीं दी जाती है । अतः अलग से यह बताना संभव नहीं है कि उड़ीसा सरकार को प्रौढ़ शिक्षा के लिये कितनी केन्द्रीय सहायता दी गई ।

पुरातत्वीय संग्रह

4553. **श्री धुलेश्वर मीना :**
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री हीरजी भाई :
श्री ख० प्रधानी :

क्या शिक्षा मंत्री 17 अगस्त, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2489 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारत में पुरातत्वीय संग्रहों के उत्तरोत्तर ह्रास को रोकने के लिये कानून बनाने के प्रस्ताव पर इस बीच विचार कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ।

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) विषय अभी तक सरकार के विचाराधीन है ।

केन्द्रीय स्कूल

4554. **श्री धुलेश्वर मीना :**
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री हीरजी भाई :
श्री ख० प्रधानी :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में चालू वर्ष में कितने केन्द्रीय स्कूल खोलने का विचार है; और

(ख) इस समय देश में ऐसे स्कूल कितने हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) सात, निधियों के उपलब्ध होने पर।

(ख) 31-3-1967 को 111।

सीधे टेलीफोन करने की व्यवस्था

4555. श्री श्रद्धाकर सुपकार : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कितने नगरों तथा कस्बों के बीच सीधे टेलीफोन करने की व्यवस्था अब तक चालू हो चुकी है; और

(ख) नगरों तथा कस्बों के बीच टेलीफोन की यह सीधी व्यवस्था करने में कुल कितना धन खर्च हुआ है ?

संसद-कार्य तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) एक टेलीफोन से दूसरे टेलीफोन को उपभोक्ता डायलिंग प्रणाली द्वारा तेरह नगरों को। इनके नाम ये हैं :—

दिल्ली	मेरठ
आगरा	जालन्धर
कानपुर	शिमला
लखनऊ	अहमदाबाद
जयपुर	मद्रास
पटना	बंगलौर
वाराणसी	

(ख) उपर्युक्त स्थानों पर उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग की व्यवस्था करने के लिए स्विचिंग उपस्कर की लागत लगभग 29 लाख रुपये हैं। इसके अतिरिक्त ट्रंक लाइनों में आम सुधार करने की दृष्टि से विभिन्न मार्गों पर दूरस्थ परिपथों की व्यवस्था की गई है।

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसन्धान परिषद की पुनर्विचार समिति

4556. श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री हो० ना० मुकर्जी :
श्री वासुदेवन नायर :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् की पुनर्विचार समिति ने यह सिफारिश की है कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् के मुख्यालय को प्रशासनिक केन्द्र के रूप में कम तथा तकनीकी और वैज्ञानिक योजना तथा नीति निर्धारक एजेंसी के रूप में अधिक काम करना चाहिये; और

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी हां ।

(ख) यह ऐसी समस्या है जिस पर वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान के महानिदेशक लगातार ध्यान देते रहे हैं और नीचे लिखी कार्यवाही की गई है :

(एक) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान के महानिदेशक, जो स्वयं एक प्रमुख वैज्ञानिक हैं, यह ध्यान रखते हैं कि मुख्यालय वैज्ञानिक नीति बनाने वाले निकाय की तरह काम करे, केवल एक प्रशासनिक दफ्तर के रूप में नहीं । इस काम में उनकी मदद के लिए देश के प्रमुख वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविज्ञों और उद्योगपतियों और राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के निदेशकों को भी समय-समय पर विशिष्ट मामलों पर विचार करने के लिए नियुक्त की जाने वाली समितियों में नामित किया जाता है । वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान बोर्ड में भी, जो सी०एस०आई०आर० का प्रमुख सलाहकार निकाय और शासीनिकाय है, प्रमुख वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी-विज्ञ रखे गए हैं ।

(दो) सी०एस०आई०आर० के शासी निकाय के कृत्य और शक्तियां बहुत कुछ राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों की कार्यकारी परिषदों को सौंप दी गई हैं, ताकि वे प्रयोगशालाओं के कार्यों का प्रबंध की गई बजट-व्यवस्था के भीतर चला सकें ।

(तीन) प्रयोगशालाओं की अनुसंधान नीतियों और कार्यक्रमों के तैयार करने में सम्बन्धित क्षेत्र के वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविज्ञों और उद्योगपतियों को निकट से सहयोजित किया गया है ।

(चार) मुख्यालय के प्रशासनिक तन्त्र का मुख्य लक्ष्य यह है कि विभिन्न स्तरों पर सी० एस०आई०आर०की आयोजना और नीति बनाने वाले निकायों द्वारा किए गए निर्णयों को अमल में लाने में सुविधा दी जा सके और उनका अनुगमन किया जा सके ।

हिन्दी का अध्यापन

4557. श्री मोलहू प्रसाद :
श्री रवि राय :
श्री महाराज सिंह भारती :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या उनके मंत्रालय का विचार हिन्दी अध्यापन योजना को, जो इस समय गृह-कार्य मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही है, उस मंत्रालय से अपने नियंत्रण में लेने का है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : जी नहीं ।

गोआ में नये हिन्दू

4558. श्री शिंकरे : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि गोआ में 25 वर्ष पहले बने 30 हजार से अधिक ये हिन्दू हैं जो अपने नाम तथा कुल-नाम बदलने के लिए उत्सुक हैं परन्तु उनको इस सम्बन्ध में पुर्तगाली विधियों, जो कि अभी तक गोआ में लागू हैं के अनुसार कानूनी कार्यवाही करने में भारी खर्च के कारण कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सच है कि भारत के अन्य सभी राज्यों में नाम तथा कुलनाम बदलने की विधि बहुत सरल तथा कम खर्च वाली है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त परिवर्तन को सुकर बनाने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है ।

(ख) जी हां ।

(ग) यदि उनको कठिनाइयों की सूचना दे दी जाये, तो इस सम्बन्ध में कानून में संशोधन करने के प्रश्न पर विचार किया जायेगा ।

केरल में प्राथमिक पाठशालाओं की इमारतें

4559. श्री नायनार : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केरल सरकार को प्राथमिक पाठशालाओं की इमारतें बनाने के लिये 1963–64 में ऋण देने की पेशकश की थी;

(ख) यदि हां, तो कितना ऋण देने की पेशकश की गई थी; और

(ग) क्या वह राशि केरल सरकार को दी गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) 1963–64 में ही चलने वाली तदर्थ योजना के अधीन भारत सरकार ने प्राथमिक स्कूलों की इमारतों और देहाती प्राथमिक स्कूलों में काम करने वाली अध्यापिकाओं के लिए क्वार्टर बनाने के वास्ते राज्य सरकार को ऋण के रूप में मदद देने का प्रस्ताव किया था । फरवरी, 1964 में केरल सरकार ने 1964–65 वर्ष में 30 लाख रुपयों के और 1965–66 वर्ष में 45 लाख रुपयों के ऋण के लिए प्रार्थना की । पर चूंकि 1964–65 और 1965–66 में ऐसी कोई योजना न थी, जिसके अधीन ऋण मंजूर किया जा सकता, इसलिए राज्य सरकार को कोई ऋण मंजूर नहीं किया गया ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

भारतीय पैट्रोलियम संस्था, देहरादून

4560. श्री विभूति मिश्र :
श्री क० ना० तिवारी :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय पैट्रोलियम संस्था, देहरादून में, सोशल डीन का कोई पद है?

(ख) यदि हां, तो यह पद होने के क्या कारण है; और

(ग) उस संस्था के वर्तमान दोनों भूविशेषज्ञों का पढ़ाने का अनुभव कितना है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) नीदरलैंड सरकार ने दो मिट्टी विशेषज्ञ दिए हैं। वे अपने देश में विश्वविद्यालय स्तर के लिये अध्यापकों के रूप में योग्य हैं। किन्तु उनके शिक्षण अनुभव के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध नहीं है।

गैर-पत्रकार कर्मचारियों के लिए श्रमिक बोर्ड की सिफारिशों सम्बन्धी राष्ट्रीय न्यायाधिकरण

4561. श्री अनिरुद्धन :
श्री उमानाथ :
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री विश्वनाथ मेनन :
श्री अब्राहम :
श्री चक्रपाणि :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गैर-पत्रकार कर्मचारियों को मैसर्स बेनट कोलमैन एन्ड कम्पनी द्वारा अंतरिम सहायता देने के बारे में की गई केन्द्रीय श्रमिक बोर्ड की सिफारिशों को क्रियान्वित करने के प्रश्न पर विचार करने के हेतु सरकार का विचार एक राष्ट्रीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का है;

(ख) यदि हां, तो प्रस्तावित न्यायाधिकरण कब स्थापित किया जायेगा; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख) जी हां। इस प्रश्न को एक राष्ट्रीय न्यायाधिकरण के पास भेजने का आदेश 4 जुलाई, 1967 को जारी किया गया।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

विश्व युवक सभा (वर्ल्ड एसेम्बली आफ यूथ)

4562. श्री रवि राय : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्व युवक सभा (वर्ल्ड एसेम्बली आफ यूथ) के न्यासियों (ट्रस्टी) ने घोषणा की है कि उन्हें दो अमरीकी संगठनों से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो उन दो संगठनों के नाम क्या हैं; और

(ग) इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) सरकार के पास मामले की कोई जानकारी नहीं है।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते।

Appointments in Vikram University

4563. **Shri Ram Charan :**
Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Onkar Lal Berwa :

Will the Minister of Education be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a Committee of the University Grants Commission visited Vikram University in connection with the appointment of some professors there;

(b) whether the said Committee has submitted its report;

(c) if so, whether any decision has been taken thereon; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Education (Dr. Triguna Sen): (a) to (d) No, Sir. However, a Visiting Committee set up by the University Grants Commission visited the University in November, 1966, to assess its Fourth Plan requirements. The University submitted a proposal for creation of posts of professors for some teaching Departments, along with other proposals, to the Committee. The Committee has since submitted its report which is being considered by the Commission.

Closure of Textile Mills in U. P.

4564. **Shri Raghuvir Singh Shastri:** **Shri Ram Gopal Shalwale:**
Shri Hukam Chand Kachwai : **Shri Ram Avtar Sharma :**
Shri Prakash Vir Shastri : **Dr. Surya Prakash Puri :**
Shri Shiv Kumar Shastri : **Shri Arjun Singh Bhadoria :**

Will the Minister of Labour and Rehabilitation be pleased to state :

(a) whether there is a likelihood of the closure of cotton textile mills on account of the labour disputes in Uttar Pradesh; and

(b) if so, whether Government have taken any steps to ensure cordial relations between the labour and management ?

The Minister of Labour and Rehabilitation (Shri Hathi) : (a) The matter falls in the State sphere. The State Government have reported that there is no likelihood of closure of cotton textile mills on account of labour disputes.

(b) Does not arise.

बिहार में मैट्रिक परीक्षा के परिणाम

4565. **श्री रवि राय :**
श्री भोगेन्द्र झा :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार सरकार ने यह निर्णय किया है कि जो छात्र मैट्रिक परीक्षा में केवल अंग्रेजी में असफल रहते हैं तथा अन्य सभी विषयों में पास हो जाते हैं उन्हें उस परीक्षा में पास माना जायेगा; और

(ख) यदि हां, तो इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) प्रेस में छपे समाचारों के अनुसार इस साल जो छात्र माध्यमिक परीक्षा में केवल अंग्रेजी के पर्चे में अनुत्तीर्ण थे, उनको उत्तीर्ण घोषित कर दिया गया है ।

(ख) यह तभी होगी, जब प्रथमतः सम्बन्धित राज्य सरकार से इसके ब्यौरे प्राप्त हो जाएंगे ।

मंत्रियों के विरुद्ध जांच

4566. **श्री नायनार :**
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री अटल बिहारी बाजपेयी :
श्री कंवर लाल गुप्त :
श्री क० लकप्पा :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों के विरुद्ध वर्ष 1947 से लेकर आज तक पुलिस अभिकरणों ने कितने मामलों में जांच की है;

(ख) इनमें से कितने मामलों में जांच पूरी हो चुकी है और उनके क्या परिणाम निकले हैं;

(ग) कितने मामलों में जांच पूरी नहीं हुई है; और

(घ) कर्तव्य-पालन में कोताही करने वाले मंत्रियों के विरुद्ध मुकदमा चलाने की यदि कोई कार्यवाही की गई है तो क्या ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) से (घ) जहां तक पता लगाया जा सका है, पुलिस द्वारा 1947 से केन्द्रीय सरकार के किसी मंत्री के विरुद्ध कोई नियमित जांच नहीं की गई है । तथापि, दो केन्द्रीय मंत्रियों के सम्बन्ध में, कुछ मामलों की नियमित जांच के दौरान पुलिस द्वारा कुछ जानकारी प्राप्त की गई थी जो कि सरकार को भेज दी गई थी । सरकार द्वारा इन मामलों का अग्रेतर अनुसरण किया गया था और उसके परिणाम सभा को बता दिये गये थे ।

लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश खण्ड कार्यालय में मुकदमेबाजी

4567. **श्री सरजू पाण्डेय :**
श्री इसहाक सम्भली :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश खण्ड कार्यालय के कर्मचारियों के पुनर्वास विभाग के विरुद्ध कितने मुकदमे/याचिकाएं दायर कीं;

(ख) कितने मामलों में निर्णय दिये जा चुके हैं और फैसलों की प्रतियां मिल चुकी हैं;

(ग) इन मुकदमों/याचिकाओं पर कितना खर्च हुआ;

(घ) क्या उन अधिकारियों पर, जिनके निर्णय के परिणामस्वरूप यह मुकदमेबाजी चली है, कोई जिम्मेदारी डाली गई है; और

(ङ) क्या जिम्मेदार ठहराये गये अधिकारियों से कोई वसूली की गई है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) पिछले तीन वर्षों में 3 लेख याचिका ।

(ख) एक लेख याचिका पर फैसला किया जा चुका है । पत्रों पर लागत का भार डाल कर इसे बरखास्त कर दिया गया था । निर्णय की प्रति के लिये आवेदन-पत्र दिया गया है और प्राप्त होने पर दे दिया जायेगा ।

(ग) निर्णीत लेख याचिका पर 479 रु० । अन्य लेख याचिकाएं अब भी लम्बित पड़ी हैं ।

(घ) जी नहीं । क्या न्यायालय ने किसी अधिकारी को मुकदमेबाजी के लिये जिम्मेदार ठहराया है यह देखने के लिये अभी निर्णय की जांच की जानी हैं । लेख याचिका का फैसला सरकार के पत्र में किया गया है ।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Hindi Telephon Directory

4568. Shri Y. S. Kushwah : Will the Minister of **Communications** be pleased to state :

(a) whether the Telephone Department has uudertaken the work for publishing Hindi version of the Telephone Directory (Devanagari Script) and to arrange its supply;

(b) if not, the reasons therefor; and

(c) if so, the cities where Hindi Telephone Directories have been supplied ?

The Minister of State in the Department of Parliamentary Affairs and Communication (Shri I. K. Gujral) : (a) and (b) Yes, Sir, only in repect of Hindi speaking states, viz., U. P., Bihar, Rajasthan, M. P. and Delhi.

(c) Telephone Directory for U. P. has been published and supplied to all the telephone subscribers of P & T circle of U. P.

श्रेणी चार के कर्मचारी

4569. श्री एस० एम० जोशी : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लिपिक श्रेणियों में सरकारी नौकरी में नियुक्ति के लिये अधिकतम आयु सीमा 21 वर्ष है और श्रेणी चार के लिये 25 वर्ष;

(ख) क्या यह भी सच है कि 21/25 वर्ष की आयु में श्रेणी चार में नियुक्त होने वाला कोई व्यक्ति अपेक्षित विभागीय परीक्षाएं पास करने के बाद भी, तथा आवश्यक शिक्षा सम्बन्धी डिग्री प्राप्त करने के बाद भी, अपने जीवन में लिपिक श्रेणियों के पदों पर नियुक्त नहीं हो सकता है क्योंकि वह 21 वर्ष के बाद श्रेणी चार के पद पर नियुक्त हुआ था; और

(ग) विभिन्न सरकारी विभागों में 21 वर्ष के बाद सेवा में आने वाले श्रेणी चार के कर्मचारी के लिये मैट्रिक पास करने अथवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने और टाइप का पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद पदोन्नति के क्या अवसर हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) जिन कार्यालयों में निम्न श्रेणी लिपिक का पद रोजगार दफ्तर के द्वारा भरा जाता है उनमें इस पद पर नियुक्ति के लिये मैट्रिक या इससे ऊंची अर्हता प्राप्त चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों पर विचार किया जा सकता है । इस प्रयोजन के लिये उनको उस हद तक आयु की रियायत दी गई है जिस हद तक उन्होंने चतुर्थ श्रेणी में सेवा की हो । 3 सितम्बर, 1959 से श्रेणी तीन की लिपिक सेवाओं के लिये ऊपरी आयु सीमा के 25 से 21 वर्ष तक घटाये जाने को ध्यान में रखते हुए, उन व्यक्तियों को, जो चतुर्थ श्रेणी की सेवा में 3 दिसम्बर, 1959 से पहले आये थे और जिन्होंने सेवा में प्रवेश की तिथि की 21 वर्ष पहले ही पूरे कर लिये थे, गृह-कार्य मंत्रालय के 18 अप्रैल, 1966 के ज्ञापन-पत्र संख्या एफ० 16/2/66–एक्ट (डी) द्वारा निम्न श्रेणी लिपिक के रूप में नियुक्ति के लिये आयु में अग्रेतर रियायत दी गई है । इस ज्ञापन-पत्र की एक प्रति सभा पटल पर रख दी गई है । **[पुस्तकालय में रखी गई, देखिये संख्या एल० टी० 913/67]**

अन्दमान द्वीप में कर्मचारी

4570. श्री अ० सि० सहगल : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1951–52 में अन्दमान द्वीप में विभिन्न सरकारी विभागों में कुल कितने कर्मचारी थे और वर्ष 1966–67 में कितने थे;

(ख) वर्ष 1951–52 में तथा 1966–67 में उनमें से कितने लोग केरल के थे;

(ग) यदि उनकी संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) यदि सभी सरकारी पदों पर बाहर के लोग नियुक्त किये जाते हैं, तो सरकार का विचार उन 12,000 स्थानीय छात्रों को, जो स्कूल में पढ़ रहे हैं, परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद कैसे नौकरी देने का है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । **[पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 914/67]**

(ग) केरल से आने वाले व्यक्तियों की प्रतिशतता में वृद्धि का स्पष्टतः कारण यह है कि केरल के अधिक व्यक्ति गुण-दोष के आधार पर चुने जाते हैं ।

(घ) 12,000 स्थानीय छात्रों से अर्थ शायद अन्दमान और निकोबार प्रथम श्रेणी से लेकर ग्यारहवीं श्रेणी तक पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की कुल संख्या से है। चूंकि वे सरकारी सेवा के लिये केवल तब ही पात्र होंगे जब वे विहित आयु तथा शैक्षिक अर्हताएं प्राप्त कर लेंगे, इसलिये 12,000 स्थानीय विद्यार्थियों को एक ही समय में खपाने का प्रश्न नहीं उठता। शिक्षा के विस्तार से रोजगार के अवसर भी बढ़ते जा रहे हैं और स्थानीय पात्र विद्यार्थी भी उचित समय पर इन अवसरों का लाभ उठायेंगे।

मिडिल प्वाइंट हायर सैकेन्डरी बालक स्कूल, अन्दमान

4571. श्री अ० सिंह सहगल : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अंदमान सरकार ने मिडिल प्वाइंट हायर सैकेन्डरी बालक स्कूल के निकट चिरकाल से बसे हुए लोगों की धान की खेती वाली भूमि को लड़कों का खेल का मैदान बनाने के लिये अपने अधिकार में ले लिया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि लोक निर्माण विभाग ने इस भूमि को साफ करने पर लाखों रुपये खर्च करके इसे अधूरा छोड़ दिया था जिसके फलस्वरूप यह भूमि वर्षों से अप्रयुक्त पड़ी हुई है; और

(ग) यदि हां, तो इस काम को अविलम्ब पूरा करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी हां।

(ख) जमीन को समतल करने के लिए 54,326 रुपये की रकम खर्च की गई थी। काम 1963 में पूरा हो गया, पर जमीन का उपयोग न किया जा सका, क्योंकि पास की पहाड़ी की ओर से आने वाले बरसाती पानी के बहाव के लिए नालियां नहीं बनाई जा सकी थीं।

(ग) प्रशासन ने जरूरी नालियां बन चुकने के बाद उस जमीन पर दफ्तर और रहने के आवास बनाने का फैसला किया है।

पाकिस्तानी घुसपैठिये

4572. श्री बाबूराव पटेल :
श्री प्रकाश वीर शास्त्री :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री आत्म दास :
श्री शिव कुमार शास्त्री :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री रामकृष्ण गुप्त :
श्री शिव चन्द्र झा :
श्री यज्ञदत्त शर्मा :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि युद्ध-विराम से एक वर्ष की अवधि के दौरान भूतपूर्व काश्मीर रियासत के पाकिस्तान अधिकृत क्षेत्र में रहने वाले लगभग 50,000 पाकिस्तानी चोरी-छिपे

पुछ-विराम रेखा को पार करके हमारी ओर के पुंछ-राजौरी सीमावर्ती जिलों में इसलिये आ गये हैं ताकि वे वहां पर तोड़-फोड़ की कार्यवाइयां कर सकें;

(ख) क्या कारण है कि सीमा पर तैनात हमारे सैनिक इतनी अधिक संख्या में पाकिस्तानियों की घुसपैठ को न रोक सकें;

(ग) क्या सरकार को यह भी मालूम है कि वहां के मुसलमान इन पाकिस्तानी घुसपैठियों को संरक्षण देते हैं और प्रोत्साहित करते हैं; और

(घ) यदि हां, तो सरकार ने इन लोगों को बाहर निकालने और भविष्य में ऐसे लोगों की नये सिरे से घुसपैठ रोकने के लिये क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) से (घ) इस सम्बन्ध में मैं माननीय सदस्यों का ध्यान 21 जून, 1967 के तारांकित प्रश्न संख्या 632 के बारे में पूछे गये पूरक प्रश्नों के उत्तर की ओर दिलाना चाहता हूं। राज्य सरकार का यह अनुमान है कि भारत-पाक संघर्ष के दौरान हमारी ओर से लगभग जितने लोग पाकिस्तान की ओर चले गये थे उनमें से लगभग 30,000 वापिस आ गये हैं। वह भू-प्रदेश ही ऐसा है कि जहां पर ऐसी किसी बाढ़ का लगना सम्भव नहीं है जिससे टुकड़ियों में आते हुए लोगों को रोका जा सके। दूसरे जो लोग सैनिक हमलों से डर कर सीमा से परे चले गये थे और जो संघर्ष के समाप्त होने पर वापिस आना चाहते हैं, उन्हें माननीय और व्यावहारिक दृष्टिकोण से रोकना बहुत ही कठिन है। बात यह नहीं है कि स्थानीय लोग घुसपैठियों को शरण देते हैं। वे स्थानीय लोग ही हैं जो अपने घर वापिस लौट रहे हैं।

समुद्र विज्ञान सम्बन्धी अनुसन्धान करने वाले अमरीकी जहाज का हस्तान्तरण

4573. श्री रवि राय : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या समाचार-पत्रों में प्रकाशित इस आशय के समाचार की ओर उनका ध्यान दिलाया गया है कि अमरीका के राष्ट्रपति ने भारत सरकार के हक में समुद्र विज्ञान सम्बन्धी अनुसंधान करने वाले एक जहाज का हस्तान्तरण इस वर्ष के उत्तरार्द्ध में करने का आदेश दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले के पूरे तथ्य क्या हैं ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी, हां।

(ख) जिस अमेरिकी अनुसंधान जहाज **एंटन ब्रून** ने अन्तर्राष्ट्रीय हिन्द महासागर अभियान में भाग लिया था, उसे राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान के समुद्र विज्ञान कार्यक्रम के साथ सहयोग के रूप में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद को उपहार रूप में दिया गया था। फिर भी इस बीच अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास से एक समुद्री तार प्राप्त हुआ है, उसमें बताया गया है कि जब जहाज सूखी गोदी में पड़ा था, वह उलट गया। आगे और विवरण की प्रतीक्षा है।

दिल्ली में मदिरा तथा बीयर के मूल्य

4574. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिल्ली वाइन मर्चेन्ट्स असोशियेशन के इस प्रस्ताव की ओर दिलाया गया है कि बीयर के मूल्य बढ़ाये जायें;

(ख) यदि हां, तो मूल्य कितने बढ़ाने का विचार है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ग) राजधानी में मदिरा तथा बीयर के मूल्यों का विनियमन करने के बारे में क्या सरकारी विनियम है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी, हां ।

(ख) शराब के कारखानों द्वारा मूल्य बढ़ाये जाने के कारण 25 पैसे प्रति बोतल ।

(ग) दिल्ली के संघ राज्य क्षेत्र में बीयर और शराब के मूल्यों को नियमित करने के लिये कोई उपबन्ध नहीं है ।

Tours of Ministers to Drought Affected Areas

4575. **Shri Ram Charan :** Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the number of Central Ministers and Deputy Ministers who visited the drought-striken areas of U. P. and Bihar during the period January, 1966 to the 31st May, 1967 and the number of days they remained in the drought-stricken villages; and

(b) the total expenditure incurred on these tours ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri K. S. Ramaswamy) : (a) and (b) A statement giving the information available is placed on the Table of the House. [Placed in Library, See No. L. T. 915/67]

Central Government Offices in Madras, U. P. and Bihar

4576. **Shri Molahu Prasad :** **Shri Maharaj Singh Bharati :**
Shri Rabi Ray : **Shri Ram Sewak Yadav :**

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the number of new offices established by the various Ministries of the Government of India in Madras, Uttar Pradesh and Bihar during 1965-66 and 1966-67; and

(b) the amount spent on them separately during that period ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : The information in respect of offices under the Ministry of Home Affairs is as follows :

(a) Two

(b) In 1965-66 Rs. 19,80,225
In 1966-67 Rs. 28,93,680

Information in respect of other Ministries is being collected and will be laid on the Table of the House.

Scholarships to Scheduled Castes and Scheduled Tribes Students

4577. **Shri Molahu Prasad :**
Shri Rabi Ray :
Shri Ram Sewak Yadav :
Shri Maharaj Singh Bharati :

Will the Minister of Education be pleased to state :

(a) whether Government have under their consideration a proposal to give proper publicity to the following schemes/projects which had previously been under their direct control, but subsequently transferred to the State Government for execution namely;

(i) award of scholarships to Scheduled Caste and Scheduled Tribe students,

(ii) award of merit scholarships,

(iii) grants for organising labour and social services camps, and

(iv) ad hoc cash grants to the poor and needy students;

(b) if so, a brief account thereof; and

(c) the number of replies of routine nature sent by the Ministry in connection with the above schemes/projects during 1966-67 ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) and (b) It is the responsibility of the State Governments concerned to publicize the scheme which have been transferred to them for implementation. In the case of the scheme of Scholarships to Scheduled Castes etc., the State Governments have already been advised to give wide publicity through advertisement in newspapers, through All India Radio and by issuing circulars to the various institutions concerned. In the case of the scheme of National Scholarships, the award is made purely on merit on the basis of the examination results received from the concerned Universities and Boards and no publicity is called for. The scheme regarding Labour and Social Service Camps is to be duly advertised by the State Governments concerned if and when they make provision for it in their own budgets. There is no regular scheme with the Ministry of Education for giving ad hoc cash grants to the poor and needy students.

(c) (i) 216

(ii) 400

(iii) 28

(iv) does not arise.

Circulars in Hindi

4578. **Shri Molahu Prasad :**
Shri Rabi Ray :
Shri Maharaj Singh Bharati :

Will the Minister of Education be pleased to state :

(a) the number of Orders, Circulars and Notices relating to Class I, II, III and IV employees of his Ministry issued during the first half of the year 1967 and the number out of those issued in Hindi; and

(b) the number of applications, petitions received in Hindi from these employees during that period and the number of decisions thereon communicated to them in Hindi ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) 326 and 4 respectively.

(b) 353 and 350 respectively.

Post Offices

4579. **Shri Nathu Ram Ahirwar** : Will the Minister of Communications be pleased to state :

(a) the number of Sub-Post Offices proposed to be opened during 1967–68 in the country Circle-wise;

(b) whether any demand has been made for opening such Sub-Post Offices in Madhya Pradesh; and

(c) if so, when Government would take a decision thereon ?

The Minister of State in the Department of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) A statement is placed on the table of the Sabha. **[Placed in Library, See No. L. T. 916/67]**

(b) Yes, Sir.

(c) As a result of such representations, 11 Sub Offices were opened during the last one year, while four proposals were rejected. It is expected that decision on the remaining proposals will be taken by the Postmaster General, Madhya Pradesh within the next six months.

विद्रोही नागाओं द्वारा अपहरण

4580. **श्री हेम बरुआ** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान आसाम के मुख्य मंत्री के इस आशय के वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि आसाम के शिवसागर जिले में पनीमोरा गांव में विद्रोही नागाओं द्वारा अपहृत किये गये तीन व्यक्तियों का शिरोच्छेदन कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उनके अपहरण से लेकर उनकी हत्या किये जाने तक की घटना का ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख) जी, हां। राज्य सरकार ने ऐसी सूचना दी है कि 10 जुलाई, 1966 को पानीमोरा गांव के तीन व्यक्ति जंगल में ईंधन की तालाश में गये थे और 13 जुलाई, 1966 तक वापिस नहीं लौटे। खोजने पर गांव वालों को 14 जुलाई, 1967 को कचजन नदी से परे बन्दरचलिहा सीमा चौकी के पूर्व की ओर चार मील दूरी पर ऐसे तीन शव मिले जिनका अंग-अंग छिन्न-भिन्न किया हुआ था। उनमें से दो का शिरोच्छेदन किया गया था और उनके कटे हुए सिरों को पत्थर पर रख दिया गया था और तीसरे का सिर नहीं उतारा गया था। राज्य की पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच से पता चला कि ये हत्याएं नागा विद्रोहियों ने की हैं।

Centenary Celebrations of Archaeological Department

4581. **Shri Nathu Ram Ahirwar** : Will the Minister of Education be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a misappropriation has been detected in the Centenary Celebrations and Exhibition organised by the Archaeological Department during 1961;

(b) if so, the amount involved therein;

(c) the Officer responsible for the said bungling;

(d) whether some action has been taken against the Officer found responsible; and

(e) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Education (Dr. Triguna Sen) : (a) to (e) The case regarding misappropriation of Government funds by some officers of the Archaeological Survey of India in connection with the Centenary Celebrations of the Survey held in December, 1961, has been investigated by the Special Police Establishment. Their reports have recently been received in the Ministry and are under examination.

Archaeological Survey

4582. Shri Nathu Ram Ahirwar : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) the places where excavation work has been carried out from 1953 to 31st May, 1967 by the Archaeological Survey of India and when the said work was carried out in each case;

(b) whether the report relating to all the surveys have been published;

(c) if not, the reasons therefor; and

(d) the amount incurred per annum on excavation work on each site ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) and (b) The information is given in the list placed on the Table of the House. **[Placed in Library, See No. L T-917/67]**

(c) Most of these excavations were single-season's work with restricted objectives. A report thereon apart from what has been published in the respective issues of **Indian Archaeology-A Review** is not considered necessary.

Besides the sites where excavation is still in progress, viz. Burzaham, Kalibangan, Gudiyam-Attirampakam Poondi area and Paiyampalli, there are only thirteen sites-Rupar, Bara and Salaura, Lothal, Nagarjunakonda, Nagda, Ujjain, Ratnagiri, Adamgarh Kuchai, Afyeh, Tumas, Besnagar and Lalitpur, of which full excavation reports have not been published. Of these, reports are almost ready in respect of Lothal Nagda and Ujjain, while for Nagarjunakonda, Ratnagiri, Adamgarh, Kuchal, Besnagar, Lalitpur, Afyeh and Tumas the reports are in varying stages of preparation. As regards Rupar, Bara and Salaura, it has not been possible to complete the report because of the pressure of other administrative problems.

(d) The labour involved in collecting the information will not be commensurate with the results thereof.

Scientific and Technical Terminology Commission

4583. Shri Sheopujan Shastri :
Shri Molahu Prasad :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether necessary action has been taken in regard to the expansion of staff in accordance with the recommendations of the staff Inspection Unit of the Ministry of Finance sent to assess the work of the Scientific and Technical Terminology Commission;

(b) if not, the reasons therefor; and

(c) when the staff as recommended would be appointed ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) and (b) The matter is under consideration.

(c) Does not arise at present.

Scientific and Technical Terminology Commission

4584. Shri Sheopujan Shastri :
Shri Molahu Prasad :

Will the Minister of Education be pleased to state ;

(a) whether it is a fact that the staff of Scientific and Technical Terminology Commission is scattered over the various buildings and whether tremendous difficulties are experienced in conducting the work of the Commission properly;

(b) whether it is also a fact that the Library of the Commission is located at Daryaganj, at a distance of about two miles from these buildings; and

(c) if so, whether the question of keeping the whole staff in one buliding would be given prompt consideration ?

The Minister of State in The Miuistry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) The staff of the Commission are, at present, housed in two separate buidings which, no doubt, causes some difficulties in the work of the Commission.

(b) The Commission is making use of the Library of the Central Hindi Directorate which is not too far away from the Commission.

(c) Arrangements for housing the office and the Library of the Commission in one building are already in hand and efforts are continuing.

गृह-कार्य मंत्रालय में संसदीय सहायकों के पद

4585. श्री राम चरण : क्या गृह-कार्य मन्त्री 5 अप्रैल, 1967 के अतारांकित प्रश्न सख्या 569 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन के मन्त्रालय में संसदीय सहायकों के कितने पद हैं;

(ख) इन पदों पर कितने व्यक्ति काम कर रहे हैं और कब से;

(ग) क्या कोई ऐसा व्यक्ति भी है जो इस पर तीन वर्ष से अधिक समय से काम कर रहा है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे व्यक्तियों का तबादला करने का विचार कर रही है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) दो ।

(ख) दो– एक 24 दिसम्बर 1966 से और दूसरा 16-3-67 से ।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली के पोलिटेक्निकों मे प्रवेश के लिये आरक्षित स्थान

4586. श्री रा० स्व० विद्यार्थी : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के पोलिटेक्निकों और दिल्ली इंजीनियरी कालेज में प्रवेश के लिये अनसूचित जातियों, अनसूचित आदिम जातियों के छात्रों की पृथक अर्हता सूचियां नहीं बनाई जाती और उन के लिए इंजीनियरी की ऐसी शाखाएं निर्धारित कर दी जाती हैं जिनकी मांग उन की वरीयता को छोड़ कर सामान्य अर्हता सूची के आधार पर कम होती है;

(ख) क्या यह भी सच है कि प्रवेश के लिये निर्धारित न्यूनतम अंक प्रतिशतता में इन जातियों के छात्रों के पांच प्रतिशत अंक कम होने के उपबंध के बावजूद भी, 1966-67 में डिप्टी पोलिटेक्निकों में इस उपबंध की अवहेलना की गई थी और दिल्ली प्रशासन के रोजगार, प्रशिक्षण तथा तकनीकी शिक्षा निदेशक द्वारा जारी किये गये प्रोसपैक्टस में यह लिखा गया था कि 45 प्रतिशत अंकों से कम अंकों वाले छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा चाहे वे आरक्षित या अनारक्षित किसी भी श्रेणी के हों; और

(ग) यदि हां, तो यह सुनिश्चित करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है कि आरक्षित स्थान पूर्णतः अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के छात्रों को ही दिये जायें ?

शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) दिल्ली के इंजिनियरिंग कालेज तथा दिल्ली के पोलिटेक्निकों के लिये आरक्षित या अनारक्षित श्रेणी के छात्रों के लिये पृथक पृथक सूचियां बनाई जाती हैं और इन्ही सूचियों के आधार पर उन्हें मेक्निकल, इलेक्ट्रीकल तथा सिविल इंजिनियरिंग के पाठ्यक्रमों में दाखला दिया जाता है ।

(ख) यद्यपि दिल्ली की पोलिटेक्निकों के वर्ष 1966-67 के प्रोस्पैक्टस में इस बात का जिक्र नहीं किया गया था कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति के छात्रों के लिये न्यूनतम अंकों में 5 प्रतिशत की छूट दे दी जायेगी, परन्तु व्यवहार में जिन उम्मीदवारों ने 39 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे उन्हें भी प्रवेश की अनुमति दे दी गई थी ।

(ग) वर्ष 1967-68 के प्रोस्पैक्टस में यह स्पष्ट रूप से लिखा गया था कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति के उम्मीदवारों के लिये परीक्षा में पास होने के लिये 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक था जबकि अन्य उम्मीदवारों को 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करने थे ।

दिल्ली के पोलिटेक्निकों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के छात्रों को छात्रवृत्तियां

4587. श्री रा० स्व० विद्यार्थी : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली पोलिटेक्निकों तथा दिल्ली इंजिनियरिंग कालेज में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के छात्रों को वृत्तियां देने तथा उनकी फीस माफ करने के लिये आमदनी की क्या सीमा रखी गई है और आमदनी की ये सीमायें कब निर्धारित की गई थीं; और

(ख) क्या निर्वाह व्यय बहुत अधिक बढ़ जाने के कारण आमदनी की इन सीमाओं में अब कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता है ?

शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) छात्रवृत्तियों के लिये आय-सीमा अनुसूचित आदिम जाति.....कोई सीमा नहीं अनुसूचित जाति... ....500 रुपये प्रति माह। ये सीमाएं 1961–62 में निश्चित की गई थी।

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति के छात्रों के लिये पूरी फीस माफी के लिये आय-सीमा

इंजिनियरिंग कालेज.....कोई सीमा नहीं। पोलिटेक्निक.....300 रुपये प्रति माह। यह सीमा जून 1963 में निर्धारित की गई थी।

(ख) जी, नहीं।

डाक और तार विभाग के शिकायत अनुभाग

4588. श्री यज्ञदत्त शर्मा :
श्री रा० स्व० विद्यार्थी :

क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार जनता की शिकायतों को दूर करने के लिये दिल्ली में डाक और तार विभाग के शिकायत अनुभाग स्थापित करने का है;

(ख) क्या ऐसे अनुभाग अन्य राज्यों में भी स्थापित किये जायेंगे; और

(ग) क्या जनता की शिकायतों को दूर करने के लिये कोई अवधि निर्धारित की गई है ?

संसद-कार्य तथा संचार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) और (ख) दिल्ली सहित सभी डाक–तार सर्कलों में शिकायत अनुभाग पहले से ही मौजूद हैं। फिर भी इन अनुभागों का पुनर्गठन करने और उन्हें मजबूत बनाने का प्रस्ताव है।

(ग) जनता की शिकायतों का शीघ्रता से निपटान करने के लिए अधीनस्थ कार्यालयों के मार्गदर्शन के लिए समय की कुछ सीमाएं निर्दिष्ट की जा रही है।

दिल्ली में "पड़ोस के स्कूल में प्रवेश की व्यवस्था"

4589. श्री यज्ञदत्त शर्मा :
श्री श्रीचन्द गोयल :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने दिल्ली में "पड़ोस के स्कूल में प्रवेश की व्यवस्था" के बारे में, जिस के अन्तर्गत यह प्रस्ताव है कि किसी विशेष इलाके के छात्रों को केवल उसी इलाके के स्कूलों में प्रवेश दिया जायेगा अन्य स्कूलों में नहीं, कोई निर्णय कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना को कब क्रियान्वित किया जायेगा; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ग) जानकारी दिल्ली प्रशासन से इकट्ठी की जा रही है और यथाशीघ्र सभा पटल पर रख दी जाएगी।

हरियाना के कर्मचारियों का अभ्यावेदन

4590. श्री यज्ञदत्त शर्मा :
श्री श्रीचन्द गोयल :

क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हरियाना के चकबन्दी विभाग के उन कर्मचारियों से, जो पंजाब के रहने वाले हैं, परन्तु जिनकी सेवायें हरियाना को सौंपी गई हैं, सरकार को कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ख) क्या उन्होंने मांग की है कि उन की सेवायें पुन: पंजाब को सौंप दी जायें; और

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) और (ख) इस प्रकार के कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

(ग) इन अभ्यावेदनों पर विचार करने के लिये गठित की गई मुख्य सचिवों की समिति द्वारा सिफारिश दिये जाने के बाद उनके सम्बन्ध में कोई कार्यवाही की जायेगी।

बम्बई के एक स्कूल में धार्मिक असहिष्णुता

4591. श्री मधु लिमये : **श्री जार्ज फरनेन्डीज :**
श्री अटल बिहारी वाजपेयी : **श्री अब्दुल गनी डार :**
श्री रवि राय :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इंडियन एक्सप्रेस (14 जून, 1967) के बम्बई संस्करण में प्रकाशित इस समाचार की ओर आकर्षित किया गया है कि सेंट एन्थनी स्कूल (वकोला, बम्बई) के प्राधिकारियों द्वारा लगाये गये प्रतिबन्ध के विरोध में चूड़ियां पहनने और कुमकुम लगाने के कारण बम्बई में 25 हिन्दू लड़कियों को दण्ड दिया गया है;

(ख) क्या इसका विरोध करने पर किसी शिक्षक को मुअत्तिल कर दिया गया था;

(ग) क्या ऐसी कोई टिकटे बेची गई थीं जिनमें (मूर्ति पूजकों) के धर्म परिवर्तन का सुझाव था;

(घ) यदि हां, तो धार्मिक सहिष्णुता के सिद्धान्त की मर्यादा बनाए रखने के लिये केन्द्र ने क्या सलाह दी; और

(ङ) उस पर राज्य सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी हां ।

(ख) जी नहीं।

(ग) मामले की राज्य सरकार जांच कर रही है ।

(घ) और (ङ) फिलहाल प्रश्न नहीं उठता ।

Teachers in Delhi Education Directorate

4592. Shri Ramji Ram :
Shri Ram Charan :

Will the Minister of Education be pleased to state :

(a) the number of teachers recruited in the Directorate of Education, Delhi during the last five years;

(b) the number belonging to schedule castes and scheduled tribes teachers among them; and

(c) the number of applications received from the candidates belonging to aforesaid categories and the number of candidates out of them called for interview and the number of those finally selected ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) to (c) The requisite information is being collected from the Delhi Administration and will be laid on the Table of the Sabha in due course.

Compulsory Education Schemes

4593. Shri Ramji Ram : Will the Minister of Education be pleased to state :

(a) the total number of teachers appointed in U. P. under the Compulsory Education Scheme at present; and

(b) the number out of them belonging to scheduled Castes and Scheduled Tribes ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) and (b) information is being collected from thet Sate Government and will be laid on the Table of the House in due course.

नादिया में पाकिस्तानियों का अवैध प्रवेश

4594. श्री कामेश्वर सिंह : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 11 जून, 1967 को पाकिस्तानियों का एक गिरोह, जो बन्दूकों से लैस था, नादिया जिले में छपरा पुलिस थाने के अन्तर्गत भारतीय राज्यक्षेत्र फूलबाड़ी में अवैध रूप से घुस आया था;

(ख) यदि हां, तो क्या उस गिरोह ने बहुत से लोगों को जान से मार डाला और उनकी सम्पत्ति लूट ली;

(ग) यदि हां, तो क्या पाकिस्तान सरकार को इस बारे में विरोध पत्र भेजा गया है;

(घ) यदि नहीं, तो ऐसा न करने के क्या कारण हैं; और

(ङ) पाकिस्तान की ऐसी हरकतों को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मन्त्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) से (ङ) ऐसी सूचना दी गई है कि बन्दूकों और अन्य घातक शस्त्रों से लैस कुछ पाकिस्तानी डाकू भारतीय राज्य-क्षेत्र में घुस आये और उन्होंने नादिया जिले के छपरा थाने के क्षेत्र में फूलबाड़ी के एक निवासी के यहां 11 जून 1967 को एक बजकर 15 मिनट पर डाका डाला। उन डाकुओं में से छपरा थाने के एक निवासी को पहचान लिया गया था। वे 3000 रुपये के मूल्य के आभूषण और नकदी लूट कर ले गये। वापिस जाते हुए उन्होंने तीन गोलियां चलाई और जिसके परिणामस्वरूप कुछ घरवालों को मामूली सी चोट लगी। कोई भी जान से नहीं मरा। नादिया के जिला न्यायाधीश ने पूर्वी पाकिस्तान के जिला न्यायाधीश को विरोध पत्र भेजा था। राज्य सरकारें अपने स्तर पर इस मामले को ले रही हैं। सीमा पर गश्त तेज कर दी गई है और सीमा पर स्थित थानों और चौकियों को सावधान कर दिया गया है।

राष्ट्रीय अभिलेखागारों के निदेशक

4595. श्री हो० ना० मुकर्जी : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद राष्ट्रीय अभिलेखागारों के निदेशकों के नाम क्या हैं और उनकी शिक्षा सम्बन्धी तथा अभिलेखागार सम्बन्धी योग्यतायें क्या हैं;

(ख) वर्तमान पदाधिकारी की सम्बद्ध शिक्षा सम्बन्धी तथा अभिलेखागार सम्बन्धी योग्यतायें क्या हैं; और

(ग) क्या सरकार को पता है कि बुद्धिजीवी लोगों का यह मत है कि ऐसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त होने वाले व्यक्तियों की योग्यता का स्तर बहुत गिर गया है ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) एक विवरण जिसमें अपेक्षित जानकारी दी गई है, सभा पटल पर रख दिया गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 918/67]**

(ख) उपरोक्त विवरण के क्रमांक 9 और 11 के अधीन अपेक्षित जानकारी दी गई है।

(ग) जी, नहीं।

राष्ट्रीय अनुशासन योजना के प्रशिक्षक

4596. श्री ही० ना० मुकर्जी :
श्री कामेश्वर सिंह :
श्री वीरेन्द्र कुमार शाह :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय अनुशासन योजना के 7000 प्रशिक्षकों को केन्द्र से राज्य सरकारों के अधीन करने का है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह गत वर्ष सभा में दिये गये आश्वासनों के विपरीत नहीं होगा; और

(ग) क्या उक्त प्रशिक्षकों की सेवा और वेतन की सुरक्षा तथा भविष्य के बारे में उनकी शंकाओं को दूर करने के लिये कार्यवाही की जा रही है ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ग) विषय विचाराधीन है और अन्तिम निर्णय अभी लिया जाना बाकी है।

वीर सावरकर की स्मृति में डाक टिकट

4597. **श्री ही० ना० मुकर्जी** : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कागज की कथित कमी को दृष्टि में रखते हुए वीर सावरकर की स्मृति में डाक टिकट जारी करना स्थगित कर दिया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस कथित कमी के बावजूद जनवरी से मई, 1967 के बीच की अवधि में लगभग 14 डाक टिकट जारी किये गये हैं; और

(ग) वीर सावरकर की स्मृति में डाक टिकट जारी करने के वायदे को कब पूरा किया जायेगा ?

संसद-कार्य तथा संचार मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) ऐसे विशेष डाक-टिकट संकलन सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर जारी किये जाते हैं। किसी विशेष वर्ष के दौरान नये डाक-टिकटों के निकालने के प्रस्तावों पर सिफारिश करते समय यह समिति अन्य बातों के साथ सिक्यूरिटी प्रेस की सीमित क्षमता और बाहर से मंगाये जाने वाले कागज को प्राप्त करने में होने वाली कठिनाई पर भी विचार करती है। 1967 के लिए प्रस्तावों पर विचार करते समय समिति ने इस प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए सिफारिश नहीं की थी।

(ख) जनवरी से मई, 1967 की अवधि के दौरान पुरानी व्याख्यात्मक शृंखला के स्थान पर नई व्याख्यात्मक शृंखला में जारी किये गए 6 सार्वजनिक डाक-टिकटों के अतिरिक्त 8 विशेष/स्मारक डाक-टिकट जारी किये गए हैं।

(ग) यह प्रस्ताव 1968 के कार्यक्रम में शामिल किये जाने के लिए डाक-टिकट संकलन समिति के विचारार्थ फिर से उसके सामने रखा जाएगा।

गोदी श्रमिक बोर्ड, कलकत्ता

4598. श्री उमानाथ : श्री गणेश घोष :
श्री मुहम्मद इस्माइल : श्री अब्राहम :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कलकत्ता गोदी में नोमरकों, ठेकेदारों तथा एजेन्टों के अधीन लिपिक तथा पर्यवेक्षी कर्मचारी गोदी श्रमिक बोर्ड के अन्तर्गत पंजीबद्ध नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या इन्हीं श्रेणियों के कर्मचारी कोचीन पतन में पंजीबद्ध हैं;

(घ) क्या सरकार इन कर्मचारियों को गोदी श्रमिक बोर्ड के अन्तर्गत पंजीबद्ध करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है ?

श्रम और पुनर्वास मन्त्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) कलकत्ता गोदी श्रमिक बोर्ड इन कर्मचारियों को गोदी श्रमिक बोर्ड के अन्तर्गत पंजीबद्ध करना संभव नहीं समझता, क्योंकि उनके काम का बोर्ड के काम से बहुत कम सम्बन्ध है।

(ग) टेली/सार्टिंग क्लर्कों के वर्ग 15 फरवरी, 1966 से कोचीन गोदी श्रमिक बोर्ड द्वारा पंजीबद्ध किए गए थे।

(घ) जी नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

Telephone Advisory Committes

4599. **Shri G. C. Dixit** : Will the Minister of **Communications** be pleased to state :

(a) whether there are Telephone Advisory Committees at the Headquarters of East Nimar and Hoshangabad Districts of Madhya Pradesh;

(b) if so, the names and addresses of those members and the principles on the basis of which the members have been nominated; and

(c) if the reply to part (a) above be in the negative, when these Advisory Committees are likely to be set up ?

The Minister of State in the Department Parliamentary Affairs & Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) A Telephone Advisory Committee is not considered justified at these places at present as the stations are quite Small.

Cold Storages in Delhi

4600. Shri K. M. Madhukar :
Shri Ramavatar Shastri :
Shri Kameshwar Singh :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Delhi Municipal Corporation have decided to close cold storages for vegetables;

(b) whether this action would not cause inconvenience to people in getting green vegetables all along the year; and

(c) if so, whether the Central Government propose to advise the Delhi Municipal Corporation to change their decision ?

The Minister of State in the Ministery of Home Affair (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) to (c) : The Delhi Municipal Corporation have not decided to close cold storages for vegetables. In order to check increases in the price of green vegetables, the Delhi Administration has issued an order under section (3) of the Essential Commodities Act to provide that no cold storage shall accept any vegetables for storage except in accordance with a permit issued by the Administrator or by an officer authorised by him.

Employment of Technical Persons

4602. Shri Ram Chandra Veerappa : Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) the number of technical persons registered in the Employment Exchanges up to December, 1966 in Mysore State; and

(b) the number of technical persons provided with employment during the period between January to December, 1966 ?

The Minister of Labour and Rehabilitation (Shri Hathi) : (a) 13,096 technical persons were on the Live Register of Employment Exchanges as on 31, 12. 1966.

(b) 1,603.

Unemployment of Educated Persons

4603. Shri Ramachandra Veerappa : Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) the number of educated unemployed persons in the country, State-wise, upto the 31st December, 1966; and

(b) the number of persons belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes amongst them ?

The Minister of Labour and Rehabiliation (Shri Hathi) : (a) & (b) : Data regarding educated unemployed in the country are not available. The number of educated job seekers on the Live Register of Employment Exchanges in each State is given in the Statement. Placed on the Table of the House. **[Placed in Library, See No. L.T. 919/67.]**

Chinese in India

4604. Shri Ramachandra Veerapa : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the number of the Chinese national in India;

(b) the names of places in India where they are residing;

(c) where Government have given them permission to reside here; and

(d) the number of Chinese whose term for stay in India has expired ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) and (b) : A staetment containing the information is placed on the Table of the House [Placed in Library See No. LT/920/67]

(c) Yes, Sir.

(d) Foreigners have to obtain extensions of stay before the expiry of their authorised period of residence in India. Any Chinese national who is not granted an extension, has therefore, to leave India, failing which he is prosecuted for unauthorised stay and then compelled to leave the country.

संसद सदस्यों के भत्ते

4605 (श्री ग० च० दीक्षित) : क्या **संसद-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1963 में संसद सदस्यों को दैनिक भत्ते के रूप में कितनी राशि दी जाती थी;

(ख) उस समय निर्वाह-व्यय सूचकांक क्या था और अब क्या है;

(ग) क्या सरकार निर्वाह-व्यय सूचकांक में हुई वृद्धि के अनुपात में दैनिक भत्ते की राशि को बढ़ाना वांछनीय समझती; और

(घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

संसद-कार्य तथा संचार मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) रु0 21।00

(ख) **अखिल भारतीय श्रमिक वर्ग उपभोगता मूल्य सूचकांक :**

(1949–100)

1963	1967	
	जनवरी	197
134	फरवरी	198
	मार्च	200
	अप्रैल	202

(ग) नहीं, महोदय

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली विश्वविद्यालय का पुस्तकालय

4606. श्री मेघचन्द्र :

श्री धीरेश्वर कलिता :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ अमरीकी संस्थाएं दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के लिये बहुत अधिक धन दे रही हैं और इस प्रकार वे इस पुस्तकालय को डालर राजनीति का अड्डा बना रही हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि धन देने के साथ शर्तें जुड़ी होती हैं और दबाव भी होता है; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी, नहीं। हां, सरकार ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुछ कार्यक्रमों, जिसमें विश्वविद्यालय का पुस्तकालय का विकास भी शामिल है, के लिये फोर्ड फाउन्डेशन की सहायता सिद्धांत रूप से स्वीकार कर ली है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

विदेशी डिप्लोमाओं को मान्यता देना

4607. श्री ओंकार लाल बेरवा : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1966–67 में सरकार ने कुछ विदेशी डिप्लोमाओं को मान्यता प्रदान की है; और

(ख) यदि हां, तो उनका विवरण क्या है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी हां।

(ख) केन्द्रीय सरकार के अधीन उपयुक्त क्षेत्रों में पदों और सेवाओं में भरती के प्रयोजन से भारत सरकार द्वारा 1966–67 में नीचे लिखी विदेशी डिग्रीयों। डिप्लोमाओं को मान्यता दी गई है :

(एक) हंगरी के विश्वविद्यालयों/ संस्थाओं द्वारा इंजीनियरी और तकनीकी के विषयों में दी जाने वाली 'कैंडीडेट आफ साइन्स' उपाधियां।

(दो) जर्मन संघीय गणराज्य के तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली 'डा० इंग०'

(तीन) टोक्यो (जापान) विश्वविद्यालय की नागाकूशुशि (मास्टर आफ साइन्स इन एग्रीकल्चर)

(चार) हैरियट वाट कालेज, एडिनबरा द्वारा दी जाने वाली रसायन इंजीनियरी में एसोसिएटशिप।

(पांच) पूर्वी पाकिस्तान इंजीनियरी और टेक्नोलोजी विश्वविद्यालय ढाका द्वारा रसायन, सिविल, बिजली और यांत्रिक इंजीनियरी में दी जाने वाली बी० एस०-सी०।

(छः) रोयल मेलबोर्न इंस्टीट्यूट आफ टेकनोलोजी, मेलबोर्न, आस्ट्रेलिया द्वारा उत्पादन इंजीनियरी में दिया जाने वाला एसोसिएटशिप डिप्लोमा ।

(सात) एडवांसड् स्कूल आफ हाइड्रोकारबन स्टडीज़, मिलन इटली, द्वारा पेट्रोल भू-विज्ञान में दिये जाने वाला स्नातकोत्तर डिप्लोमा, इस बारे में रखी गई कुछ शर्तों के अधीन ।

(आठ) इंस्टीट्यूट आफ केमीकल इंजीनियर्स, लंदन की एसोसिएटशिप परीक्षा में उत्तीर्णता ।

(नौ) इंस्टीट्यूट आफ वेल्डिंग, लंदन की एसोसिएट मैम्बरशिप, जो इंस्टीट्यूट की एसोसिएट सदस्यता परीक्षा पास करके ली गई हो और इस बारे में रखी गई कुछ शर्तों के अनुसार हो ।

(दस) ढाका विश्वविद्यालय (पूर्वी पाकिस्तान) द्वारा सिविल, यांत्रिक और बिजली इंजीनियरी में दिये जाने वाले लाइसेंसिएट, डिप्लोमे ।

(ग्यारह) इंस्टीट्यूट आफ वुड साइंसेज,लंदन की एसोसिएटशिप परीक्षा ।

नेहरू स्मारक नई दिल्ली में प्रवेश

4608. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली में नेहरू के स्मारक के दर्शकों के लिये टिकिट लगाने का सरकार का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो यह टिकट कितने मूल्य का होगा ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) : नेहरू स्मारक संग्राहलय में प्रवेश के लिए टिकट लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Participation in International Sports

4609. Shri Onkar Lal Berwa : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the All-India Council of Sports has demanded that foreign exchange be made available to them for participating in all international competitions;

(b) if so, the reaction of Government thereto; and

(c) The amount of foreign exchange being provided for 1967-68 ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) (a) Yes, Sir.

(b) Allocations are normally not made for such "invisible" items of foreign exchange expenditure. Each individual case is examined on merits and suitable amount of foreign exchange is released.

(c) Does not arise.

पंजाब, हिमाचल प्रदेश और हरियाना को सम्पत्ति का आवंटन

4610. **श्री हेम राज :** क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अविभाजित पंजाब के क्षेत्र से बाहर स्थित कौन-कौन सी सम्पत्ति का नवनिर्मित पंजाब और हरियाना राज्यों तथा हिमाचल और चन्डीगढ़ संघ राज्य-क्षेत्रों को आवंटन किया गया है;

(ख) क्या पंजाब के पक्ष में भेदभाव किये जाने के बारे में हरियाना और हिमाचल प्रदेश की सरकारों से कोई विरोध पत्र प्राप्त हुए हैं; और

(ग) यदि हां, तो उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ।

गृह-कार्य मन्त्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) पंजाब पुर्नगठन अधिनियम की धारा 48 (1) (ख) के अधीन अविभाजित पंजाब राज्य की 1 नवम्बर 1966 से पूर्व राज्य क्षेत्र से बाहर स्थित सारी सम्पत्ति, उस सम्पत्ति को देख कर जो अधिनियम की धारा 78 के अधीन भाखड़ा नंगल परियोजना की सम्पत्ति घोषित कर दी गई है, पंजाब राज्य को दे दी गई थी । तथापि हरियाना राज्य सरकार से उक्त अधिनियम की धारा 65 के अधीन प्राप्त अभ्यावेदन के आधार पर निम्नलिखित भवन और सम्पत्तियां हरियाना राज्य को दे दी गई हैं ।

1. नाभा भवन वृन्दावन ।
2. कलसिया भवन, कंथल ।
3. पटियाला भवन, हरद्वार ।
4. जींद भवन. बनारस ।
5. ग्लेनलैंग, वुड विला, मसूरी ।
6. नहर विश्राम भवन, अलिपुर रोड और दिल्ली राज्य क्षेत्र में नहर और नालियों के प्रशासन के लिये निर्मित अन्य सम्पत्तियों समेत सिंचाई विभाग की सभी इमारतें ।
7. नाभा प्लोर, नई दिल्ली (लगभग 3 एकड़ का क्षेत्र) ।
8. जींद भवन, नई दिल्ली (3.2 करोड़ का क्षेत्र)

नई दिल्ली स्थित नाभा प्लोट में से एक एकड़ केन्द्रीय सरकार को दिया गया है, वह हिमाचल प्रदेश के संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक के सुपुर्द कर दिया गया है । अविभाजित पंजाब राज्य के बाहर स्थित भवन और सम्पत्ति में से कोई भी चन्डीगढ़ के राज्य-क्षेत्र को नहीं दी गई है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

पश्चिम पाकिस्तान से आये शरणार्थियों के क्षतिपूर्ति के दावे

4611. **श्री बृज भूषण लाल :** क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत बीस वर्ष से निरन्तर प्रयत्न के बाद भी पश्चिम पाकिस्तान से आये चार शरणार्थियों के, जो आजकल उत्तर प्रदेश के बरेली क्षेत्र में रह रहे हैं, क्षतिपूर्ति के दावों का अभी तक अन्तिम रूप से भुगतान नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) इन मामलों का शीघ्र निपटारा करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री ल०ना० मिश्र : (क) से (ख) मामलों के पूर्ण ब्यौरे के अभाव में अपेक्षित जानकारी का दिया जाना सम्भव नहीं है ?

हथकरघा बुनकरों पर बोनस अधिनियम लागू किया जाना

4612. **श्री नि० सू० मूर्ति :**
श्री उमानाथ :
श्री अ० क० गोपालन :
श्री चक्रपाणि :
श्रीमती सुशीला गोपालन :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उस्ताद बुनकरों के अधीन काम करने वाले हथकरघा बुनकरों पर बोनस अधिनियम, 1965 लागू करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो किस तारीख से ?

श्रम और पुनर्वास मन्त्री (श्री हाथी) (क) और (ख) : यह अधिनियम ऐसे सभी प्रतिष्ठानों पर वर्ष 1965 से किसी भी दिन से शुरू होने वाले लेखा वर्ष से पहले से ही लागू है जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं। इन प्रतिष्ठानों में हथकरघा प्रतिष्ठान भी शामिल हैं।

सिरमूर के स्वर्गीय महाराजा के कर्मचारी

4613. **श्री प्रतापसिंह :**
श्री वीरभद्रसिंह :

क्या **गृह-कार्य मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को हिमाचल प्रदेश के सिरमूर के स्वर्गीय महाराजा के घरेलू कर्मचारियों की ओर से महाराजा के निधन के पश्चात उनके वेतन न दिये जाने के बारे में कोई अभ्यावेदन मिला है;

(ख) क्या यह सच है कि सिरमूर की गद्दी सरकार ने छीन ली है; और

(ग) यदि हां, तो उन कर्मचारियों के वेतन, भत्तों तथा पेंशन की बकाया राशि का यदि ऐसी कोई राशि बकाया हो, भुगतान करने तथा स्वर्गीय महाराजा के अन्य घरेलू दायित्वों को पूरा करने का दायित्व किस पर है ?

गृह-कार्य मन्त्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) जी, हां।

(ख) राष्ट्रपति ने यह निश्चय कर लिया है कि सिरमूर के स्वर्गीय महाराजा के उत्तराधिकारी के रूप में किसी को मान्यता न दी जाये।

(ग) स्वर्गीय महाराजा के घरेलू कर्मचारियों के दावों तथा अन्य दायित्वों का निपटारा सामान्य विधि के अनुसार किया जायेगा।

Inspector/Sub-Inspectors in Delhi

4614. Shri Ram Charan : Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) the number of Inspectors/Sub- Inspectors in Delhi Police;

(b) the number amongst them belonging to Scheduled Castes;

(c) whether all the vacancies reserved for Scheduled Caste candidates have been filled in; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs. (Shri Vidya Charan Shukla) :

Inspectors	122
Sub-Inspectors	732
(b) Inspectors	Nil
Sub-Inspectors	47

(c) and (d) : The orders for reservation of vacancies for Scheduled Castes in the case of direct recruitment are strictly being complied with. The question of reservation of vacancies in the posts filled in by promotion is under considered.

हिन्दी प्रशिक्षण

4615. श्री राम चरण : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दी प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत अब तक कितने लोअर डिवीजन क्लर्कों ने हिन्दी की आशुलिपि परीक्षा पास की है।

(ख) उनमें से कितने कर्मचारियों से हिन्दी आशुलिपि का काम लिया जाता है; और

(ग) यदि उनकी सेवाओं का उपयोग नहीं किया गया, तो इस सम्बन्ध में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) 48

(ख) और (ग) केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को हिन्दी टंकण तथा आशुलिपि का प्रशिक्षण देने की योजना प्रमुख रूप से केन्द्र के सरकारी कामकाज में हिन्दी को लागू करने के लिये एक प्रारम्भिक कार्यवाही के रूप में है। हिन्दी में किये जाने वाले काम का परिमाण बढ़ने पर इन प्रशिक्षित कर्मचारियों की सेवाओं का और अधिक लाभ उठाया जा सकेगा।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लोगों के लिये आरक्षित स्थान

4616. श्री शम्भूनाथ :
श्री राजदेव सिंह :

क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिये आरक्षित स्थानों के कोटे में जो स्थान अभी रिक्त हैं उनमें विशेषतया तकनीकी श्रेणी के स्थानों में, इनको नियुक्त करने के बारे में कार्यवाही की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के आयुक्त से परामर्श किया जा रहा है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) गृह-कार्य मन्त्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री एम० आर० यार्डी की अध्यक्षता में एक अध्ययन दल सरकार के अधीन सेवाओं में अनुसूचित जातियों के प्रतिनिधित्व बढ़ाने के उपाय खोजने के लिये नियुक्त किया गया था। जैसे ही दल की सिफारिशें प्राप्त होगी तैसे ही सरकार उन पर विचार करेगी।

(ख) और (ग) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित आदिम जाति आयुक्त अपने वार्षिक प्रतिवेदन में सरकारी-सेवाओं में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिये उपायों का सुझाव देता है। इन सिफारिशों का भली भांति अध्ययन किया जाता है और जो सिफारिश स्वीकार की जाती है उन्हें लागू कर दिया जाता है।

बिहार में टेलीफोन

4617. श्री शिवचंडिका प्रसाद : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 मई, 1967 को बिहार राज्य के विभिन्न टेलीफोन केन्द्रों में टेलीफोन लगवाने के कितने आवेदन पत्र अनिर्णीत पड़े थे;

(ख) शीघ्र टेलीफोन लगाने के लिये क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) बिहार राज्य में टेलीफोन सलाहकार बोर्ड की अन्तिम बैठक कब हुई थी ?

संसद-कार्य तथ संचार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री इ०कु० गुजराल) : (क) 11,381

(ख) साधन उपलब्ध होने पर ज्यादा से ज्यादा कनेक्शन देने के लिये नये एक्सचेंज खोलने, मौजूदा एक्सचेंजों का विस्तार करने और जमीन के नीचे केबिल बिछाने के प्रयत्न लगातार किये जा रहे हैं।

(ग) बिहार में टेलीफोन सलाहकार समितियां पटना, झरिया तथा रांची जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर कार्य कर रही हैं। टेलीफोन सलाहकार समिति की पिछली बैठक पटना में 3 अप्रैल, 1967 को, झरिया में 22 अप्रैल, 1966 को, तथा रांची में 12 मई, 1966 को हुई थी।

Viswayatan Yogashram

4618. Shri Prakash Vir Shastri :
Shri Raghubir Singh Shastri :
Shri Shiv Kumar Shastri :
Shri Ram Avtar Sharma :
Shri RamGopal Shalwale :
Shri Hukam Chand Kachwai :
Shri Y. S. Kushwah :
Dr. Surya Prakash Puri :
Shri Arjun Singh Bhadoria :

Will the Minister of Education be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 2467 on the 14th June, 1967 and state :

(a) The names of persons who have been placed in the reconstituted Board of Trustees of Viswayatan Yogasharam and the pre-conditions laid down by Government before them, after acceptance of which the payment of grants to the said Yogashram was resumed;

(b) The name of places where the Branches of the Ashram are situated; and

(c) The total amount of grants given to the Ashram after stopping it for some years and the circumstances in which the payment of grants was resumed ?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) The members on the reconstituted Board of, Trustees at present are:-

(1) Dr. L. M. Singhvi — President
(2) Dr. Anup Singh, M. P.
(3) A representative of the Ministry of Health.
(4) A representative of the Ministry of Education.
(5) Shri Sushil Kumar, A-1/68 Safdarjung Residential Area, New Delhi.
(6) Shri Jiteendra Mahajan, Advocate, Supreme Court.
शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष से अभी तक कोई परामर्श नहीं किया गया है । तथापित विश्वविद्यालय स्तर पर प्रादेशिक भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने के प्रश्न पर सरकार द्वारा सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है ।

(ख) और (ग) इस विषय तथा अन्य सम्बन्धित प्रश्नों के बारे में शिक्षा आयोग द्वारा की गई सिफारिशें और राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, अध्यापक संगठनों आदि द्वारा उन पर की गई टिप्पणियों की जांच की जा रही है ।

दिल्ली के अध्यापकों का परीक्षाओं में बैठना

4667. श्री मरंडी : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन के अधीन काम करने वाले अध्यापकों को उच्चतर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाती यदि उनके द्वारा पहले दी गई परीक्षा की तारीख से तीन वर्ष की अवधि पूरी न हो चुकी हो;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस नियम में परिवर्तन करने का है जिससे अध्यापकों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहना पड़े ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से ग) दिल्ली प्रशासन से अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सभा पटल पर रख दी जाएगी।

मध्य प्रदेश में डाकुओं का आंतक

4668. श्री आत्म दास : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में, विशेष रूप से मुरैना जिले में, डाकुओं का आंतक बढ़ता जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या उस क्षेत्र में राज्य पुलिस के स्थान पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस तैनात करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो कब ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

(ख) जी, हां।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

पंजाब और हरियाना में विस्थापित व्यक्तियों को कृषि भूमि का नियतन

4669. श्री आत्म दास : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिमोत्तर सीमा-प्रान्त तथा बहावलपुर से आये हुए विस्थापित व्यक्तियों को पंजाब में कृषि-भूमि का नियतन किया गया था;

(ख) क्या यह भी सच है कि पंजाब का पुनर्गठन होने के बाद अर्थात् पंजाब और हरियाणा बनने के बाद अब इनमें से कोई भी राज्य सरकार इन विस्थापित व्यक्तियों को भूमि नहीं दे रही है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इन व्यक्तियों को जम्मू तथा काश्मीर में भूमि अलाट करने का है; और

(घ) यदि हां, तो कब ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी, हां। पश्चिमोत्तर सीमा-प्रान्त तथा बहावलपुर से आने वाले उन पंजाबी विस्थापित व्यक्तियों तथा अन्य व्यक्तियों को भी, जिनके पास विस्थापित व्यक्ति (दावे) अधिनियम, 1950 के अन्तर्गत कृषि भूमि के संस्थापित दावे थे, अलाटमेंट किये गये थे।

(ख) उन पंजाबी विस्थापित व्यक्तियों को, जिनके जमीन के दावे अभी भी असंतोषजनक हैं अथवा आंशिक रूप से संतोषजनक हैं, पंजाब और हरियाना के राज्यों में भूमि अलाट की जा

रही हैं। यह इन राज्यों में अलाटमेंट के लिये निर्देशित गैर-पंजाबियों के मामलों के अतिरिक्त हैं।

(ग) और (घ) चूंकि निष्क्रांत सम्पत्ति अधिनियम, 1950 जम्मू और काश्मीर राज्य पर लागू नहीं होता, अतः उस राज्य में निष्क्रांत सम्पत्ति के रूप में कोई भूमि नहीं ली गई है। अतः अलाटमेंट का प्रश्न ही नहीं उठता।

पेट्रोलियम तेल कम्पनियों और उनके कर्मचारियों के बीच विवाद

4670. श्री उमानाथ :
श्री सत्य नारायण सिंह :
श्री चक्रपाणी :
श्री अनिरुद्धन :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री दे० शि० पाटिल :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री पैट्रोलियम तेल कम्पनियों और उनके कर्मचारियों के बीच विवाद के बारे में 21 जून, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3105 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विवाद के बारे में जांच करने से सम्बन्धित जांच आयोग के सदस्यों तथा विचारार्थ विषय के बारे में अन्तिम निर्णय कर लिया गया है;

(ख) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का विचार तेल कम्पनियों से यह कहने का है कि आयोग का प्रतिवेदन तैयार होने तक एच्छिक सेवा-निवृत्ति के बारे में कोई इकतरफा कार्यवाही न करें ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) न्यायाधिपति श्री बी० एन० गोखले को जांच आयोग अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत एक सदस्यीय आयोग के रूप में नियुक्त किया गया है। इस आयोग के विचारार्थ विषय विवरण में दिये गये हैं। जो सभा-पटल पर रख दिया गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 924/67]**

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) इस सम्बन्ध का एक प्रस्ताव तेल कम्पनियों को पहले ही भेजा जा चुका है लेकिन उन्होंने इसे मानने में अपने असमर्थता प्रकट की है।

'प्राज्ञ' परीक्षा

4671. श्री शिव नारायण : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा संचालित 'प्राज्ञ' परीक्षा के प्रथम प्रश्न-पत्र का लगभग 6,000 सरकारी कर्मचारियों ने 15 केन्द्रों में बहिष्कार किया था;

(ख) क्या बहिष्कार करने का कारण यह था कि इस प्रश्न-पत्र में पाठ्यक्रम से बाहर के तथा प्रवीण पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे गये थे;

(ग) क्या उक्त बोर्ड ने आश्वासन दिया है कि वह 15 जुलाई, 1967 को फिर से परीक्षा लेगा;

(घ) क्या इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही की गई है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार था; और यदि हां, तो क्या; और

(ङ) इस बोर्ड को इस कारण कितनी आर्थिक हानि उठानी पड़ी है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) परीक्षा शिक्षा निदेशालय, दिल्ली प्रशासन द्वारा ली जाती है। ऐसा कहा जाता है कि 209 केन्द्रों में से 8 केन्द्रों में केन्द्रीय सरकार के केवल 704 कर्मचारियों ने परीक्षा का बहिष्कार किया है।

(ख) जी, हां।

(ग) शिक्षा निदेशालय ने 15 जुलाई, 1967 को पुनः परीक्षा लेने का निर्णय किया है।

(घ) मामले की जांच की जा रही है।

(ङ) 8,000 रुपये की हानि होने का अनुमान है।

रीजनल इन्जीनियरिंग कालेज, सिलचर

4672. श्री नि० रं० लास्कर : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आसाम में सिलचर स्थित रीजनल इंजीनियरिंग कालेज के प्रधानाचार्य तथा गवर्नरों के बोर्ड की नियुक्ति कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो उनका विवरण क्या है; और

(ग) इस कालेज को स्थापित करने तथा उसे चालू करने के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी, हां।

(ख) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है। [**पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 925/67**]

(ग) कालेज की स्थापना के लिये भूमि का अर्जन किया गया है। बोर्ड ने प्रिंसिपल को यह अधिकार दे दिया है कि वह कालेज की विभिन्न इमारतों के लिये योजनायें तथा प्राक्कलन तैयार करें। आवश्यक सहायक स्टाफ की भी नियुक्ति कर दी गई है। विभिन्न इमारतों का निर्माण-कार्य कालेज द्वारा योजनाओं और प्राक्कलनों के तैयार किये जाने तथा बोर्ड आफ गवर्नर्स और भारत सरकार द्वारा उनका अनुमोदन किये जाने के बाद शुरु होगा। योजना में आवश्यक धनराशि की व्यवस्था कर दी गई है।

सालारजंग संग्रहालय में कला-चित्र

4674. श्री उमानाथ :
श्री नम्बियार :
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री प० गोपालन :
श्री चक्रपाणि :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान समाचार-पत्रों में प्रकाशित हुए इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि हैदराबाद के सालारजंग संग्रहालय के कुछ अमूल्य भारतीय प्राचीन कला-चित्र चोरी हो गये थे;

(ख यदि हां, तो कुल कितने चित्र चुराये गये थे;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार के एक संयुक्त सचिव संग्रहालय बोर्ड के नाम-निर्देशित सदस्य हैं; और

(घ) इन चित्रों को बरामद कराने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) सरकार को पता है कि सालारजंग संग्रहालय से 49 लघु चित्र गुम हो गए हैं ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) यह मामला खोए हुए चित्रों को बरामद करने तथा अपराधियों का पता लगाने के वास्ते जांच-पड़ताल करने तथा सहायता देने के लिए पुलिस व अन्य सम्बन्धित प्राधिकारियों को बता दिया गया है ।

Violation of Reserve Forests Law in Tripura

4675. Shri Raghuvir Singh Shastri :
Shri Prakash Vir Shastri :
Shri Shiv Kumar Shastri :
Shri Y. S. Kushwah :
Shri Atam Das :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Left Communists have uprooted a large number of trees in Tripura violating the Reserve Forests law in the name of landless labourers;

(b) if so, whether the Tripura Administration has informed the Central Government regarding the same and has obtained orders for taking some action; and

(c) if so, the details thereof and Government's reaction thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) According to information furnished by Tripura Administration, the agitation of the tribal people against the forest laws, which has taken the form of causing damage to valuable tree forests and new plantations, is, inspired by the CP (M) as part of a wider agitation for declaration of a tribal Reserve Area.

(b) and (c) The Tripura Administration are fully alive to the situation. A committee of MLAs was formed to study the difficulties of the tribal people, and their recomme-

ndations are being examined. Local Committees of influential tribal and non-tribal leaders are being set up to prevent damage to the forests. Appropriate legal action is being taken in respect of the offences committed under the forest laws. Government are keeping in touch with the Tripura Administration about these developments.

सभापटल पर रखे गये पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE.

इन्डियन इंस्टीट्यूट आफ मेनेजमेंट, अहमदाबाद के वार्षिक प्रतिवेदन

शिक्षा मंत्री (श्री त्रिगुण सेन) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) (एक) भारतीय प्रबन्ध संस्था, अहमदाबाद (इंडियन इन्स्टीट्यूट आफ मेनेजमेंट, अहमदाबाद) के 1964-65 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति तथा लेखा-परीक्षित लेखे। **(पुस्तकालय में रखी गई, देखिये संख्या एल० टी० 903/67)**

(दो) उक्त प्रतिवेदन को सभा-पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण बताने वाला एक विवरण **(पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 903/67)**

भारतीय प्रबन्ध संस्था, अहमदाबाद (इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मेनेजमेंट अहमदाबाद) के 1965-66 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति तथा लेखा-परीक्षित लेखे **(पुस्तकालय में रखे गये, देखिये संख्या एल० टी० 904/67)**

(3) भारतीय विज्ञान संस्था, बंगलौर (इंडियन इन्स्टीट्यूट आफ साइन्स, बंगलौर) के 1965-66 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति तथा लेखा विवरण। **(पुस्तकालय में रखे गये, देखिये संख्या एल० टी० 905/67)**

Shri Madhu Limaye (Monghyr): I want to make three points. First, the Bills are not being supplied to Member in Hindi and replies to their letters are also not being given in Hindi. You should give some direction in this behalf. Secondly, there is a report in the Times of India about the observation of departmental committee or supply of defective tyres the Army. How is it that House does not know it and it has gone to the press. My third point is about laying of papers on the Table. I will invite your attention to Rules 368-369, You had given a ruling that Members desirous of laying certain papers on the Table should pass them over to the Table and unless you give permission after examining them, they will not be treated as Papers laid on the Table. You had allowed me as well as Shri UmaNath, Shri George Fernandes etc. to lay certain papers on the Table. My suggestion is that these names should appear in the List of Business as is the case of Ministers so that everybody may know that they are public documents and they may get due publicity.

अध्यक्ष महोदय : वे मुझे दिये जाते हैं और मैं देखकर अनुमति देता हूं। इन मामलों में उनकी अनुमति दी जा चुकी है। वे पुस्तकालय में रिकार्ड में है। आप वहीं जा कर उन्हें देख सकते हैं।

Shri M. A. Khan (Muzaffarnagar) : Mr. Speaker, Sir, on a point of order. I want to submit that when you have taken up an item the question of taking into consideration another matter does not arise, the earlier item only should coninue.

Dr. Ram Manohar Lohia (Kannauj) Mr. Speaker, Sir, I will draw your attention to Rule 369, which lays down the procedure to be followed for laying of papers on the Table. It does not making any difference between a Member and a Minister. The names of members should also be put down in the List of Business like Ministers since they are not published and kept in the library only. Rule 369 makes it very clear that these will become public documents. Unless you announce it how will they become public documents.

अध्यक्ष महोदय : बिना किसी पूर्व सूचना के यह प्रश्न उठाया गया है। क्या उन्हें अध्यक्ष को समय नहीं देना चाहिये ? अभी तक यह प्रथा नहीं थी। नई प्रथा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हम एक दम से एक नया नियम नहीं बना सकते। यह उचित है या नहीं, मुझे इस बारे में सोचने दीजिए।

सालार जंग संग्रहालय (संशोधन) नियम 1967

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : मैं सालार जंग संग्राहलय अधिनियम, 1961 की धारा 27 की उप-धारा (3) के अन्तर्गत सालार जंग संग्रहालय (संशोधन) नियम, 1967 की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं जो दिनांक 17 जून, 1967 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी०एस०आर० 927 में प्रकाशित हुए थे। **पुस्तकालय में रखी गई, देखिये संख्या एल०टी० 906/67)**

अखिल भारतीय सेवा में अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचनायें

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : मैं अखिल भारतीय सेवायें अधिनियम, 1951 की धारा 3 की उप धारा (2) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूँ :–

(1) भारतीय प्रशासन सेवा (परिवीक्षा) दूसरा संशोधन नियम, 1967 जो दिनांक 24 जून, 1967 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 944 में प्रकाशित हुए थे।

(2) भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) तीसरा संशोधन नियम, 1967 जो दिनांक 24 जून 1967 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 945 में प्रकाशित हुए थे।

[पुस्तकालय में रखी गई, देखिये संख्या एल० टी० 907/67]

गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति
COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS BILLS & RESOLUTIONS.

सातवां प्रतिवेदन

श्री खाडिलकर (खेड) : मैं गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति का सातवां प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूं।

प्राक्कलन समिति
ESTIMATE COMMITTEE

पांचवां प्रतिवेदन

श्री पें वेकटासुब्बया : मैं शिक्षा मन्त्रालय–

(1) भारतीय संग्रहालय कलकत्ता; और

(2) विक्टोरिया मेमोरियल हाल म्यूजियम, कलकत्ता––के बारे में प्राक्कलन समिति का पांचवां प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूं।

समिति के लिये निर्वाचन
ELECTION TO COMMITTEE

राज्य कर्मचारी बीमा निगम

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि कर्मचारी राज्य बीमा (केन्द्रीय) नियम, 1950 के नियम 2 क के साथ पठित, कर्मचारी राज्य (बीमा संशोधन) अधिनियम, 1966 द्वारा संशोधित रूप में, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 की धारा 4 (आई) के अनुसरण में, लोक-सभा के सदस्य ऐसी रीति से जैसे अध्यक्ष निदेश दें, उक्त अधिनियम के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, अगस्त, 1966 से आरम्भ हुई चार वर्ष की अवधि के शेष भाग के लिये कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिये अपने में से दो सदस्य चुनें"।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि कमचारी राज्य बीमा (केन्द्रीय) नियम, 1950 के नियम 2 क के साथ पठित, कर्मचारी राज्य (बीमा संशोधन) अधिनियम, 1966 द्वारा संशोधित रूप में, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 5 (आई) के अनुसरण में, लोक-सभा के सदस्य ऐसी रीति से जैसे अध्यक्ष निदेश दें, उक्त अधिनियम के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए अगस्त, 1966 से आरम्भ हुई चार वर्ष की अवधि के शेष भाग के लिये कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिये अपने में से दो सदस्य चुनें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।
The motion was adopted

नियम 377 के अन्तर्गत विषय
MATTER UNDER RULE 377

स्थगन प्रस्तावों का निपटारा

श्री नाथपाई (राजापुर) : अध्यक्ष महोदय 3 जुलाई को...

श्री सेनावने (पेंढरपुर) : माननीय सदस्य क्या बात उठा रहे हैं । यह कार्य-सूची में नहीं है । हमें इसकी पूर्व सूचना दी जानी चाहिए थी ।

अध्यक्ष महोदय : उन्होंने मुझे लिखा है और मैंने उन्हें अनुमति दी है । नियमों के अन्तर्गत मुझे अधिकार है कि मैं कोई विषय उठाने की अनुमति दे सकता हूँ, जो छपी हुई कार्य सूची में नहीं दिया गया हो ।

श्री नाथ पाई : 3 जुलाई को मेरे स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के अन्त में गृह-कार्य मन्त्री ने सदस्यों द्वारा रखे गये चार सुझावों में से एक को संशोधित रूप में मान लिया था और यह महसूस किया गया था कि मतदान नहीं होना चाहिए तथा सारी सभा ने यह महसूस किया था कि तिहाड़ जेल में हुई घटनायें एक क्षोभजनक थी, मैंने कहा था कि मैं अपने स्थगन प्रस्ताव पर जोर नहीं देता । उपाध्यक्ष महोदय ने कहा था कि मैं यह समझूं कि सभा प्रस्ताव को वापिस लेने की अनुमति देती है । लेकिन मैंने ऐसी कोई अनुमति नहीं मांगी थी । मैं लोक सभा की कार्यवाही के शासकीय वृतान्त को उद्धत कर रहा हूँ। श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी ने कहा था: प्रस्ताव वापिस नहीं लिया जायगा इस पर चर्चा होती है फिर मैंने कहा था कि यह एक सुस्थिर प्रक्रिया है कि यदि ऐसा समझौता हो, तो हम इस पर जोर नहीं देते । लेकिन उपाध्यक्ष महोदय के यह कहने पर कि जो भी प्रक्रिया उन्हें मालूम है, चर्चा करने का कोई उपबन्ध नहीं है, मैंने कहा था कि चूंकि आप कहते हैं ऐसी प्रक्रिया नहीं है, आपसे असहमत होते हुए भी मैं अपना प्रस्ताव वापिस लेता हूं क्योंकि हमें निष्कर्ष से मतलब है और वह स्वीकार कर लिया गया है ।

लोक सभा के प्रक्रिया सम्बन्धी नियम संख्या 62 स्थगन प्रस्ताव पर मतदान के प्रश्न के बारे में स्पष्ट है । नियम 62 इस प्रकार है : "यदि अध्यक्ष का माधान हो जाय कि पर्याप्त क्या विवाद हो चुका है तो वह 18-30 बजे या ऐसे अन्य समय, जो वाद-विवाद प्रारम्भ होने के समय से ढाई घन्टे से कम न हो, प्रश्न रख सकेगा ।"

नियम में "अध्यक्ष रख सकेगा" (may) शब्द हैं, "रखेगा" (shall) शब्द नहीं है । जहां भी लोक सभा ने निदेश देना चाहा है वहां पर "रखेगा" (shall) शब्द का प्रयोग किया गया है । इसलिये स्थगन प्रस्ताव पर मतदान कराना आवश्यक नहीं है ।

इस सभा के सम्मानित सदस्य श्री० एस० एस० मोरे संसदीय प्रक्रिया सम्बन्धी अपनी पुस्तक के पृष्ठ संख्या 432 पर कहा है कि ऐसे मामले कम नहीं हैं जब स्थगन प्रस्ताव चर्चा होकर समाप्त हो जाते हैं ।

अब आप सेन्ट्रल एसेम्बली के वाद-विवाद 15 सितम्बर, 19397 का पृष्ठ 387 पर सर मुहम्मद यामीन खां के कहे हुए शब्द देखिये जो उन्होंने उस समय विचाराधीन स्थगन प्रस्ताव के बारे में कहे थे "यह विषय चर्चा होकर समाप्त हुआ ।" फिर श्री एन० एम० जोशी ने कहा था "इस पर कोई समापन प्रस्ताव नहीं है" जिससे मेरी बात का समर्थन होता है । आगे पृष्ठ 388 पर सर सैय्यद रजा अली कहते हैं "मेरा इरादा पूरा हो गया ।" इस प्रकार पूर्व दृष्टान्त है सेन्ट्रल असेम्बली में स्थगन प्रस्तावों की अनुक्रमणिका में मैंने देखा कि 50 स्थगन प्रस्ताव हैं ।

एक अन्य अवसर पर 24 मई को, जब उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन थे और एक स्थगन प्रस्ताव विचाराधीन था, कठिनाई सामने आई थी । 26 मई को आपने उसके बारे में कहा था "अब मैं कहूंगा कि स्थगन प्रस्ताव चर्चा होकर समाप्त हुआ ।"

मैंने नियमों, सेन्ट्रल एसेम्बली की प्रक्रिया और एक महीने पहले किये गये विनिर्णय का उल्लेख किया है । प्रस्ताव पर चर्चा होकर समाप्त होने की प्रथा को रोकना नहीं चाहिये । जब कोई पीठासीन अधिकारी कोई निर्णय देता और यदि उसके बाद अध्यक्ष से बाद में भिन्न निर्णय दिया जाता है, तो मैं समझता हूं कि बाद का निर्णय लागू होगा । मेरा निवेदन यह है कि पहला विनिर्णय माना जाना चाहिए क्योंकि यह इस संसद की परम्परा तथा इस सत्र के अधिकारों के अनुकूल है ।

Shri A B. Vajpayee (Balrampur) ; Mr. Speaker, if we differ from Shri Nath Pai, do we not have a right to present our viewpoint. Before giving your ruling, please hear us also.

अध्यक्ष महोदय : यदि कोई सदस्य कोई बात उठाता है और उस पर सारी सभा चर्चा करने लगे तो क्या होगा ?

Shri Madhu Limaye : You may not give a ruling but refer it to the Rules Committee.

अध्यक्ष महोदय : यह एक अच्छा सुझाव है । वे इस पर विचार कर सकते हैं । मैं नहीं चाहता कि इस विषय पर यहां चर्चा हो ।

मैं कोई निर्णय नहीं दे रहा हूं, परन्तु स्थिति स्पष्ट करना चाहता हूं । सदस्य मेरे पास आते हैं और विचार विमर्श करते हैं । जब भी मुझे कोई संशय होता है, तो मैं उस पर निर्णय देने की अपेक्षा अपने मित्रों, विरोधी पक्ष के नेता, विधि मंत्री आदि से परामर्श करना, उनकी बात सुनना अच्छा समझता हूं । इसलिये मैंने उन्हें इसकी अनुमति दी थी ।

श्री नाथ पाई ने 1939 के नियमों का उल्लेख किया लेकिन मैं यह स्पष्ट कर दूं कि हमारे नियमों में से चर्चा होकर समाप्त होने के बारे में शब्दों को निकाल दिया गया है । इसको विनिर्णय न समझा जाये क्योंकि मैं इस विषय को नियम समिति को भेजने के लिये सहमत हूं ।

चर्चा होकर समाप्त हुआ, मैंने किन परिस्थितियों में कहा था ? पहले दिन बात हुई थी। अगले दिन जब मैं यहां आया, तो प्रश्न उठाया गया था कि उपाध्यक्ष द्वारा प्रस्ताव को मतदान के लिये रखना बैध था या नहीं। इसलिये पूरा विषय मेरे सामने नहीं था। इन सब बातों पर नियम समिति में विचार किया जाना चाहिए। यदि आप चाहते हैं, तो नियम बदल दीजिए। मैं कोई विनिर्णय नहीं दे रहा हूं।

अनुदानों की मांगें–जारी
DEMANDS FOR GRANTS-Contd.

गृह-कार्य मंत्रालय–जारी

Shri Manubhai Patel (Dabhtoi) Mr. Sir, the disintegrating elements are active in our country and particularly Shri Surendra Nath Dwivedy has accepted their existence and I had pointed but that Shri Daga had advocated openly the use of violence and Shri A. K. Gopalan had threatened to resort to other means if adjourn motions did not serve their purpose. The action of the opposition tantamounted to undermining the traditions and public values of our country. i. e. to approach the highest officer in the judiciary to contest for the office of President of India. Is it not political corruption ? If such an approach is made to the Chief Justice to the Supreme Court, I am afraid he may not remain impartial. It was not proper. The mind of Dr. Lohia is pre-occupied with petty matters particularly sueklana, daimonds, necklace etc., he cannot think on these matters seriously. No official occupying such a high office should not be allowed to contest the election in future.

As regards lifting of emergency the Home Minister had clearly told the other day that the disturbed conditions on our borders call for continuing of the emergency. Government is not afraid of Gherao, violence etc. Communists are interested in creating small pockets like Naxalbari so that they may achieve their aim of bloody revolution in the country. The resolution of the A.I.C.C. to abolish the privy purses of former rulers and princes is a very bold resolution and I appeal to the Home Minister to implement it at the earliest opportunity in such a manner that it may not create any lickering in the country.

One Member from Goa referred to the merger of Dadra Nagar Haveli. We should not lose sight of the feeling of Indian First and Indian last. To-day the point of Kasergod was raised, it will be followed by similar demands in respect of other parts of the country. I will urge upon the Home Minister to take stirgent measures against such persons. In the end I will remind the promise made to the people during the national independence movement that prohibition will the first act and after attaining independence. At least prohibition should be introduced in the Union Territories. In March, 1956 a resolution on prohibition was passed by the House. In the third Plan certain steps were taken in that direction. A study team was appointed which made certain recommendations. I will request the hon. Minister to explain the proposed action in his reply.

श्री जी० भा० कृपालानी (गुना) : गृह-कार्य मंत्रालय की मांगों पर चर्चा के दौरान कई विषय उठाये गये हैं। परन्तु मैं केवल देश में विधि व्यवस्था की स्थिति तक ही अपने विचारों को सीमित रखूंगा।

साम्यवादियों का यह विचार कि छुटपुट हिंसात्मक कार्यवाहियों से क्रान्ति लाई जा सकती है गलत है। सरकार के पास इतनी शक्ति होती है कि लोगों के कुछ ग्रुपों द्वारा ऐसी हिंसात्मक कार्यवाहियों से क्रान्ति लाना सम्भव नहीं है। यदि लोगों के कुछ वर्गों को कुछ शिकायतें हैं तो उनको सविनय अवज्ञा का मार्ग अपनाना चाहिए। उनके लिए छोटे-छोटे विद्रोह करना उचित नहीं है। सविनय अवज्ञा द्वारा ही हमने अंग्रेजों को देश से निकाला है। इसलिए कोई कारण नहीं कि हम देश के भीतर अन्याय का सविनय अवज्ञा द्वारा सामना नहीं कर सकते। देश में इधर उधर लोगों को भड़का कर कोई दल आगे नहीं बढ़ सकता। जब तक देश की सेना का समर्थन प्राप्त न हो तब तक कोई विद्रोह सफल नहीं हो सकता। इस प्रकार छुटपुट आन्दोलन करने से निर्धन जनता के दुःखों में वृद्धि ही होगी जैसा कि तेलंगाना के मामले में हुआ है। ऐसे विद्रोह अथवा आन्दोलनों को क्रान्ति नहीं कहा जा सकता बल्कि यह आन्दोलन तो प्रतिक्रियावादी ही होते हैं।

घेराव के बारे में मुझे कोई आपत्ति नहीं है परन्तु इनको सत्याग्रह का नाम नहीं दिया जाना चाहिए। सत्याग्रह का अभिप्राय दूसरों को पीड़ा न देकर स्वयं पीड़ा सहन करना है। घेराव में तो दूसरे लोगों को खाने पीने का सामान आदि भी नहीं पहुंचाने दिया जाता। यदि घेराव डालने वाले यह समझते हैं कि उनके कष्टों के निवारण के लिये इसके अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं है तो वे ऐसा करें परन्तु उनको घेराव को सत्याग्रह का नाम नहीं देना चाहिए।

हमारी केन्द्रीय सरकार भी विधि व्यवस्था का उचित अर्थ समझने में असफल रही है। किसी स्थान पर छुटपुट गड़बड़ हो जाने, कुछ सिरों के फूट जाने तथा हिसो के भड़क उठने से विधि व्यवस्था भंग नहीं होती। विधि व्यवस्था का प्रश्न लोगों की जीवन प्रणाली से सम्बन्धित है। यह आवश्यक है कि राष्ट्र में अनुशासन हो। इसके बिना राष्ट्र समृद्ध नहीं हो सकता। चोर बाजार करने वाले, कर–अपवंचन करने वाले, सड़कों पर कूड़ाकट डालने वाले तथा कुत्तों को खुला छोड़ देने वाले ही विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करते हैं। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिये लोगों में अनुशासन की भावना उत्पन्न करना तथा उनको सामाजिक कर्तव्यों से अवगत कराना आवश्यक है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में ही नहीं अपितु सभी प्रांतों में गुप्तचर विभाग को प्रभावशाली बनाया जाना चाहिए। सरकार के पास बहुत अधिक शक्तियां होने के बावजूद सरकार काश्मीर में गुसपैठियों तथा मिजो विद्रोह का आरम्भ में पता नहीं लगा सकी। यदि गुप्तचर विभाग ठीक ढंग से कार्य कर रहा होता तो इन घटनाओं का घटना सम्भव नहीं था। मैं अपने व्यक्तिगत अनुभव से कह सकता हूँ कि प्रांतों में ऐसी घटनाएं हो रही है जो कि अंग्रेजों के शासन में भी नहीं हुई थी। स्वतंत्रता से पूर्व भी निर्वाचन हुए थे परन्तु किसी भी समय किसी व्यक्ति की न तो हत्या ही हुई थी और न ही किसी को पीटा गया था। परन्तु हाल ही के चुनाव के दौरान उप-गृह-मंत्री की उपस्थिति में ही लोगों पर लाठी चलाई गई तथा मजदूरों को पीटा गया और घायल किया गया। इस बात को सिद्ध करने के लिए मेरे पास पर्याप्त प्रमाण मौजूद हैं। इस बात के बावजूद कि इस मामले की ओर प्रधान मंत्री तथा गृह-मंत्री का ध्यान दिलाया गया है और कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

बस्तर के मामले को लेकर गृह मंत्री ने कहा था कि वहां विद्रोह हुआ था। परन्तु जो समिति नियुक्त की गई थी उसने इस बात का खण्डन किया है। यह भी कहा गया है कि पुलिस अधिकारी जिला मेजिस्ट्रेट तथा सिविल सर्जन जिस प्रकार व्यवहार किया वह उचित नहीं था तथा उनको इस प्रकार व्यवहार नहीं करना चाहिए था। इसलिए मेरा निवेदन है यदि गृह-मंत्री वास्तव में स्थिति में सुधार करना चाहते हैं तो उनको अमूल परिवर्तन करने होंगे।

इसके पश्चात् लोकसभा मध्यान्ह भोजन के लिए दो बजे म० प० तक के लिए स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned for lunch till Fourteen of the Clock.

लोक सभा मध्यान्ह भोजन के पश्चात् दो बज कर चार मिनट पर पुनः समवेत हुई।

The Lok Sabha reassembled after lunch at Four Minutes past Fourteen of the clock.

{ **उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए** / **Mr. Deputy Speaker *in the Chair*** }

श्री प० मु० सैयद (लक्कदीव, मिनिकोय तथा अमीनदीवी द्वीप समूह) : गृह-मंत्रालय की मांगों पर बोलते हुए मैं बहुत प्रसन्नता महसूस करता हूँ। गृह-मंत्री ने जिस प्रकार आम चुनाव, गोवध विरोधी आन्दोलन तथा पुलिस आन्दोलन के दौरान जिस प्रकार विधि व्यवस्था को सम्भाला है उसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इस द्वीप समूह का विकास करना आवश्यक है। यह बड़े खेद की बात है कि सरकार ने द्वीपों के इन ग्रुपों के विकास की ओर उचित ध्यान नहीं दिया है। 1956 से पूर्व जब ये द्वीप मद्रास राज्य का भाग थे तो कई बार मद्रास सरकार ने परिवहन सुविधाओं में वृद्धि के लिए निवेदन किया गया परन्तु इस ओर कुछ नहीं किया गया। संघ राज्य बनने के बाद कालीकट से एक स्टीमर सेवा आरम्भ की गई है परन्तु इससे केवल 25 प्रतिशत आवश्यकताओं की ही पूर्ति होती है। अभी कल ही मुझे सूचना मिली है कि 200 लोग परिवहन सुविधा प्राप्त न होने के कारण मुख्य भूमि पर रुके पड़े हैं। जहां तक कि स्कूलों में लगने वाली पाठ्य पुस्तकें भी अभी तक द्वीपों में नहीं पहुंच पाई हैं। एक द्वीप से दूसरे द्वीप में जाने के लिए भी बड़ी कठिनाई होती है। सरकार को इन कमियों की ओर ध्यान देना चाहिए।

मुझे यह कहते हुए बड़ा दुःख होता है कि वहां पर अभी अंग्रेजों द्वारा बनाये गये कानून ही लागू हैं मैं सरकार से अपील करूंगा कि वह इन पुराने कानूनों को सभा द्वारा 1965 में बनाये गये नये संशोधित विनियमों द्वारा परिवर्तित करे। वहां के लोगों को प्रशासन में उचित भाग दिया जाना चाहिए। मुख्य भूमि से जो अधिकारी इन द्वीपों में जाते हैं उनको वहां के लोगों से कोई सहानुभूति नहीं होती। 1965 में पहली बार वहां के लोगों पर लाठी चलाई गई क्योंकि लोगों ने ईद का त्यौहार होने के कारण जहाज से सामान उतारने से इन्कार किया

था। सरकार को उचित जांच करने हेतु कई बार ज्ञापन दिया गया है परन्तु इस मामले की कोई जांच नहीं की गई है। इसलिये मेरा सरकार से निवेदन है कि वह सत्ता के दुरुपयोग को रोकने के लिये उचित कार्यवाही करें।

इन द्वीपों के लोग शिक्षा के महत्व को समझते हैं और अब अधिकांश बच्चे स्कूलों तथा कालेजों में जाते हैं। परन्तु वित्तीय कठिनाइयों के कारण कई बच्चों को अपनी शिक्षा को बीच में ही समाप्त करना पड़ता है। मेरा सरकार से निवेदन है कि वह वहां के लोगों को अधिक छात्रवृत्तियां प्रदान करें तथा मुख्य देश में पढ़ने के लिए आने वाली सभी विद्यार्थियों को पर्याप्त सुविधायें उपलब्ध करें।

मेरे चुनाव क्षेत्र में कोई भी उद्योग स्थापित नहीं किया गया है। वहाँ चूने का पत्थर पर्याप्त मात्रा में मिलता है जो कि बेकार पड़ा है। इससे वहाँ सीमेंट उद्योग स्थापित किया जाना चाहिए। मछली पालने के उद्योग को भी विकसित किया जा सकता है। शेल उद्योग के विकास के लिये भी वहां पर पर्याप्त गुंजायश है। वहां पर लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर लोगों को समृद्ध बनाया जाना चाहिए।

वहाँ लोगों की यह प्रबल इच्छा है कि वहाँ के अनर्हता प्राप्त लोगों को जो अन्य विभागों में कार्य कर रहे हैं वहाँ के प्रशासन में नियुक्त किया जाये। लगभग एक हजार कर्मचारी वर्ग में वहाँ के निवासी केवल सात अथवा आठ ही हैं। मुख्य भूमि से जाने वाली कर्मचारियों को 40 प्रतिशत भत्ता क्वाटर तथा अन्य सुविधायें दी जाती है जो कि वहां के निवासियों को उपलब्ध नहीं है। ये सुविधायें उनको भी दी जानी चाहिए।

प्रायः सभी द्वीपों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बहुत कमी है। कम से कम बड़े-बड़े द्वीपों में आधुनिक साजसमान से सुज्जित अस्पताल खोले जाने चाहिए।

अन्त में मैं सरकार से अपील करूंगा कि वहां पर पंचायती राज व्यवस्था लागू की जाये। सलाहकार परिषद् के सदस्यों को लक्कादीव द्वीप से चुना जाना चाहिए।

श्री नि० चं० चटर्जी (बदर्वान) : नक्सलबाड़ी समस्या को बहुत सीमा तक नाटकीय रूप दिया गया है। पश्चिमी बंगाल तथा देश के अन्य भागों में ऐसे बहुत से लोग हैं जो संयुक्त मोर्चे की सरकार को उलटने का भरसक प्रयत्न कर रहे हैं। यदि ऐसा किया गया अथवा राष्ट्रपति शासन को लागू किया गया तो वहां पर गड़बड़ फैल जायेगी।

नक्सलबाड़ी की घटनाओं से विशेषकर गत दो अथवा तीन दिनों में घटी घटनाओं से हम बहुत चिन्तित हैं। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। निर्धारित समय समाप्त हो गया है परन्तु जो लोग लूटमार तथा हत्याओं आदि के लिये जिम्मेदार हैं उन्होंने अभी तक आत्मसमर्पन नहीं किया है। इस बारे में पश्चिमी बंगाल सरकार को ठोस तथा दृढ़ कार्यवाही करनी चाहिए, जिससे समाजविरोधी तत्वों को दबाया जा सके। एक अच्छी बात यह हुई है कि पश्चिमी बंगाल के दो वाम पंथी मंत्रियों सर्वश्री ज्योतिबसु तथा हरि कृष्ण कोनार इन अराजकता फैलाने वाले तत्वों की निन्दा की है। हम चाहते हैं कि पश्चिमी बंगाल सरकार इन तत्वों के

दमन के लिए कड़ा रवैया अपनाये। केन्द्रीय सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिये उत्सुकता नहीं दिखानी चाहिए।

मुझे प्रसन्नता है कि मन्त्रियों तथा घेराव को आरम्भ करने वालों ने यह महसूस किया है कि घेराव सभी के लिये खतरनाक है। अतः इस प्रकार के तरीकों को समाप्त किया जाना चाहिए। यदि इस चीज को समाप्त नहीं किया जाता तो पश्चिमी बंगाल में पूंजी बाहर जानी आरम्भ हो जायेगी जो कि एक खतरनाक बात होगी। इसके लिये यह आवश्यक है कि मजदूर सघों को लोकतन्त्रीय आधारों पर संगठित किया जाये।

पश्चिमी बंगाल की वास्तविक समस्या नक्सलबाड़ी न हो करके खाद्यान्न की कमी की है। अभी कल ही जबकि वहां के मुख्य मंत्री यहां आये तो उन्होंने कहा कि खाद्यान्न की कमी के कारण पश्चिमी बंगाल में विधि व्यवस्था की समस्या गम्भीर होती जा रही है। यह सच है कि यदि पश्चिमी बंगाल सरकार ने अनाज की वसूली की योजना को उचित ढंग से लागू किया होता तो स्थिति कुछ अच्छी होती परन्तु केन्द्रिय सरकार ने भी राज्य के साथ भेदभाव की नीति अपनाई है। केन्द्रीय तथा राज्य मंत्रियों को मिलकर इस समस्या को सर्वोत्तम ढंग से हल करने का यत्न करना चाहिए।

भारत के भूतपूर्व महा न्यायवादी ने कहा है कि आपात से देश में सांविधिक तानाशाही उत्पन्न हो गई है। अतः आपात को जारी रखना असंवैधानिक है। गृह-मंत्री के लिये यह कहने का कोई लाभ नहीं कि आपात को सीमावर्ती क्षेत्रों तक ही सीमित रखा जायेगा। संविधान के अनुच्छेद 358 के अधीन जब भी आपातकाल की उद्घोषणा की जाती है तो अनुच्छेद 19 के अन्तर्गत उल्लिखित सभी 7 अधिकार स्वयं स्थगित हो जाते हैं। कोई भी नागरिक अपने मूल अधिकारों के लिए न्यायालय में नहीं जा सकता। यदि सरकार आपात को गम्भीरता से समाप्त करना चाहती है तो उसको संविधान के अनुच्छेद 358 को रद्द करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। आपात को कुछ क्षेत्रों तक सीमित रखने के लिये संविधान के अनुच्छेद 359 का आश्रय लिया जा सकता है। क्योंकि इस अनुच्छेद के एक उप-खण्ड में ऐसी व्यवस्था विद्यमान है।

श्री पें० वेंकटासुब्बया (नन्दयाल) : उपाध्यक्ष महोदय, श्री नि० चं० चटर्जी नक्सलबाड़ी की स्थिति को कम आंकने की कोशिश कर रहे हैं। स्टेट्समैन के रिपोर्टर ने स्वयं वहां जाकर स्थिति का अवलोकन किया है। उसने यह विचार व्यक्त किया है कि चाय बगाना के कुछ श्रमिकों के अनुसार, जिनके पास गांवों में भूमि के छोटे छोटे टुकड़े हैं, जिन पर उग्रवानियों का अधिकार है, किसान सभा के नेताओं ने उनकी जमीन पर इस बात के निशान लगा दिये थे कि ये जमीनें सभा की हैं।

माननीय सदस्यों को पता होगा कि संसद् के एक सदस्य के साथ वहां पर किस प्रकार का अमानवीय अत्याचार किया गया है और उनका कितना अपमान किया गया है। इसका उल्लेख उन्होंने अपने पत्र में किया है। अतः इस समस्या ने काफी गम्भीर रूप धारण कर लिया है।

नक्सलबाड़ी अथवा पश्चिम बंगाल में इस समस्या के बारे में यह भी कहा गया है कि यह जोतेदारों और काश्तकारों की लड़ाई है। यदि ऐसा है तो क्योंकि भू–राजस्व राज्य का विषय है, अतः पश्चिम बंगाल की सरकार को इसका पूरा अधिकार है कि वह अपनी इच्छानुसार भूमि में सुधार कर सकती है।

यह इतनी आसान समस्या नहीं है, जितनी कि श्री नि० चं० चटर्जी इसको समझ रहे हैं। इस समस्या के बहुत दूरगामी परिणाम होंगे। वस्तु स्थिति तो यह है कि जो लोग हमारे देश में लोकतंत्रात्मक प्रणाली में विश्वास नहीं करते, यह उनकी गड़बड़ पैदा करने और संकट को अधिक बढ़ाने की चाल है। अब समय आ गया है कि प्रत्येक राजनैतिक दल देश में हो रही घटनाओं तथा भविष्य में होने वाली घटनाओं के प्रति गम्भीरतापूर्वक विचार करें। लोकतन्त्र खतरे में है, तथा गैर कानूनी कार्यवाहियों के द्वारा समूचे सामाजिक ढांचे को ही अस्त व्यस्त कर दिया गया है। न केवल नियमित ढंग से कानून और व्यवस्था में बाधा डालने का प्रयास किया गया है बल्कि सामाजिक और आर्थिक ढांचे को स्थापित करने का भी प्रयत्न किया गया है। इस देश में लाल रक्षक दल के तरीके का एक आन्दोलन धीरे धीरे जोर पकड़ रहा है।

इन संगठनों में से कुछ संगठनों की गतिविधियों की ओर यदि आप ध्यान देंगे तो आपको मालूम होगा कि लोकतंत्रीय ढांचे को पलटने, कानून और व्यवस्था को भंग करने और देश में अराजकता की स्थिति पैदा करने की प्रवृत्ति जोर पकड़ रही है।

मुझे इस बात पर बहुत आश्चर्य हुआ कि श्री डांगे ने गृह-मन्त्री जी पर यह आरोप लगाया है कि वे निहित स्वार्थ वाले तत्वों के एजेन्ट हैं। मुझे इस बात का बहुत दुख है कि सभा के अन्दर इस प्रकार के आरोप लगाये जाते हैं। श्री डांगे जैसे बुद्धिमान व्यक्ति को मन्त्री जी के विरूद्ध इस प्रकार के आरोप अथवा आक्षेप नहीं लगाने चाहिये। मेरा पूरा विश्वास है कि पश्चिम बंगाल की जनता जो कुछ भी करेगी सही तरीके से करेगी, लोकतंत्रीय तरीके से करेगी।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि देश के प्रत्येक भाग में विघटनकारी प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं। मद्रास में द्रविड़–मुनेत्र–कड़गम के सदस्य जिस प्रकार का 'सम्पन्नता ब्रिगेड' बनाने का विचार कर रहे हैं, उस पर पूरी निगरानी रखनी होगी। मैं इस बात पर स्पष्ट शब्दों में जोर देना चाहता हूं कि हमें इस बात की भरसक कोशिश करनी चाहिये कि हमारे देश की प्रभुसत्ता कायम रहे।

मेरा गृह-मंत्री जी से अनुरोध है कि जहां तक राज्यों के बीच विवादों का सम्बन्ध हैं, चाहे ये सीमा सम्बन्धी विवाद हो अथवा पानी के नियतन के बारे में हो, इन विवादों को शांतिपूर्वक तथा शीघ्रता से सम्बन्धित व्यक्तियों में अनावश्यक क्रोध और उत्तेजना पैदा किये हल किया जाना चाहिये। हमें पृथकतावादी प्रवृत्तियों को उभरने से रोकने के लिये आवश्यक कदम उठाने चाहियें।

भाषा की समस्या के बारे में मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि वह इस सम्बन्ध में कोई नीति बनाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखे कि यह नीति हमारे देश के सभी वर्गों के लिये स्वीकार्य हो।

बहुत से राज्यों में गैर–कांग्रेसी सरकारें हैं। इसका यह अर्थ नहीं है कि केन्द्र और गैर–कांग्रेसी सरकारों वाले राज्य आपस में मिलकर काम नहीं कर सकते। जनता का जिसमें विश्वास होगा, वह उसी दल को चुनाव में मत देगी। अतः इस बारे में एक स्वस्थ परम्परा का निर्माण करना होगा।

क्षेत्रीय असंतुलन के कारण ही एक राज्य के दूसरे राज्य के साथ कठोर रवैये में वृद्धि हुई है। जब तक इस क्षेत्रीय असंतुलन को ठीक नहीं किया जायेगा और उसके कारणों का पता लगाने और उनको दूर करने का प्रयास नहीं किया जायेगा, तब तक इस प्रकार की बातें होती रहेंगी, केन्द्र को प्रत्येक राज्य को यह अहसास कराना चाहिये कि वह इस देश की आर्थिक और सामाजिक उन्नति में बराबर और उचित भागीदार है।

श्री पाओकाई हाओकिप (बाह्य मनीपुर) : सब से पहले मैं उस स्थिति का वर्णन करना चाहूंगा जिसके कारण मैं इस देश के उस सीमावर्ती इलाके की गरीब जनता का प्रतिनिधित्व करने के लिये यहां आया हूं। मेरा अर्थ इस भाग में अराजकता की स्थिति से है। मनीपुर में अराजकता, गरीबी आदि की स्थिति विद्यमान है। इसके लिये नागा समस्या ही जिम्मेदार है। देश के अन्य राज्य क्षेत्रों में कुछ विकास तथा प्रगति हुई है, जब कि मनीपुर राज्यक्षेत्र में कोई प्रगति नहीं हुई है। इसकी दशा दयनीय है।

अब मैं बाह्य मनीपुर के आदिम जाति के लोगों की समस्या की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगा। ये आदिम जाति के लोग बहुत निष्ठावान हैं। बाहरी मनीपुर में अधिकतर कोकी आदिम जाति के लोग रहते हैं। इन लोगों तथा अन्य आदिम जातियों की ओर सरकार पूरा ध्यान नहीं दे रही है। ये लोग सरकार के पास गये और उन्होंने अपनी कठिनाइयां बताईं लेकिन उनकी शिकायतों को दूर करने के लिये कुछ नहीं किया गया। वास्तव में इन लोगों के साथ भारत के उपेक्षित नागरिकों जैसा व्यवहार किया गया है और उन्हें मालूम नहीं है कि इस बड़े लोकतन्त्र में उन का क्या स्थान है। कहा जाता है कि भारत में सभी नागरिकों को समान अवसर और समान व्यवहार प्रदान करने का आश्वासन संविधान में दिया गया है। लेकिन इन उपबन्धों को समाज के कुछ वर्गों में क्रियान्वित नहीं किया गया है।

जहां तक भारत की प्रतिरक्षा का सम्बन्ध है, सीमावर्ती लोगों को प्रत्येक विकास कार्यक्रमों में प्राथमिकता दी जानी चाहिये ताकि देश की प्रतिरक्षा को मजबूत बनाया जा सके।

नागा विद्रोहियों ने न केवल चुनावों का बहिष्कार किया, अपितु लोगों को अपने मत डालने से रोकने का प्रयत्न किया। इस प्रकार मनीपुर के बहुत से देश भक्त लोग अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर सके। चुनाव के दिनों में एक दुःखद घटना हुई। चुनाव के दिन कुछ देशभक्त, कोकी लोग इस संदेह पर गिरफ्तार कर लिये गये कि वे विद्रोही नागा हैं। इसके बाद भारत प्रतिरक्षा नियमों के उपबन्धों के अधीन सामूहिक रूप से गिरफ्तारी के लिये वारंट जारी

किये गये। ये कोकी लोग अभ तक भी बरहामपुर सेंट्रल जेल में हैं। इस सम्बन्ध में भी लोकी लोगों द्वारा मनीपुर के मुख्य आयुक्त, मुख्य मन्त्री और शायद गृह मन्त्री को भी जो ज्ञापन दिया गया है, उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जब तक नागा समस्या का हमेशा के लिये कोई हल नहीं किया जायेगा, तब तक देश के उस भाग में कोई प्रगति नहीं हो सकती, उसका विकास नहीं हो सकता।

बाहरी मनीपुर संसदीय चुनाव क्षेत्र आदिवासी लोगों के लिये आरक्षित है। लेकिन वहां पर थोगल नाम का एक सब-डिवीजन है, जिसे इस चुनाव क्षेत्र में शामिल किया गया है। इस चुनाव क्षेत्र को शामिल करना गलत है और संविधान की भावना के प्रतिकूल है। यह चुनाव क्षेत्र केवल आदिवासी लोगों के लिये है। इसको शामिल करने से अधिक गड़बड़ी हुई है। मुझे आशा है कि मन्त्री महोदय इस मामले की जांच करेंगे और इस चीज को ठीक करने की कोशिश करेंगे।

अन्त में मैं कहना चाहूंगा कि समूचे सीमावर्ती क्षेत्र को आर्थिक और राजनैतिक दृष्टि से समृद्ध बनाने की आवश्यकता है, जिससे देश की रक्षा पंक्ति हमेशा के लिये मजबूत हो जायेगी। मनीपुर के तीन सब डिवीजन माओमेराम, तामेंगलांग और उखरुल युद्ध विराम समझौते के अधीन युद्ध विराम क्षेत्र घोषित किये गये थे। इसके कारण इन तीन सब डिवीजनों के कुछ व्यक्ति कानून को अपने हाथ में ले रहे है और समाज विरोधी तत्व इसका लाभ उठा रहे हैं। इनके शामिल करने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्थिति को सुधारने, लोगों को संतुष्ट करने तथा उन्हें वैध और लोकतांत्रिक अधिकार देने के लिये मनीपुर का दर्जा ऊंचा किया जाना चाहिये।

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : प्रशासनिक सुधार आयोग के काम के बारे में एक प्रश्न उठाया गया था और इसकी छानबीन की गई थी कि रेलवे, प्रतिरक्षा, वैदेशिक-कार्य और गुप्तचर्या सम्बन्धी अध्ययन को आयोग के कार्यक्षेत्र से बाहर क्यों रखा गया। इन बातों की जांच करने से आयोग को रोका नहीं गया था। उसे केवल यह अनुमति दी गई थी कि यदि वह चाहे तो इसे छोड़ सकता है। बाद में रेलवे की समस्याओं पर विचार करने के लिये प्रशासनिक सुधार आयोग ने एक कार्यवाही दल बनाया। उसने प्रतिरक्षा के मामलों में प्रशासनिक सुधारों सम्बन्धी समस्याओं की जांच करने के लिये एक अध्ययन दल बनाया। इस अध्ययन दल का काम अभी चल रहा है। जहां तक वैदेशिक-कार्य मत्रालय का सम्बन्ध है, प्रशासनिक सुधार आयोग की नियुक्ति से पहिले भारत सरकार ने इस प्रश्न की व्यापक रूप से जांच करने के लिये एन० आर० पिल्लई समिति की नियुक्ति की थी और शायद इस समिति के कार्य को ध्यान में रखते हुए आयोग ने इस विशेष समस्या के अध्ययन का कार्य अभी तक अपने हाथ में नहीं लिया।

आयोग द्वारा 19 अध्ययन दल बनाये गये हैं जिनमें से 10 अध्ययन दलों ने अपने प्रतिवेदन आयोग को प्रस्तुत कर दिये हैं। उसने तीन कार्यकारी दल भी बनाये हैं--एक रेलवे के लिये, एक पुलिस प्रशासन के लिये और तीसरा स्वास्थ्य तथा चिकित्सा सेवाओं के लिये। प्रशासनिक सुधार आयोग से जो प्रतिवेदन प्राप्त हुए है, उनमें से एक प्रतिवेदन नागरिकों

की शिकायतों को दूर करने और राजनीतिज्ञों तथा असैनिक कर्मचारियों के विरूद्ध समय समय पर लगाये जाने वाले आरोपों के सम्बन्ध में है। जैसा कि सभा को पता है आयोग ने अन्य बातों के साथ साथ यह सिफारिश भी की थी कि लोकपाल और लोकायुक्त के पद भी बनाये जाने चाहियें। एक गैर सरकारी संकल्प पर इस सभा में इस विषय पर चर्चा हुई थी और आयोग के इन प्रस्तावों का सभा के सभी दलों के सदस्यों ने समर्थन किया था। भारत सरकार ने सिद्धान्त रूप में ये सिफारिशें मान ली है, परन्तु कोई अन्तिम निर्णय करने से पहिले हमने उन्हें राज्य सरकारों की राय जानने के लिये भेजा है क्योंकि इन पदों के अन्तर्गत राज्य सरकारों के कार्य भी आयेंगे तथा राज्य के असैनिक कर्मचारी और मन्त्री भी इन पदों के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत आ जायेंगे। कुछ राज्य सरकारों ने अपने अन्तरिम उत्तर भेज दिये हैं और शेष राज्यों से अभी उत्तर प्राप्त होने हैं। हम इन सिफारिशों के सम्बन्ध में निर्णय लेने के इच्छुक हैं और जैसे ही अन्तिम निर्णय किया जायेगा, सभा की स्वीकृति के लिये उचित प्रस्ताव पेश किये जायेंगे।

मद्य-निषेध की नीति के बारे में कुछ बातें कही गयी हैं। यह एक महत्वपूर्ण मामला है और यह हमारे समाज के दुर्बल वर्गों के जीवन तथा कार्य की शर्तों से सम्बन्ध रखता है। जैसा कि सभा को पता है कि संविधान बनाते समय संविधान बनाने वालों ने राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्तों में यह रखा था कि सभी राज्य सरकारों तथा केन्द्रीय सरकार को मद्य निषेध लागू करने के लिये कोशिश करनी चाहिये, परन्तु मद्य-निषेध नीति को क्रार्यान्वित करने में बहुत सी कठिनाइयां हैं जिसमें मुख्य कठिनाई संसाधनों की है। अनेक राज्य सरकारों को जो अतिरिक्त संसाधन जुटाने का प्रयत्न कर रही है, अधिक से अधिक क्षेत्रों में मद्य-निषेध लागू करने में कठिनाई हो रही है, क्योंकि इससे उनको उत्पादन राजस्व की बहुत हानि होती है। राज्य सरकारों द्वारा समय समय पर यह बात हमारे ध्यान में लाई गई है।

तीसरी योजनावधि में भारत सरकार ने राज्य सरकारों से यह प्रस्ताव किया था कि यदि वे मद्य निषेध लागू करने के लिये तैयार हों, तो वह उनकी हानि का 50 प्रतिशत भाग पूरा कर सकती है।

बहुत सी राज्य सरकारें, जो मद्य निषेध को अपनी नीति के रूप में स्वीकार कर चुकी हैं, अब इस संबंध में पुनर्विचार कर रही है। संसाधन की कठिन स्थिति को ध्यान में रखते हुए वे इस बारे में पुनर्विचार करने के लिये बाध्य है। जहां तक भारत सरकार के दृष्टिकोण का संबंध है, इसमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। योजना आयोग द्वारा नियुक्त की गई टेक चंद समिति ने अपना प्रतिवेदन दे दिया है। इस प्रतिवेदन को विभिन्न राज्य सरकारों को भेज दिया गया है। जैसा कि सभा को पता है, समिति ने सिफारिश की है कि मद्य-निषेध के कार्यक्रम को क्रम-बद्ध रूप में कार्यान्वित किया जाये।

अधिकांश राज्य इस प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकार करने के लिये तैयार हैं, बशर्ते केन्द्रीय सरकार उनकी राजस्व की हानि को 100 प्रतिशत तक पूरा करने के लिये तैयार हो। मुझे विश्वास है कि जिन इलाकों में मजदूर रहते है, वहां मद्य निषेध का सब समर्थन करेंगे। मेरे विचार से मद्य निषेध एक अच्छी नीति है और पूरी सभा को इसका

समर्थन करना चाहिये। मद्य निषेध के लागू होने से जो राजस्व की हानि होती है, उसे पूरा करने के लिये हमें दूसरे उपायों की खोज करनी चाहिये। हमें यह देखना चाहिये कि मद्य-निषेध को क्रियान्वित करने में क्या कमियां है, ताकि जहां भी मद्य-निषेध लागू हो, वह पहले से अधिक सफल सिद्ध हो।

एक प्रश्न उठाया गया है कि रिटायर होने के बाद उच्च पदाधिकारी गैर-सरकारी नौकरी करते हैं, यह मामला इस सभा में कई बार उठाया गया है, हमने एक नीति तथा कसौटी निर्धारित की है जिसके अधीन रिटायर होने के बाद सरकारी कर्मचारियों द्वारा वाणिज्यिक नौकरी के लिये दिये जाने वाले प्रत्येक आवेदन पत्र की जांच की जाती है। ऐसा संथानम समिति की सिफारिश के अनुसरण में किया गया है। सरकार की नीति यह है कि सेवा निवृत्ति के प्रथम दो वर्षों में सरकारी कर्मचारियों को वाणिज्यिक नौकरी न करने दी जाय। इसके बाद उन्हें ऐसा करने की छूट है।

संघ राज्यक्षेत्रों में जो स्थिति है, उसका भी सभा में उल्लेख किया गया है, जैसा कि सभा को पता है, संघीय क्षेत्रों का निर्माण इसलिये किया गया है, क्योंकि उनकी अपनी विशेष समस्यायें हैं। इसी के कारण इनको सीधे प्रशासन में रखा गया है। जहां तक हिमाचल प्रदेश का सम्बन्ध है, वहां राजस्व की इतनी कमी है कि यदि इसे पूरे राज्य का दर्जा दे दिया जाता है, तो वह अपने व्यय को पूरा करने में समर्थ नहीं होगा।

जहां तक संघ राज्य क्षेत्रों के आर्थिक विकास का सम्बन्ध है, मैं माननीय सदस्यों का ध्यान गृह कार्य मंत्रालय के वार्षिक प्रतिवेदन की ओर दिलाना चाहूंगा; जिसमें ये आंकड़े दिये गये हैं। इससे पता चलता है कि केन्द्रीय प्रशासन के अन्तर्गत विभिन्न संघीय राज्यक्षेत्रों ने बहुत अधिक प्रगति की है। दिल्ली, त्रिपुरा और मनीपुर में प्रति व्यक्ति आय बहुत बढ़ गयी है।

अब मैं राज भाषा के प्रश्न के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। श्री कृष्ण मूर्ति ने कुछ बातें उठाई हैं उन्होंने यह सुझाव दिया है कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं का माध्यम अंग्रेजी होना चाहिये। मैं उनका ध्यान संसद में उनके अपने नेता तथा मद्रास में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम सरकार के शिक्षा मंत्री की सिफारिश की ओर दिलाना चाहूंगा। मद्रास सरकार के शिक्षा मंत्री शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में इस बात पर सहमत थे कि विश्वविद्यालयों में 15 प्रादेशिक अथवा राष्ट्रीयभाषायें शिक्षा का माध्यम होनी चाहिये। मैं नहीं जानता कि क्या उन्हें उनके अपने नेताओं द्वारा की गई इन सिफारिशों की जानकारी है या नहीं और वे यह कह रहे हैं कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं में प्रादेशिक भाषाओं का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिये।

श्री कृष्ण मूर्ति : (कडलूर) माननीय मंत्री जी ने मेरे भाषण का गलत अर्थ लगाया है। मैं तो कांग्रेस पार्टी के संकल्प को क्रियान्विति के बारे में कह रहा था। मेरे कहने का अर्थ तो यह था कि संघ लोक सेवा आयोग या तो समस्त भाषाओं में परीक्षायें करें अथवा केवल अंग्रेजी में करें। परन्तु संघ लोक सेवा आयोग ने हाल में कहा है कि यह केवल कुछ भाषाओं में ही परीक्षायें लेगा। मुझे इस पर आपत्ति है। परीक्षा चौदह की चौदह भाषाओं में हो, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

श्री विद्या चरण शुक्ल : हमने सभा में कई बार यह भी घोषणा की है कि हमने संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित सभी भाषाओं को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के माध्यम के रूप में मान्यता देने के सिद्धान्त को स्वीकार कर लिया है। संघ लोक सेवा आयोग इस सम्बन्ध में एक अनुसीमन (मॉडरेसन) सूत्र बना रहा है। आयोग भारत की विभिन्न राष्ट्रीय भाषाओं के माध्यम से प्रतियोगी तथा अन्य परीक्षाएं लेने के लिये आवश्यक तैयारी कर रहा है। थोड़े समय बाद आयोग हमें बतायेगा कि वह किस वर्ष से हमारे देश की चौदह भाषाओं में अपनी परीक्षाएं ले सकेगा।

कुछ लोगों के मन में कुछ सन्देह है कि अन्य भाषाओं की अपेक्षा एक विशेष भाषा को ऊंच दर्जा दिया जा रहा है। सरकार का ऐसा इरादा नहीं है। हम सभी भाषाओं के साथ एक सा व्यवहार करते हैं और सभी भाषाओं का पूरा सम्मान करते है। परन्तु सम्पर्क भाषा का प्रश्न हमारे सामने है। संविधान में हिन्दी को राज्य भाषा का स्थान दिया गया है और वह सम्पर्क भाषा का काम भी करेगी। यह संवैधानिक स्थिति कायम है और हमें केवल यह देखना हैं कि जब इस संवैधानिक स्थिति को अमली जामा पहनाया जाय तो उससे हमारे देश के अहिन्दी भाषी लोगों को कोई नुक्सान न पहुँचे।

श्री आ० ना० मुल्ला (लखनऊ) : जब हमने स्वतन्त्र देश के रूप में काम शुरू किया तो उज्ज्वल भविष्य में कई वचन दिये गये थे। लेकिन आज हमें चारों ओर से हार तथा निराशा प्राप्त हुई है। इस स्थिति के लिये हमारे नेता जिम्मेदार हैं। सत्ता के लिये उनके भ्रष्ट होने में कोई समय नही लगा। वास्तव में इन तमाम वर्षों में हमारे नेताओं ने हमें झूठे आश्वासन दिये जिन्हें कभी पूरा नहीं किया गया और लोगों को धोखे में रखा गया।

गत बीस वर्षों में एक ओर तो आर्थिक संकट और अराजकता बढ़ गई है और दूसरी ओर बुनियादी अधिकार कम कर दिये गये हैं और नैतिक मूल्य कम हो गये हैं। इन सभी बातों का परस्पर सम्बन्ध है क्योंकि इनका कारण वही है जिसके लिये मुख्य रूप से गृह-कार्य मन्त्रालय उत्तरदायी है। गृह-कार्य मन्त्रालय का पहला काम कानून और व्यवस्था बनाए रखना है। परन्तु "कानून तथा व्यवस्था" का अर्थ विभिन्न व्यक्तियों के लिये भिन्न भिन्न है। लोकतंत्रात्मक परिभाषा में 'कानून' शब्द पर जोर दिया गया है। इसके विपरीत गृह-कार्य मन्त्रालय में शुरू से ही "व्यवस्था" शब्द पर जोर दिया है। ऐसा करके उसने तानाशाही परिभाषा को स्वीकार किया है और अपनी सत्ता को स्थायी रूप से बनाये रखने के लिये लोकतन्त्र को आघात पहुंचाया है और ऐसा करके उसने देश में राजनीति को पनपने नहीं दिया है।

सेवाओं का पूर्णतया नैतिक पतन कर दिया गया है। नीचे के अधिकारी ऊपर के अधिकारियों की अवैध मांगों को पूरा करते है और ऊपर के अधिकारी भी मन्त्रियों अथवा संसद सदस्यों की मांगों के सम्बन्ध में यही रुख अपनाते हैं और इस प्रकार भ्रष्टाचार की एक शृंखला बन गई है। किसी को भी दण्ड नहीं दिया जा सकता क्योंकि इस शृंखला की सुरक्षा के लिये इसकी प्रत्येक कड़ी महत्वपूर्ण है। सबसे ज्यादा अपराध स्वयं पुलिस द्वारा किये जाते हैं जिसे गृह मन्त्रालय का संरक्षण प्राप्त हैं। यह सारी अराजकता कानून और व्यवस्था

बनाए रखने की आड़ में फैलाई जाती है। जब तक कानून तोड़ने वालो को गृह मन्त्रालय संरक्षण देता रहेगा तब तक कानून और व्यवस्था की बात करना बेकार है।

Dr. Sushila Nayar (Jhansi) :Much has been said on prohibition. It has been stated on behalf of the Government that the centre is in favour of prohibition but the States are finding it difficult to implement it on account of financial difficulties. If there are difficulties in its implementation, these should be overcome to save the families of labourers and down trodden people from ruination. The loss of revenue resulting from implementation of the policy o prohibition can be made good by enhancing entertainment tax and sales tax.

The law and order situation in the country is very serious. The happenings in Naxalbari are an eye-opener. Such tendencies will have to be fought with firmness. The Home Minister should see that internal security and peace is maintained at any cost.

{श्री चपलाकान्त भट्टाचार्य पीठासीन हुए
Mr. C. K. Bhattacharya *in the Chair*}

